सूर्योदय : 6:51
सूर्यास्त : 5:48
अधिकतम तापमान : 18.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-242 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 11 फरवरी 2024

30 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com





लोकसभा में पीएम मोदी ने गिनाईं पांच साल की उपलब्धियां, फूंका चुनावी बिगुल

# चुनौतियों से मिलता है आनंदः मोदी

**हौसला**

- अगले 25 साल का खाका भी खींचा
- सांसदों की बात में सबका साथ-सबका विकास का मंत्र दिया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वीं लोकसभा के अंतिम कार्य दिवस पर बीते पांच साल के कार्यकाल में हुए कामकाज और सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बुलंद हौसले का संकेत देते हुए कहा कि वे चुनौतियों का आनंद लेते हैं। पीएम मोदी ने कहा, हमें विकास कार्यो को आगे बढ़ाना है। चुनाव बहुत दूर नहीं है। यह लोकतंत्र का आवश्यक पहलू है और हम सब इसे गर्व से स्वीकार करते हैं। हमारा लोकतंत्र पूरे विश्व को अचंभित कर रहा है। मुझे विश्वास है यह ऐसे ही बना रहेगा। मुझ पर तो परमात्मा की कृपा रही है कि जब चुनौती आती है तो मैं ज्यादा निखरता हूं। हम हर चुनौतियों का सामना कर पाए हैं। उन्होंने कहा, आज राम मंदिर को लेकर सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया, वो आने वाली पीढ़ी को इस देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। ये सही है हर किसी में ऐसा समार्थ्य नहीं होता है कि इन चीजों पर गर्वान्वित महसूस करे।

### राम मंदिर पर प्रस्ताव अहमः प्रधानमंत्री

21 वीं सदी में हमारी बेसिक आवश्यकताएं बदल रही है। जिन पर हमारा ध्यान नहीं था, वो अब अमूल्य हो गया है। जैसे डेटा...जिसकी दुनिया में चर्चा है। एक बिल लाकर हमने पूरी भावी पीढ़ी को सुरक्षित किया है। कुछ लोग चुनाव के आते ही घबराने लगते हैं। राम मंदिर पर प्रस्ताव अहम है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम देश की भावी पीढ़ी के लिए हमेशा कुछ न कुछ अच्छा करते रहेंगे। ये सदन हमें प्रेरणा देता रहेगा। सामूहिक संकल्प, सामूहिक शक्ति के साथ उत्तम से उत्तम काम करेंगे। उन्होंने कहा, हम भारत की भावी पीढ़ी के उज्वल भविष्य के लिए काम करते रहेंगे।

### राम मंदिर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतीकः ओम बिरला



17वीं लोकसभा का आज अंतिम सत्र का आखिरी दिन था। आज अंतिम दिन में लोकसभा में अयोध्या राम मंदिर पर एक प्रस्ताव पेश किया गया। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को सदन में रामलला के मंदिर के निर्माण को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह भावी पीढ़ियों को आशा और एकता की मिसाल देगा। राम मंदिर के प्रस्ताव पर लगभग चार घंटे हुई चर्चा गौरतलब है कि सदन में ऐतिहासिक राम मंदिर के निर्माण और श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर लगभग चार घंटे की चर्चा हुई। सदियों के इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है।

# तेजस्वी आवास में लालू की पार्टी के विधायक नजरबंद

**मुहिम**

- कंबल और दवाइयां मंगवाई गई
- आवास के बाहर सुरक्षा की गयी कड़ी



**पटना।** एनडीए सरकार के विश्वासमत से पहले विधायकों को एकजुट रखने की मुहिम में सभी दल लग गए हैं। भाजपा और कांग्रेस के बाद अब राजद ने अपने विधायकों को एक जगह जुटा लिया है। ये तेजस्वी यादव के नाम से आवंटित सरकारी आवास में रखे गए हैं।

शनिवार की शाम पांच देशरत्न मार्ग स्थित तेजस्वी आवास पर बुलाई गई बैठक में आने वाले विधायकों को कहा गया कि जरूरी सामान मंगवा लें। आज से सोमवार की सुबह तक सबको यहीं रहना है। बाहरी संपर्क से परहेज करने की भी सलाह दी गई है। अगले 40 घंटे तक सभी विधायक अब तेजस्वी आवास में ही रहेंगे। विश्वासमत से पहले एकजुटता सुनिश्चित करने को लेकर राजद के शीर्ष नेतृत्व ने शनिवार की सुबह सभी विधायकों को अचानक से पटना तलब कर लिया। जो विधायक जहां थे, वहीं से तेजस्वी आवास पहुंचने लगे। दोपहर बाद तीन बजते-बजते तेजस्वी आवास पर विधायकों की गहमागहमी बढ़ गई। शाम करीब साढ़े चार बजे तेजस्वी यादव समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं ने विधायकों से संवाद किया। इस दौरान सभी को एकजुट रहने और बाहरी लोगों से संपर्क न रखने का निर्देश दिया गया। बैठक खत्म होने के बाद विधायकों को बताया गया कि सोमवार तक अब सभी को तेजस्वी आवास में ही रुकना है।

# सीएए लोकसभा चुनाव से पहले होगा लागू

**शाह का एलान**

- जनता से मिलेगा 370 सीटों का आशीर्वाद
- भाजपा को 300 से ज्यादा सीट मिलेंगी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को 300 से ज्यादा सीट मिलेंगी। जबकि, राजग (एनडीए) 400 से ज्यादा सीट हासिल करेगा। आम चुनाव के नतीजों पर कोई संशय की स्थिति नहीं है। यहां तक कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को भी अहसास हो गया है कि उन्हें फिर से विपक्ष में बैठना होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ये बातें शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहीं। शाह ने कहा, हमने संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को खत्म कर दिया, पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देता था। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) पर अमित शाह ने कहा कि चुनाव से पहले इसे लेकर अधिसूचना आ जाएगी। इस संबंध में नियम जारी करने के बाद इसे लोकसभा चुनाव से पहले ही लागू किया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि सीएए किसी के लिए भी नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। हमारे मुस्लिम भाइयों को गुमराह किया जा रहा है। भड़काया जा रहा है। सीएए केवल उन लोगों को नागरिकता देने के लिए है जो पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में उत्पीड़न का सामना करने के बाद यहां आए हैं। यह किसी की भारतीय की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। इसलिए, हमें भरोसा है कि देश के लोग भाजपा को 370 सीटों और एनडीए को 400 से अधिक सीटों का आशीर्वाद देंगे।

# अयोध्या में मंत्रियों-विधायकों के साथ आज सीएम योगी भी करेंगे रामलला के दर्शन

**आस्था**

- अखिलेश यादव ने किया जाने से इनकार



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्रियों व विधायकों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रविवार को रामलला के दर्शन करेंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना मौजूद रहेंगे।

सीएम योगी राजकीय विमान से आएंगे। मंत्री व विधायक लखनऊ से 10 लग्जरी बसों से यहां पहुंचेंगे। सभी अतिथि हनुमानगढ़ी भी जाएंगे। हालांकि नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को सदन में विधानसभा अध्यक्ष के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं की भीड़ की मौजूदगी में वीवीआईपी मूवमेंट प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सीएम योगी का कार्यक्रम आ गया है। वह दोपहर 12 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राजकीय विमान से पहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे। सीएम के आने से पहले सुबह 11:30 बजे विधानसभा अध्यक्ष समेत सभी मंत्री व विधायक हनुमानगढ़ी पहुंच जाएंगे। यहां एक घंटे की अवधि में सभी को दर्शन कराया जाएगा।

### अनिश्चितकाल के लिए यूपी विधानसभा स्थगित

**लखनऊ।** 18वीं विधान सभा में एक बार फिर बिना स्थगन के वर्ष 2024 का पहला सत्र संचालित हुआ। बजट सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही कुल 55 घंटे 9 मिनट चली। पांच विधेयक पारित हुए। बजट सत्र के दौरान कुल 2404 प्राप्त प्रश्नों में अल्पसूचित तारांकित प्रश्न 02, स्वीकृत तारांकित प्रश्न 443 और अतारांकित प्रश्न 1753 रहे। इनकी कुल संख्या 2198 रही। वहीं उत्तरित प्रश्नों में तारांकित प्रश्न 75 और अतारांकित प्रश्नों की संख्या 525 रही। 2404 प्रश्न (88.14 प्रतिशत) आनलाइन प्राप्त हुए।

(संबंधित खबर पेज-3 पर)




# डीएम-एसपी ने गोद लिए विद्यालयो का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी



गणेश प्रसाद साहा ने अपने गोद लिए संविलियन विद्यालय नगर क्षेत्र और प्राथमिक विद्यालय रत्तासराय पहुंचे, जहां उन्होंने विद्यालय की शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन का जायज़ा लिया।डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय रत्तासराय का स्थलीय भ्रमण किया। एसपी द्वारा गोद लेने के उपरांत विद्यालय परिसर में कराएं कार्यो को देखा और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम-एसपी ने मिड डे मील को चखकर उसकी गुणवत्ता परखी। इस दौरान विद्यालय परिसर में झूला सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई।निरीक्षण के दौरान डीएम ने एसपी संग शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। हेड मास्टर ने डीएम को विद्यालय में नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित बताई। डीएम ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। इसके बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा संग अपने गोद लिए संविलियन विद्यालय नगर क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की। साथ ही पठन पाठन,साफ सफाई,मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। निरीक्षण के दौरान डीएम-एसपी ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए उन्हें मन लगा कर पढ़ने, गुरूजनों व माता-पिता का आदर करने, स्वच्छता अपनाने की नसीहत दी।

## लखपति दीदी बनाने के लिय सीडीओ और डीसी एनआरएलएम की दिखी रुचि



**लखीमपुर खीरी।** मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ की महत्वपूर्ण योजना के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिय फूलबेहड़ ब्लाक की लक्ष्मी प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा टॉयलेट क्लीनर से सम्बन्धित उत्पाद बनाए जा रहे हैं।आज अंदेशनगर स्थित समूह की अध्यक्ष श्रीमती सर्वजीत कौर के आवास पर सचिव आरती, कोषाध्यक्ष श्रीमती मीना देवी सदस्य लालमती, जास्री देवी, नेहा, धर्मादेवी, मंजू देवी, बना रहीं हैं।इस समूह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अनेक सभाओं में कड़ाके की ठंड में स्टॉल को क्षेत्रीय विधायक माननीय मंजू त्यागी और अनिल कुमार सिंह मुख्य विकास अधिकारी, आर के श्रीनिवास उपयुक्त एन. आर. एल. एम. खण्ड विकास अधिकारी पीयूष कुमार सिंह एडीओ अनुराग पाण्डे, प्रवीत उमराव ब्लाक मिशन मैनेजर, धर्मेंद्र कुमार वर्मा,की मेहनत को देखा।लखपति दीदी बनाने के लिए लक्ष्मी प्रेरणा स्वयं सहायता समूह के बने उत्पाद की बिक्री को बड़ाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा अपर जिला अधिकारी ने समस्त नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को पत्र लिखा है।समूह की सचिव आरती ने बताया कि खण्ड विकास अधिकारी श्री पीयूष कुमार सिंह ने फूलबेहड़ के 73 ग्राम पंचायत के सचिव और प्रधानों को सार्वजनिक शौचालय की सफाई के लिय सफाई उत्पाद खरीदें के लिए भी पत्र लिखा है। अध्यक्ष सर्वजीत कौर ने कहा जिले के अधिकारियों ने तो रुचि ली है जब तक ग्राम प्रधान/ सचिव अन्य अधिकारी समूह से बने सफाई उत्पाद नहीं खरीदेंगे तब तक लखपति दीदी बनने का सपना ही रहेगा।

## समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी खीरी।** समाजवादी पार्टी के धौरहरा लोकसभा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने मोहम्मदी में सिटी मैरिज पैलेस बरवर रोड स्थित में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बूथ कार्यकर्ता शामिल हुए, वही सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को लोकसभा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने शपथ दिलाकर सत्ता को बदलने का आवाहन किया कि वे सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन के लिये पूरी ताकत से लग जाये, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व मंत्री जयशंकर पाण्डेय ने कहा कि समाजवादी विचारधारा एक ऐसी विचारधारा हैजो लोगो को जोड़ने का काम करती हैं वही भाजपा सरकार पर जमकर बरसे पूर्व मंत्री और उन्होंने ने कहा एकजुट होकर सभा प्रत्याशी को जितना है इसी क्रम में लोकसभा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने बड़ी संख्या में आए बूथ पदाधिकारियों से कहा भाजपा जो केवल बेमानी करके चुनाव जीतने का काम करती है किसका जीता जागता उदाहरण बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी है, ऐसी पार्टी से बच के रहना, लोकतंत्र को खत्म करने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, आप मेरे बारे में बखूबी जानते और पहचनते भी है,आपका पडोसी हू, सदन में भी रहा हूं आपके बीच में भी रहा हूं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आपके बीच में प्रत्याशी बनाकर भेजा है विपक्ष में रहकर भी आप सभी के लिए जोरदार ढग से काम करने का काम लगातार करता रहा हूं 2024 महत्वपूर्ण चुनाव है सभी गिले शिकवे भूल कर एक जुटता के साथ चुनाव में जुट जाए देश संविधान से चलता है उसको बचाने की जरूरत है इस मौके पर विशिष्ट अथिति कृष्णा राज ,पूर्व एमएलसी शशांक यादव , जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सुरेश पाल यादव , अंसार महलूद, अनुराग पटेल, प्रवीण पटेल, प्रेम कनौजिया,दिलीप यादव,पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी कार्तिक तिवारी , क्रांति कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष इकरार खान, सगीर आलम सिद्दीकी,मुईज खा, अली शहवाज,पूर्व प्रमुख जय करन वाजपेई, राम कैलाश यादव , उमेश भार्गव, प्रदीप बाजपेई, प्रभाकर वर्मा , उमेश भार्गव, संदीप वर्मा, नीरज विश्वकर्मा, रमेश गौतम, दाताराम गौतम, प्रवीन कुशवाहा, रोहित भारती, अर्जुन अर्कवंशी, सतीश राठौर,मधुरसिंह सहित काफी संख्या में नेता और सैकडो की संख्या में लोगो ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लिया।

## थाना खीरी, कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना खीरी और थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने थाना कोतवाली पहुंचे, जहां पर मौजूद फरियादियों की समस्याओं को मौके पर सुना तथा सम्बन्धित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो जाए। इसलिए माह के पहले व चौथे शनिवार को हर थाने पर समाधान दिवस का आयोजन होता है। थाना कोतवाली में नायब तहसीलदार दिनेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवराज दत्त महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग, लखनऊ द्वारा खादी इण्डिया के लोक शिक्षण कार्यकम के अन्तर्गत युवराज दत्त महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यकम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से किया गया। गाधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो का गायन छात्रा साक्षी अवस्थी तथा रघुपति राघव राजाराम का गायन छात्रा दिशा यादव द्वारा किया गया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति पत ने गोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए खादी और ग्रामोद्योग से जुडे विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किये। दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष एव चीफ प्राक्टर प्रो सुभाष चन्द्रा ने गाधी जी के दार्शनिक विचार एवं खादी व कुटीर उद्योग के अन्तर सम्बन्धों के बारे में विस्तार से बताया। प्रो. सजय कुमार विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग ने महात्मा गांधी के राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक विचार रखते हुए वर्तमान



समय में उसे प्रासंगिक बताया। डॉ डी एन मालपानी, विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने बताया कि प्रत्येक देश अपनी विशिष्टता के आधार पर उत्पादन करता है। भारत में प्रचुर मानव संसाधन को दृष्टिगत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग भविष्य में रोजगार सृजन एवं स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देंगे। मुख्य वक्ता डॉ नितेश धवन, राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, लखनऊ ने छात्रों को खादी और ग्रामोद्योग द्वारा उपकम आरम्भ करने के लिये प्रेरित करते हुए खादी और ग्रामोद्योग की विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में आयोग द्वारा प्रदत्त इंसेटिव व सब्सिडी के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि यदि कोई उद्यम या उपलब्ध आरम्भ करना चाहता है तो उनका विभाग सम्पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। भारत के जनांकीय लाभास को देखते हुए आत्म निर्भर भारत के लिये गाधी जी व ग्रामोद्योग प्रासागिक हैं। कार्यकम के मुख्य अतिथि डॉ. एस.सी. मिश्र, पूर्व विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग ने अपने उद्बोधन में कहा कि गांधी जी केवल बौद्धिक संगोष्ठी का विषय नहीं है, गांधी जी तो गांव में बसते हैं। इसलिए हमे गांधीवादी विचारों को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। विद्यार्थियों को वाह्यअन्तर शुद्धि, संतोष, संयम, स्वाध्याय के लिये प्रेरित किया अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो हेमन्त पाल ने कहा कि गांधी जी के चरखा व स्वदेशी के विचार ने स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई गति प्रदान की, जिसमें गांव-गांव तक इस आंदोलन का प्रचार-प्रसार किया। वर्तमान समय में स्वावलंबन के लिये खादी और ग्रामोद्योग विभाग महत्वपूर्ण भूमिका रहा है। इस अवसर पर आयोजित कुटीर उद्योग बनाम पूँजीप्रधान उद्योग वर्तमान परिदृष्यि में आधुनिक भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में अंशिका बातपेई प्रथम, लायबा अंसारी द्वितीय, कार्तिक तृतीय व यश वर्धन सांत्वना पुरुस्कार प्राप्त किया। इसी कम में निबन्ध प्रतियोगिता में शाजिया खान प्रथम, काव्या शुक्ला द्वितीय, दिव्या तृतीय व दिशा यादव को सांत्वना पुरूस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग विभाग द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी गई। कार्यकम में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सह निदेशक दिव्या श्रीवास्तव व प्रशाक कुमार, आलोक तथा महाविद्यालय के शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा मु0अ0स0 21/2024 धारा 304/504/506 भादवि0 में वाँछित अभियुक्त उमेश पुत्र हरिनन्दन निवासी ग्राम छंगागौढी थाना शारदानगर को गिरफ्तार किया गया।

## बाघ ने हमला कर गम्भीर रूप से किया घायल

**लखीमपुर खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत घमहा घाट के किनारे पूर्व प्रधान हंसराम रामपुर डाट पुर के गन्ने के खेत मे लगभग 2~30 बजे छैल बिहारी पुत्र दाताराम को बाघ ने हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया ग्रामीणों के जोर जोर से शोर मचाने और हल्ला करने पर बाघ मौके पर से भाग गया।

## किला बाजार में नालियों की सफाई न किए जाने पर भड़के लोगों ने सफाई कर्मचारी से की गाली गलौज व मारपीट



**रायबरेली।** रायबरेली में नालियों की सफाई न होने से भड़के स्थानीय लोगों ने सफाई कर्मी से गाली गलौज की और मारपीट कर दी जिससे नाराज सफाई कर्मियों ने चौकी पर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए मारपीट करने वालों पर कार्यवाही की मांग की आपको बता दे कि आज दिनांक 10 फरवरी 2024 दिन शनिवार को समय करीब 11:00 बजे रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के किला बाजार में बजा बजा रही बदबूदार नालियों की सफाई न किए जाने से स्थानीय लोगों ने सफाई कर्मी से गाली गलौज करते हुए मारपीट की जिसको लेकर नाराज सफाई कर्मियों ने किला बाजार पुलिस चौकी पर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए मारपीट करने वाले लोगों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की।

## सदर बाजार कोतवाली के जीर्णोद्वार व सौन्दर्यकरण कार्य का उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली के जीर्णोद्धार व सौन्दर्यकरण कार्यो का आज डीआईजी अजय कुमार साहनी व



एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने संयुक्त रूप से उद्घाटन कर कहा कि सदर बाजार को न्यूयार्क थाने की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। आज सदर बाजार कोतवाली पहुंचे मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने थाना सदर बाजार परिसर में स्थित प्रभारी निरीक्षक कार्यालय व थाना कार्यालय का जीर्णोद्धार व सौन्दर्यकरण व नवनिर्मित आगंतुक शैड के शिलालेख का अनावरण कर फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी, एसएसपी डा.विपिन ताडा ने लोगों से संवाद भी स्थापित किया और कहा कि वर्तमान सरकार में पुलिस विभाग भी आधुनिकीकरण हो गया है। अब अपराधियों पर पूरी तरह शिकंजा कसा गया है। साथ ही साथ कानून व्यवस्था भी चुस्त-दुरूस्त हुयी है। साईबर क्राइम के मामलों को शासन स्तर पर अत्याधिक गंभीरता से लिया गया है और साईबर ठगी से पीड़ित लोगों को उनकी धनराशि भी वापिस करायी गयी है। इसके अलावा कानून व्यवस्था दुरूस्त होने से अब जनता में भय का माहौल नहीं है। इससे पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सदर बाजार के निरीक्षण व भ्रमण के दौरान थाना सदर बाजार के प्रभारी निरीक्षक कार्यालय एवं थाना कार्यालय का जीर्णोद्वार एवं सौन्दर्यकरण तथा आगंतुक शैड बनाये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, थाना कार्यालय व आगंतुक शैड का जीर्णोद्वार एवं सौन्दर्यकरण के कार्य को पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय व प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार संतोष कुमार त्यागी के निकट पर्यवेक्षण में निर्माण, जीर्णोद्धार व सौन्दर्यकरण का कार्य सकुशल पूर्ण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन, सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष कृष्ण लाल अरोड़ा, पार्षद अमित त्यागी, सुधीर पंवार, मोहर सिंह, गौरव कपिल, मनोज उपाध्याय सहित आदि गणमान्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवमणि त्यागी ने किया।

## छापो पर रोक लगाये जाने का फैसला स्वागत योग्य: जयवीर

**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष जयवीर राणा ने कहा कि व्यापारियों के यहां बिना बताए जीएसटी, सचल दल तथा एसआईबी के छापे मारने पर प्रदेश सरकार द्वारा रोक लगाये जाने के आदेश स्वागत योग्य है, जिसका प्रत्येक व्यापारी सरकार का आभार व्यक्त करता है। जिलाध्यक्ष जयवीर राणा पुरानी चुंगी स्थित एक व्यापारिक प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। जिलाध्यक्ष जयवीर राणा ने कहा कि प्रदेश के व्यापारियों एवं व्यापार मंडलो ने शासन को अनावश्यक छापे के विरूद्ध शिकायत की थी। जीएसटी सचल दल तथा एसआईबी की टीमें व्यापारियों के यहां टैक्स चोरी का कारण बताएं बिना छापे मार कर उनका निरंतर उत्पीड़न कर रही है। जिस पर प्रदेश शासन ने इसे बेहद गंभीर मानते हुए जीएसटी सचल दल व एसआईबी टीम को निर्देश दिए हैं कि छापों से पहले डाटा एनालिसिस की जाएगी, इसमें टैक्स चोरी के पुख्ता प्रमाण के साथ ही टैक्स चोरी के मजबूत आधार को तथ्यात्मक रूप से बताना होगा।

# जिलाधिकारी ने किया निर्माणाधीन सरसावा सिविल टर्मिनल का निरीक्षण

### समय से कार्य पूरा करने एवं गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने शासन के उच्च निर्देशों के क्रम में सरसावा में सिविल टर्मिनल के चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसुविधाओं को विकसित करने में गुणवत्ता के साथ समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि इससे सीमावर्ती जनपदों एवं राज्यों को हवाई यात्रा करने में सुविधा मिलेगी। डॉक्टर दिनेश चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता कार्यो में ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए की शेष कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए एवं बजट तथा



अन्य आवश्यकताओं के लिए समय से अनुस्मारक पत्र भिजवाए जाएं।

नर्सरी पौधशाला की देखी सुंदरता, की सराहना

इसके पश्चात उन्होंने डॉक्टर तेज सिंह सैनी की नर्सरी का भ्रमण कर उसकी सराहना की। उन्होंने कहा की जनपद के अन्य लोगो को इनसे प्रेरणा लेकर ऐसी नर्सरी विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी नर्सरी न केवल प्रकृति की सुंदरता को बढ़ाती है बल्कि वातावरण को शुद्ध करने में भी सहयोगी होती है। नर्सरी से जड़ी बूटियां प्राप्त होने के साथ ही आय अर्जन का अच्छा स्रोत है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर अर्चना द्विवेदी, उपजिलाधिकारी नकुड़ संगीता राघव सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सिंचाई विभाग परिसर में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी अंतर्गत देहरादून रोड पर स्थित सिंचाई विभाग परिसर में एक युवक का शव पंखे पर लटका मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय अर्जुन पहले से ही सिंचाई विभाग परिसर में चाय की दुकान चलाता था। युवक अर्जुन ने सुसाइड करने से पहले बराबर में सो रहे भाई रोहित के कमरे में बाहर से कुंडा लगा दिया था। उसके बाद खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह होने पर जब बराबर में सो रहे भाई रोहित ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया, तो दरवाजे का बाहर से कुंडा लगा हुआ था। उसने शोर मचाया उसके बाद पड़ोसियों ने दरवाजा खोला। वही मृतक के भाई रोहित ने बताया कि उसका भाई सिंचाई विभाग परिसर में चाय की दुकान चलाता था। अधिकारियों ने मिलकर एक सरकारी कैंटीन खुला दी।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख वरिष्ठ समाजसेवी उमेश प्रताप सिंह के द्वारा अर्न्तप्रान्तीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 11 फरवरी से




*अवधनामा संवाददाता*

**सतांव।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह द्वारा विगत 2 वर्षो की भाँति ही सतांव के गन्ना काँटा मैदान में रविवार के दिन से पं0 दीन दयाल उपाध्याय स्मारक अर्न्तप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हो रहा है। आयोजन कमेटी प्रमुख क्षेत्र के वरिष्ट क्रिकेटर रामू सिंह ने बताया कि विगत् दो वर्षो की भाँति ही इस वर्ष भी प्रतियोगिता का भव्य तरीके से आयोजन कराया जायेगा। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ ही अन्य राज्यों के खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा से संताव क्षेत्र के युवा खिलाडियों को प्रेरणा मिलेगी। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 201000 रुपये व उपविजेता टीम को 1,21,000 रुपये नकद के साथ ही प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द सीरीज के रूप में हीरो मोटरसाइकिल आयोजक उमेश प्रताप सिंह द्वारा प्रदान की जायेगी।

## भारतीय सूचना मानवाधिकार की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई

**रायबरेली।** महिला जिला अध्यक्ष संगीता चौरसिया एवं जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र बाजपेई प्रदीप सोनी नगर सचिव कमान पद ग्रहण किया गया इस अवसर पर विमला मौर्य वंन्दना मिश्रा राधे कृष्णा कमलेश चौधरी प्रेम शंकर कंचन रूबी परवीन कमर जहां मनीष शुक्ला राजकुमार मिश्रा संजय अग्रवाल दुर्गा कान्त आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।




## बजाज को मिला भारत की सबसे बड़ी एकीकृत चीनी मिल का पुरस्कार



*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** बजाज समूह की कम्पनी बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड (बजाज शुगर) ने चीनी और इथेनॉल के लिए अग्रणी समाचार एवं सूचना बाजार, चीनी मंडी से भारत में सबसे बड़ी एकीकृत चीनी मिल' श्रेणी में पुरस्कार जीता है। बजाज शुगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल को नई दिल्ली में हाल में ही सम्पन्न हुए शुगर एण्ड इथेनॉल इंडिया 2024 संस्करण में कम्पनी की ओर से प्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री पटवर्धन ने पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर बजाज शुगर के प्रबन्ध निदेशक अजय कुमार शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मान के लिए उत्तर प्रदेश की 14 चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करने वाले 5 लाख से अधिक किसानों सहित सभी कर्मचारियों और हितधारकों को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि मैं हमारे सम्मानित समूह के अध्यक्ष कुशाग्र बजाज के सक्षम मार्गदर्शन का भी उल्लेख करना चाहूंगा। हम हमेशा महाद्वीप की सबसे बड़ी चीनी कम्पनियों में से एक थे और यह पुरस्कार दर्शाता है कि हम हैं और बने रहेंगे। भारत 2025 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण लक्ष्य हासिल कर सकता है~ चुनौतियां और अवसर सम्मेलन में अमित अग्रवाल ने इस विषय पर पैनल वक्ता के रूप में भाग लिया।

# पांच साल की बच्ची संग सामूहिक दुष्कर्म

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्ष की मासूम बच्ची संग सामूहिक दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कूल के दो छात्रों ने इस घटना को अंजाम दिया है। दोनों की उम्र 8 वर्ष और 10 वर्ष बतायी जा रही है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन में जुटी हुई है। मिली जानकारी अनुसार धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति के अनुसार उसकी पांच साल की बेटी गांव के बगल स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा है। शुक्रवार को वह पढ़ने के लिए स्कूल गयी थी। आरोप है कि स्कूल में उसके साथ दो छात्रों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। स्कूल से वापस लौटने के बाद मासूम बच्ची ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। मासूम संग दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात की जानकारी पर परिवार के लोग सन्न रह गए। तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी। दुष्कर्म की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने घायल मासूम को जिला महिला पहुंचाया। इलाज के बाद शनिवार को पीड़िता को छुट्टी दे दी गयी। शनिवार की सुबह सीओ सदर शिल्पा वर्मा पीड़िता के गांव पहुंचीं और परिवार के लोगों से घटना की जानकारी ली। परिजनों की शिकायत पर दोनों आरोपी छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी ओर, फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्कूल तथा पीड़िता के गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इस संबंध में घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। स्कूल के ही 10 व 8 वर्ष के छात्रों पर दुष्कर्म का आरोप है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है और उसे घर भेज दिया गया है। फॉरेंसिक टीम साक्ष्य संकलन करने में जुटी है। जांच रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।इस घटना को लेकर लोग सोशल मीडिया पर भी इसका जिम्मेदार मान रहे हैं।

## किसान सभा की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**गोन्डा।** जनपद के प्रकाश होटल बड़गांव में उत्तर प्रदेश किसान सभा की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई जिसमें आगामी 16 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ग्रामीण भारत को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में तय किया गया की आगामी 16 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले जिला कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना देकर किसान समस्याओं को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से सौंपा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष दीनानाथ त्रिपाठी एवं संचालन अरूण त्रिपाठी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश किसान सभा राज्य कमेटी के सदस्य रामकिशोर, जिला उपाध्यक्ष हनुमान तिवारी, कल्लू शाह, मोहम्मद हुसैन, रामसागर चौबे, गुरू प्रसाद, रामबक्श, लल्लू, महेश पाल, मोहित तिवारी, राम कुमार, रामकिशोर भारती के अलावा मजदूरों एवं किसानों के वरिष्ठ नेता कामरेड ओमप्रकाश, सुभाष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

**सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर साधा निशाना, अयोध्या नहीं जाना चाहते मगर ब्रिटेन अक्सर जाते हैं**

# हम जाति व धर्म देखकर नहीं करते हैं काम : योगी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने नेता प्रतिपक्ष द्वारा राम के नाम पर राजनीति करने के आरोप पर कहा कि हम राम के नाम पर राजनीति नहीं करते हैं। राम पर हमारी आस्था है। राम के नाम के बिना तो कोई भी कार्य सम्पन्न नहीं होता है। जब अयोध्या में मंदिर नहीं बना था तब भी हम वहां जाते थे और अब भी जाते हैं लेकिन नेता प्रतिपक्ष (अखिलेश यादव) वोट बैंक की राजनीति के चलते अयोध्या नहीं जाते थे। वो डरते हैं कि अयोध्या जाएंगे तो वोट बैंक खिसक जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चित्रकूट, नैमिषारण्य सहित प्रदेश के धार्मिक महत्व वाले स्थानों के विकास के लिए बजट का एलान किया है। 2025 में होने वाला महाकुंभ, कुंभ मेला 2020 से भी अच्छा हो इसके लिए भी प्रदेश सरकार ने बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हम जाति और धर्म देखकर काम नहीं करते हैं। यही रामराज्य हैं। मुख्यमंत्री योगी विधानसभा में प्रदेश सरकार द्वारा पांच फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार का इस बार का बजट अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार सात लाख 36 हजार करोड़ रुपये है। ये बजट प्रदेश की 25 करोड़ जनता के आकार को देखते हुए उनके जीवनस्तर को उठाने के संकल्प के साथ प्रस्तुत किया गया है। सभी जानते हैं कि आजादी के बाद से 2017 तक यूपी की जीडीपी 12 से 13 लाख करोड़ थी पर मात्र सात वर्षों में आज प्रदेश की अर्थव्यवस्था दोगुनी हो गई है। कोरोना जैसी महामारी का सामना करने के बाद भी यूपी की अर्थव्यवस्था देश में दूसरे स्थान पर आ गई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। ऑनलाइन लेन-देन बढ़ा है। प्रदेश में निवेश का माहौल बढ़ा है। यही कारण है कि 19 फरवरी को हम 10 लाख रुपये की निवेश परियोजनाओं का भूमि पूजन करने जा रहे हैं। यही कारण है कि प्रदेश में बेरोजगारी की दर अब दो प्रतिशत आ गई है। उन्होंने पूर्ववर्ती सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारों मे कोई विजन नहीं था इसलिए प्रदेश बीमारू राज्यों की सूची में आता था पर हमने यूपी को अब देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है।

### 80 करोड़ की जनता सरकारी राशन पर निर्भर है : अखिलेश



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को यूपी विधानसभा में पांच फरवरी को पेश किए गए यूपी बजट 2024-25 पर अपना पक्ष रखा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार हर बार सबसे बड़ा बजट पेश करती है पर उसे खर्च नहीं कर पाती है। सरकार ने जितना आवंटन किया उस पर खर्च कितना हुआ है इसकी जानकारी नहीं देता है। अखिलेश ने अलग-अलग विभागों को पिछले वर्ष आवंटित किए गए बजट और उस पर हुए खर्च का जिक्र किया। अखिलेश यादव ने एक शेर के साथ अपनी बात कही। उन्होंने कहा, शेर उनके मुंह से अब अच्छे नहीं लगते... 46 में 56 की जो बात करते हैं। उन्होंने कहा कि यूपी का बजट सात लाख करोड़ का हो या आठ लाख करोड़ का पर सबसे बड़ा सवाल यही है कि प्रदेश की 90 फीसदी जनता के लिए क्या है? उन्होंने बजट के बड़े आकार पर कहा, बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर, पंछी को छाया नहीं फल लागे अति दूर। अखिलेश यादव ने कहा कि भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था है पर देश के 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर निर्भर हैं। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में छूट नहीं। युवाओं के लिए सेना में सिर्फ चार साल की अग्निवीर की भर्ती है। अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि वो राम को लेकर आए हैं वो भगवान श्रीराम का अपमान करते हैं।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर श्रीलंका के सांसद व पूर्व मंत्री नमल राजपक्षे ने शिष्टाचार भेंट की।

## द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से गैब्रियल कान्वेंट स्कूल में हेल्थ कैंप का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** द मदद सहयोग गाइडेंस (एमएसजी) फाउंडेशन ने गैब्रियल कान्वेंट स्कूल में स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मुफ्त हेल्थ कैम्प का आयोजन किया। फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य है कोई भी जरूरतमंद बीमार ना रहे। आज का यह कार्यक्रम इसी उद्देश्य के साथ किया गया।

आज के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि तरन्नुम हसन रिजवी, विशेष अतिथि श्री अब्दुल वहीद, श्री परवेज आलम तथा अतिथि के रूप में आरिफ़ मुक़ीम मौजूद रहे। साथ ही इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक श्री मोहम्मद अब्बास आलम जी प्रधानाचार्या सुश्री शाहीन फात्मा जी और जावेद ख़ान मौजूद रहे। इस कार्यक्रम मैं आए सभी लोगों ने कार्यक्रम को सराहा और कहा कि जिस तरह से यह कार्यक्रम जरूरतमंदों के लिए किया जा रहे हैं इस तरह के कार्यक्रम हर क्षेत्र में होने की जरूरत है क्योंकि सबसे बड़ी जरूरत सेहत है सेहत के लिए इस तरह के मेडिकल कैंपों का आयोजन किया जाना बहुत ही जरूरी है और यह द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा कार्य काबिले तारीफ है। इस मौके पर मेडिकल टीम में डॉक्टर मुहम्मद अशरफ, डॉक्टर रूखसार, डॉक्टर मारिया परवीन, डॉक्टर ऐमन, डॉक्टर अनामिका मौजूद रहीं। वही द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से संस्थापक मोहम्मद सादिक़, शुजा अब्बास (उपाध्यक्ष), सैयद अली हुसैन, आफताब मिर्ज़ा, मिस्बाह, मरियम तथा समद अली मौजूद रहे।

## जुलूसे इमामे हुसैन पूरी अकीदत के साथ निकाला



**महमूदाबाद सीतापुर अवधनामा संवाददाता।** रसूल अल्लाह के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने आज की वह तारीख थी 28 रजब जिस दिन अपना वतन छोड़कर मदीने से मक्का गए और उमरह के फराज अदा करने के बाद इराक की ओर रवाना हुए थे और दो मोहर्रम को कर्बला पहुंचे थे इसी याद को ताजा करने के लिए आज महमूदाबाद में एक जुलूस इमाम हुसैन की याद में इमामिया मस्जिद से शुरू हुआ जिसमें ऊट पर अमारी दुल्दुल् अलम पानी की सबील और अंजुमन नोहा खानी करते हुए अपने कदीमी रास्तों से गुज़रता हुआ। दरगाह हज़रत अब्बास पहुंचा दरगाह में मौलाना सज्जाद हुसैन ने मजलिस को खिताब किया मजलिस के बाद अंजुमन अब्बासिया अंजुमन सजजदिया अंजुमन हैदरी मातम व नोहा खानी करते हुए कर्बला की ओर जुलूस रवाना हुआ जिसमें छोटे-छोटे बच्चे इमाम हुसैन की याद में अलम उठाए हुए थे बड़ी संख्या में महिलाएं बुजुर्ग बच्चे नौजवान मातम करते हुए चल रहे थे कर्बला पहुंचकर एक मजलिस हुई जिसको मौलाना सयद उरुजुल हसन रिजवी ने खीताब करते हुए 28 रज्जब को इमाम हुसैन अपने वतन को छोड़कर अपने परिवार को लेकर दीन बचाने के लिए कर्बला गए थे उन्होंने पूरे वकिये पर रोशनी डाली मजलिस के बाद सभी सोमवारों को लंगर वितरित किया गया इस मौके पर उरूज आबदी कुमेल आबादी जहीर अब्बास अमीर अब्बास अरशद हुसैन अनवर हुसैन मुजाबिर हुसेन मसररत अली ज़वार हुसैन मौलाना जुहेर आबदी सैयद मुजफ्फर हुसैन पप्पू रिजवी सरकार हुसैन मौलाना मुजाहिद हुसैन शब्बीर हसन और बड़ी संख्या में सोमवार हुसैनी जुलूस में शामिल हुए।

## गोरखपुर-कुशीनगर और पनियहवा-छितौनी-तमकुही रेल मार्ग ठंडे बस्ते में

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** गोरक्षनगरी को भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर से सीधे जोड़कर पर्यटकों को सुविधा देने के लिए प्रस्तावित गोरखपुर-कुशीनगर-पडरौना रेल मार्ग का निर्माण ठंडे बस्ते में चला गया है। अंतरिम बजट में इस परियोजना के लिए धन नहीं मिला है। वहीं, गंडक की बाढ़ से यूपी बिहार के गांवों को बचाने व सुगम यातायात साधन उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित पनियहवा-छितौनी-तमकुहीरोड रेल लाइन भी अब ठंडे बस्ते में है।

सरदारनगर चीनी मिल तक गन्ना ढुलाई के लिए एक रेल लाइन ब्रिटिश काल में ही सरदारनगर से हेतिमपुर (कुशीनगर) तक बिछाई गई थी। वर्ष 1990 तक यह रेल लाइन वजूद में रही, लेकिन मिल के बंद होने व इस रेल मार्ग पर सवारी गाड़ियों का संचालन नहीं होने के चलते रेल लाइन अनुपयोगी हो गई।वर्ष 2012 में इस रेल मार्ग को हेतिमपुर से बढ़ाकर कुशीनगर होते हुए पडरौना में कप्तानगंज-थावे रेल लाइन से जोड़ने की योजना बनी। उद्देश्य यह था कि इससे भगवान बुद्ध की महानिर्वाण स्थली कुशीनगर तक गोरखपुर से सीधे आवागमन से पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। इससे गोरक्षनगरी से लेकर बुद्ध नगरी तक स्थानीय पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी। करीब 65 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन में से लगभग 40 किलोमीटर हिस्सा पुरानी लाइन का ही था। केवल हेतिमपुर से कुशीनगर होते हुए पडरौना तक करीब 25 किलोमीटर नई लाइन बिछाई जानी थी।

**तीन किलोमीटर बनकर बंद हो गई पनियहवा-छितौनी-तमकुही रेल लाइनः-** वर्ष 2006 में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने गोरखपुर-नरकटियागंज रेल मार्ग और कप्तानगंज-थावे रेल मार्ग के बीच गंडक नदी के किनारे एक रेल लाइन बनवाने की घोषणा की। यह लाइन पनियहवा से शुरू होकर छितौनी, जटहां बाजार, भितहा होते हुए तमकुहीरोड स्टेशन तक जानी थी। इसके बनने से गंडक नदी के दोनों तरफ दियारा में बसे करीब 150 गांवों को हर साल बाढ़ से बचाव की उम्मीद थी। धन मिला और तेजी से काम भी शुरू हुआ, लेकिन पनियहवा से छितौनी तक तीन किलोमीटर लंबी पुरानी लाइन के हिस्से को ब्रॉड गेज में बदलने और बंद पड़े छितौनी स्टेशन के दुबारा सुंदरीकरण से आगे बात नहीं बढ़ी।

इस तीन किलोमीटर लंबी लाइन का ट्रायल भी हो गया, लेकिन करीब 10 साल से इस पटरी पर कोई ट्रेन भी नहीं गुजरी। स्टेशन व रेल लाइन का उपयोग नहीं होने के चलते यह गंदगी से भर गए। जिनकी जमीन इस रेल मार्ग के लिए अधिग्रहित की जानी थी, वे भी अभी तक सहमे हैं कि पता नहीं कब सरकार कार्रवाई शुरू कर दे।

**अंतरिम बजट 2024-25**

### तत्कालीन रेल मंत्री लालू ने रेल लाइन बनवाने की घोषणा की थी

वर्ष 2006 में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने गोरखपुर-नरकटियागंज रेल मार्ग और कप्तानगंज-थावे रेल मार्ग के बीच गंडक नदी के किनारे एक रेल लाइन बनवाने की घोषणा की। यह लाइन पनियहवा से शुरू होकर छितौनी, जटहां बाजार, भितहा होते हुए तमकुहीरोड स्टेशन तक जानी थी।

**वर्ष 2017 में हुआ था सर्वे**

इस रेल परियोजना के लिए वर्ष 2017 में सर्वे हुआ था। वर्ष 2018-19 में इसे प्रशासनिक स्वीकृति मिली। इस परियोजना की लागत 1,345 करोड़ से बढ़ाकर अब 1,467 करोड़ रुपये कर दी गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2019-20 के केंद्रीय बजट में इस रेल मार्ग के मंजूरी की बात कही थी। इसके लिए 10 लाख रुपये टोकन मनी भी जारी किया गया, लेकिन बात इससे आगे नहीं बढ़ी।

## डीएम ने ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए चिह्नित भूमि का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बलरामपुर।** नगर पालिका में नए पाइप पेयजल परियोजना का कार्य प्रारंभ होने वाला है, जिससे शहरी क्षेत्र के 16 हजार से अधिक परिवार को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति से लाभान्वित होंगे। डीएम श्री अरविंद सिंह द्वारा नई पाइप पेयजल परियोजना के ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए चिह्नित भूमि का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को सॉइल टेस्टिंग आदि का कार्य पूर्ण कराते हुए शीघ्र प्रारंभ कराए जाने का निर्देश दिया। पाइपलाइन बिछाने के कार्य का सर्वे शीघ्र पूर्ण कर ले जाने का निर्देश दिया। नई पाइप पेयजल परियोजना में 600 किलोलीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जाएगा। पेयजल परियोजना से बलरामपुर नगर पालिका की 96 हजार से अधिक की बड़ी आबादी एवं 16 हजार से अधिक परिवार को स्वच्छ जल की आपूर्ति से लाभान्वित किया जाएगा। पाइप पेयजल परियोजना का समस्त कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात नगर पालिका बलरामपुर पूर्ण रूप से पेयजल आपूर्ति से आच्छादित हो जाएगा।

## स्काउटिंग हमें देश व समाज सेवा की भावना सिखाता है: राजेन्द्र सिंह

अवधनामा संवाददाता



टोलियो का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत बरवा बाबू में स्थित श्री कैलाश शाही इंटर कॉलेज के तत्वावधान में स्काउट गाइड का तीन दिवसीय शिविर का शनिवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया। शिविर के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजेन्द्र सिंह ने स्काउट गाइड शिविर का निरीक्षण कर प्रशिक्षण में मिली जानकारी ली।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह ने कहा कि स्काउट हमें दूसरों के लिए जीने की कला सिखाता है।देश के लिए सुयोग्य नागरिक बनाता है। हम आपातकाल में कैसे रहें, सीमित संसाधनों में कैसे अपने लिए भोजन पानी की व्यवस्था करें आदि की सीख मिलती है। स्काउट एवं गाइड को निस्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र की सेवा का कार्य करना चाहिए। आपदा और संकटग्रस्त लोगों की सहायता करने से आत्मिक संतुष्टि मिलती है। उन्होंने शिष्यों और गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में छात्राओं द्वारा स्वादिष्ट भोजन बनाया तथा आकर्षक रंगोलियां बनाई गई। शिविर में बच्चों को टेंट बनाना, रस्सी से पुल बनाना, गांठे बांधना, बिना बर्तन के भोजन बनाने के साथ-साथ अनेक तरह की जानकारी दी गई। इस दौरान स्काउट गाइड के जिला प्रशिक्षक राहुल कुमार गौड़, विद्यालय के प्रधानाध्यापक व्यास गौड़ नितेश शिव कुमार ओझा कामेश्वर उपाध्याय शिवदयाल सर आनंद कुमार ज्योति राव स्नेहा तिवारी आंचल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### बाइक और ट्रैक्टर की भिड़ंत में दो युवकों की दर्दनाक मौत

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव हरसिंहपुर के समीप ट्रैक्टर और बाइक की जोरदार भिड़त हो गयीं। जिसमें बाइक सवार रवि पुत्र शीशराम निवासी गूजरपुर उम्र 25 वर्ष,संजीव पुत्र विश्राम यादव निवासी अकबरपुर जनपद बदायूं उम्र 26 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयीं। बताते हैं कि दोनों युवक मेला रामनगरिया देखकर घर जा रहे थे तभी हरसिंहपुर के निकट मिठास ढाबा के पास ट्रैक्टर और बाइक की जोरदार भिड़त हो गई। जिसके बाद राहगीरों द्वारा सूचना दी गई उसी के आधार पर पहुंची 112 पीआरबी 2669 ने घायलों को राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों को जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में कुलपति प्रो एन बी सिंह की अध्यक्षता में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन होने के उपलक्ष्य में दिनांक 9 एवम् 10 फ़रवरी 2024 को अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो एन बी सिंह के संरक्षण में विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत वेशभूषा कार्यक्रम, अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव, ड्राइंग एवम् पेंटिंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों की समन्यवक प्रो चन्दना डे एवम् आयोजक डॉ रामदास, डॉ हारून रसीद, एवं डॉ श्वेता अग्रवाल थे। कार्यक्रम में कुलपति महोदय ने अपने संबोधन में कहा की संपूर्ण विश्व की शांति के लिए प्रभु श्री राम के जीवन पर अनुसरण एक मात्र मार्ग है और उनके जीवन का अनुपालन हमें अपने जीवन में भी करना चाहिए। कार्यक्रम में विश्विद्यालय के शिक्षकों के साथ साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### छात्र विकास कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय,



लखनऊ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एन.बी.सिंह के मार्गदर्शन में अटल हाल में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग द्वारा छात्र विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर सैयद हैदर अली (एचओडी) ने की। इस कार्यक्रम में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के छात्रों को नेक और इसके सभी 7 मानदंडों के साथ-साथ उनके टेम्पलेट्स और उनके भविष्य के दायरे के बारे में भी बताया गया। डॉ. अताउर रहमान आज़मी (सहायक प्रोफेसर-बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग) ने छात्रों को स्टूडेंट सटिसफैक्टशन सर्वे फॉर्म भरने के तरीके के बारे में बताया। कार्यक्रम में विभाग के बीबीए और एमबीए छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्रीन इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज- प्रो. फहीमुद्दीन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे तथा सातों नैक क्राइटेरिया प्रभारी, डॉ. दुआ नकवी, डॉ. बुशरा अलविरा, डॉ. तनवीर खतीजा, डॉ. रुचिता सुजय चोधरी, डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. नीरज शुक्ला और डॉ. जैबुन निसा तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार डॉ. काज़िम रिज़वी और डॉ. सायमा अलीम भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं। छात्र विकास कार्यक्रम के प्रभारी प्रोफेसर सैयद हैदर अली थे।

## पंजाब और हरियाणा के कुछ संगठनों ने 13 फरवरी से दिल्ली मार्च का आह्वान किया

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पंजाब और हरियाणा के कुछ संगठनों ने 13 फरवरी, 2024 से दिल्ली मार्च का आह्वान किया है। इस आंदोलन में प्रमुख राजमार्गों और अन्य मुख्य सड़कों के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों से दिल्ली के लिए तमाम संगठनों का सामूहिक आंदोलन शामिल होगा। इससे आंदोलनकारियों की भीड़ के कारण परिवहन सेवाओं में बड़े पैमाने पर व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना है।

**आंदोलनकारियों की भीड़ के कारण परिवहन सेवाओं में बड़े पैमाने पर व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना है**

अतीत में, अब निरस्त किए गए केंद्रीय कृषि अधिनियमों के खिलाफ 2020 में किसानों द्वारा इसी तरह के विरोध प्रदर्शन के कारण भारत के कई हिस्सों में आवश्यक वस्तुओं और दवाओं की कमी हो गई थी। प्रस्तावित किसान जमावड़े के कारण इसी तरह के परिदृश्य की तीव्र संभावना है। अधिकांश दवा विनिर्माण इकाइयां पंजाब जैसे उत्तरी राज्यों में स्थित हैं। हिमाचल और हरियाणा आदि अन्य राज्यों में दवाओं का वितरण मुख्य रूप से सड़क मार्ग से होता है। आपातकालीन दवाओं की अनुपलब्धता के कारण कई रोगियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा था, जो दिल्ली की सीमाओं पर किसान आंदोलन के कारण बाधित हुआ था, गंभीर बीमारी के इलाज के लिए अन्य राज्यों से रोगियों को दिल्ली ले जाने वाली एम्बुलेंस / वाहनों का प्रवेश भी प्रभावित हुआ था। ऐसी ही स्थिति फिर उत्पन्न हो सकती है यदि आंदोलनकारी एक बार फिर सड़कों पर उतरे। सड़क और रेल नाकेबंदी से पेट्रोल डीजल और आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले ट्रकों और मालगाड़ियों की आवाजाही में बाधा आएगी। इससे आपूर्ति श्रृंखला बाधित होगी, जिससे अत्यधिक जमाखोरी होगी और घबराहट में खरीदारी होगी। इससे आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी होगी। स्थानीय लोगों की आवाजाही, विशेषकर एनएच-44 के दोनों ओर स्थित गांवों में रहने वाले लोग, जो दिल्ली को हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों से जोड़ते हैं, प्रभावित होंगे। यह मार्ग जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए जीवन रेखा है जो मुख्य रूप से केवल इसी मार्ग के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर निर्भर हैं।इन बंदों और नाकेबंदी से आम आदमी को जो तकलीफ हो रही है, उस पर चिंतन करने की जरूरत है। एक छोटे वर्ग के असंतुष्ट लोगों के द्वारा आम लोगों के इस ब्लैकमेल को रोकने की जरूरत है।

## हल्लौर में होगा 13 को महफ़िल ए नूर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** किसी शायर ने क्या खूब कहा है मौत के सैलाब में हर खुश्क व तर बह जाएगा, हाँ फकत नामे हुसैन इब्ने अली रह जायेगा जिसकी रगों में आतिशे बदरो हुनैन है, उस सूरमा का इस्मे गिरामी हुसैन है।

विलादत ब सआदत हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के मौके पर आगामी 13 फरवरी (3 शाबान) बरोज़ मंगलवार शाम इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी दरगाह चौक हल्लौर में अंजुमन फरोग मातम रजि0 के ज़ेरे निगरानी महफ़िल ए नूर का आयोजन मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब इमाम जुमा व जमात हल्लौर की सदारत में किया जायेगा। जिसकी मिसरे तरह-हुसैन सारे ज़माने में छाए जाते है, खालिके मिसरा दर्द हल्लौरी, पर बैरूनी व मुकामी शायर अपने अपने कलाम पेश करेंगे। महफ़िल ए नूर की निज़ामत किरतास करबलाई और खि़ताबत ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई व अज़ीम हैदर करेंगे। महफ़िल ए नूर का आगाज़ कारी शकील अहमद गुड्डू के तिलावते कलाम पाक से होगा। बैरूनी शायरों में शबरोज़ कानपुरी, सुहेल बस्तवी, मौलाना उम्मीद आज़मी, तनवीर जौनपुरी, मुंतज़िर जौनपुरी, जुहैर सुल्तानपुरी, शुजा उतरौलवी, अफ़ज़ल हुसैन अफ़ज़ल,अनवार हुसैन पारसा, बेताब हल्लौरी, सावन हल्लौरी के अलावा मुकामी शायरों द्वारा अपना अपना कलाम पेश किया जाएगा। यह जानकारी सिकरेट्री तसकीन हैदर रिज़वी ने देते हुए तमाम अकीदतमंदों से 13 फरवरी मंगलवार की शाम इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी (बड़ा इमामबाड़ा) दरगाह चौक हल्लौर में पहुँचकर महफ़िल को कामयाब बनाने की गुज़ारिश की है।

### सत्यता से शिकायत निस्तारित हो

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** डीएम की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस मऊदरवाजा थाना में आयोजित किया गया। इस दौरान थाना दिवस में डीएम डॉक्टर बी के सिंह व एसपी विकास कुमार ने फरियादें सुनीं। शिकायती प्रार्थना पत्र आए, डीएम ने दोनो पक्षों को सुनकर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि फरियाद लेकर आने वाले लोगो को न्याय हकीकत में मिलना चाहिए। उसी प्रकार से कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनो पक्षों को बुलाकर सुना जाये और सत्यता के आधार पर ही शिकायतो को निस्तारित किया जाए।

# अपना दल (एस) के सदस्यता कैम्प में उमड़ी भारी भीड़



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को तेज कर दिया गया है। तमाम दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। एनडीए में सहयोगी अपना दल एस की ओर से भी तैयारियों को शुरू किया गया है इसी क्रम में अयोध्या जनपद के गोसाईगंज विधानसभा के रामगंज में सदस्यता कैम्प/ मासिक बैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राम नयन पटेल मौजूद रहे आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपना दल एस ही पिछड़ों की असली पार्टी है।वही अपना दल एस के प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह ने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेंगी तथा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटे एनडीए गठबंधन ही जीतेगा। आपको बताते चलें कि अयोध्या जनपद की गोसाईगंज विधान सभा अम्बेडकरनगर लोक सभा क्षेत्र में आती है। यहां से समाजवादी पार्टी ने लालजी वर्मा को पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है ऐसे में उनकी सजातीय कुर्मी बिरादरी के लोगों का भारी तादाद में अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण करना सपा के लिए करारा झटका माना जा रहा है। सदस्यता कार्यक्रम को आयोजित करने वाले में विधान सभा अध्यक्ष गौतम पटेल और डाश राम सजीवन वर्मा मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया गया। मासिक बैठक में एक दर्जन से अधिक लोगों को पार्टी में नई जिम्मेदारी सौंपी गई कार्यक्रम का संचालन घनश्याम पटेल द्वारा किया गया।

आयोजित सभा को अंजनी मौर्य, जिलाध्यक्ष अयोध्या के डी वर्मा, जिला अध्यक्ष अंबेडकर नगर फूल चंद्र पटेल आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मदन मौर्या, राजेन्द्र पटेल, नरेंद्र वर्मा, राघवेंद्र सिंह, राम जी वर्मा,रणविजय पटेल, मिथिलेश कौशल, हिमांशु गुप्ता नदीम खान, गुड्डू जैसवाल, विक्की पटेल, अभिषेक राजभर, मुस्तफा खान, विकास जायसवाल, रवि गुप्ता, बबलू खान, एजाज अहमद, राजू यादव, संतराम मांझी, राजदेव सोनकर सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला हितों में सरकार द्वारा किए गए कार्यो के बारे में महिलाओं से किया गया संवाद

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत भाजपा पदाधिकारियों ने नगर निगम के तिलक हॉल में स्वंय सेवी संस्थाओं, स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान सरकार द्वारा महिला हितों में सरकार द्वारा किए गए कार्यो के बारे में महिलाओं से संवाद किया गया।

कार्यक्रम में जिपंअ रोली सिंह ने कहा कि महिलाओं को केन्द्र में रह कर मोदी व योगी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं देकर महिलाओं को लाभान्वित किया है। महिलाओं सुरक्षा तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनानें के लिए सरकारी ने अनेक योजनाएं दी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 पार के लक्ष्य के साथ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुन सरकार बनाना है।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में महिला वोटर्स का प्रतिशत बढ़े इसके लिए हम सभी को कार्य करना है।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि शक्ति वंदन कार्यक्रम में 12 फरवरी को स्वंय सहायता समूह तथा एनजीओं की महिलाओं को पार्टी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। शक्ति वंदन कार्यक्रम समाज की उन महिलाओं तक पहुंचने का अभियान जो लगातार समाजिक कार्यो से जुड़ कर महिलाओं के हित में कार्य कर रहीं है। महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा गौड़ ने कहा कि महिलाएं नरेन्द्र मोदी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि आने वाले लोक सभा चुनाव में विगत चुनाव की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक मत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यक्रम में महिला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्रा, महामंत्री प्रतिमा शुक्ला, बसंती सिंह यमुनोत्री



केसरवानी, रामकुमार सिंह राजू, अभियान के जिला प्रभारी राधेश्याम त्यागी, प्रतीक श्रीवास्तव, मंजू गुप्ता, अनीता सिंह, नीलम जायसवाल, पुष्पा मिश्रा, सावित्री गुप्ता, सीता सिंह, सीमा तिवारी, गीता शुक्ला, अनीता द्विवेदी, माया सिंह, वंदना सिंह, नेहा तिवारी सहित सैकड़ो एनजीओ तथा स्वंय सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रहीं।

## उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल एवं विधान मण्डल के सदस्यों आज करेगें श्री रामलला का दर्शन

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का सत्र चल रहा है तथा मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी एवं विधान सभा अध्यक्ष के पहल पर उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल एवं विधान मण्डल के सदस्यों द्वारा 11 फरवरी 2024 को अयोध्या भ्रमण है, जिसमें श्री रामलला विराजमान मंदिर दर्शन पूजन शामिल है। इस क्रम में मुख्यमंत्री की 11 फरवरी को दोपहर के आसपास अयोध्या एयरपोर्ट पर आ रहे है उनके साथ मंत्रिमंडल के सहयोगियों के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी रहेंगे।

## नौगजी मजार का तीन दिवसीय सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया

**अयोध्या ।** अयोध्या कोतवाली के पीछे स्थित हज़रत नूह अलैहस्सलाम (नौगजी मज़ार) जहां का उर्स -ए- मुक़दस मनाया गया । जिसमें सैकड़ो की तादाद में हिंदू-मुस्लिम लोग हर साल शामिल होते है । हजरत नूह अलैहस्सलाम नौगजी मजार का तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत 7 फरवरी को कुल शरीफ और कुरआन खानी प्रोग्राम से हुआ । जिसमें सैकड़ो लोंगो ने शिरकत ने की । उर्स के दूसरे दिन 8 तारीख को कव्वाली का प्रोग्राम हुआ । 9 तारीख को उर्स के अंतिम दिन को तक़रीर और नात-ए-मुशायरा का प्रोग्राम हुआ जिसमें हिंदुस्तान हुआ के मशहूर मौलाना तशरीफ लाए नात-ए-मुशायरा के प्रोग्राम से कायर्क्रम में चार चांद लग गया और गागर और चादर का प्रोग्राम हुआ। चादर नवगजी मज़ार से निकल कर प्रमोदवन होते हुए अयोध्या कोतवाली के पीछे नौगजी मज़ार पहुँची जिसमे सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष सामिल हुए ।

## वार्षिक उत्सव समारोह में छात्र और छात्राओं के प्रस्तुतियो ने लोगों का मोहा दिल

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज -अयोध्या।** ग्रामर्षि एकेडमी इंटरनेशनल गद्दोपुर का वार्षिकोत्सव बड? धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग के अपर निदेशक सिद्धार्थ मिश्रा , विशिष्ठ अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत अयोध्या रोली सिंह,आरटीओ अयोध्या ऋतु सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्कूल के एनसीसी कैडेट द्वारा आए हुए अतिथियों को गॉड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। इस अवसर पर कक्षा नौ की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र छात्राओं ने पंजाबी,राजस्थानी, हरियाणवी गीतों पर नृत्य व गणेश वंदना ,राम कथा, बिहू डांस, भांगड़ा, बुम बुम शेव प्लांट, मोबाइल एडिक्शन ,गुलाबी सरारा, शेव एनिमल, मिशन चंद्रयान, वसंत पंचमी, शेव वाटर, ओल्ड डेज, सहित विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा आए हुए मेहमानों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि यदि बच्चे शुरू से शिक्षा को अपना लक्ष्य बनाकर चले तो सफलता उनके कदम जरूर चूमेगी उन्होंने कहा कि एकाग्रता के साथ मेहनत ही बच्चों को जीवन में सफलता दिलाती है । विशिष्ठ अतिथि आरटीओ ऋतु सिंह ने कहा कि वार्षिकोत्सव के माध्यम से बच्चों में छुपी प्रतिभा सामने आती है और यह उनके उन्नति और प्रगति का परिचायक है। उन्होंने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने की सीख दी। जिप अध्यक्ष अयोध्या रोली सिंह ने कहा कि निरंतर प्रगति करना ही शिक्षा का मूल मंत्र है।इस अवसर पर ग्रामर्षिका पत्रिका का विमोचन भी किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान परिषद सदस्य डॉक्टर हरिओम पांडे ने किया।

# 2024 की लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनना तय

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर समाजवादी अधिवक्ता सभा जनपद अयोध्या के द्वारा समाजवादी पार्टी को 2024 की लोकसभा चुनाव में मजबूती दिलाने के लिए रुदौली तहसील के अध्यक्ष अजीमुद्दीन एडवोकेट द्वारा तहसील रुदौली समाजवादी अधिवक्ता सभा की कमेटी प्रस्तुत की गई । जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी जनपद अयोध्या पारस नाथ यादव ,महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ,महानगर महासचिव हामिद जाफर ,जिला सचिव अंसार अहमद अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष शावेज जाफरी और अन्य नेतागणों की मौजूदगी में कमेटी अनुमोदित की गई। तथा इसी क्रम में तहसील सोहावल के अध्यक्ष पद पर राजकुमार यादव एडवोकेट को घोषित किया गया व मनोनयन पत्र दिया गया व गरिमा यादव एडवोकेट को समाजवादी अधिवक्ता सभा जनपद अयोध्या का जिला सचिव घोषित कर मनोनयन पत्र प्रदान किया गया।जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पारसनाथ यादव ने कहा कि अधिवक्ता सभा जिस तरह समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम कर रही है इससे 2024 की लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनना तय है । अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष शावेज जाफरी ने कहां की समाजवादी पार्टी में दिन प्रतिदिन अधिवक्ताओं की बढ़ती संख्या से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी । आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में पी डी ए की केंद्र में सरकार बनेगी ।

समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता विजय कुमार यादव ने बताया कि रुदौली तहसील की कमेटी के सभी सदस्यों व तहसील सोहावल के अध्यक्ष पद पर राजकुमार यादव व गरिमा यादव को जिला सचिव बनाया गया। उक्त अवसर पर जितेंद्र प्रजापति, राकेश कुमार,प्रमोद यादव,रामरतन यादव,ओ पी राव,राजकुमार यादव,गरिमा यादव,नेहा यादव निगार फातिमा,अनिल कुमार,जगन्नाथ यादव प्रधान योगेंद्र प्रताप यादव योगी आदि नेतागण व अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर आज बच्चों को खिलाई गयी एल्बेंडाजाल कृमि नाशक दवा

**मयाबाज़ार -अयोध्या।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर आज 10 फरवरी शनिवार को बीना सबीना पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोशाईगंज, मया अयोध्या में सभी बच्चों को खिलाई गयी एल्बेंडाजाल कृमि नाशक दवा।और बच्चों को पेट के कीड़े के बारे में बताया गया की कृमि नाशक एलबेंडाजाल 6 महीने में एक बार जरूर खाना चाहिये। नहीं तो पेट के कीड़े लीवर पर अटैक कर देते हैं।लेकिन एल्बेंडाजाल की गोली को चबाकर ही खाना चहिये। प्रभारी प्रधानाचार्य एम.ए. इदरीशी ने सभी बच्चों को एल्बेंडाजाल कृमि नाशक के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों पर पेश 29 मामलों के सापेक्ष मात्र 03 का निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों इनायत नगर, कुमारगंज और खंडासा में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 29 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें से मात्र 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर थाना प्रभारियों द्वारा करा दिया गया। इनायत नगर थाने में एसडीएम राजीव रत्न सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में अस्थना गांव निवासी हरिप्रसाद ने शिकायती पत्र देते हुए रो कर कहा साहब हमारे दरवाजे पर रखे पुश्तैनी छप्पर को गांव के ही साहब दीन व अमरजीत द्वारा हटा कर उक्त भूमि पर एससी-एसटी एक्ट का फर्जी केस दर्ज कराने की धमकी देकर अवैध कब्जा करने की नियत से छप्पर के नीचे दीवार निर्माण नहीं करने दिया जा रहा है। जिस पर एसडीएम राजीव रत्न सिंह द्वारा जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है। दिवस में 10 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की, जिनमें एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। खंडासा थाने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 10 लोगों ने अपनी शिकायतें पेश की।

## थाना समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनी फरियाद, कई समस्याएं निपटी

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने आज थाना मसौली मे आयोजित समाधान दिवस में लोगो की शिकायतों को सुन कर उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिये। तत्पश्चात दोनों अधिकारियों ने ब्लाक मुख्यालय के निकट संचालित वुमेन सर्विस होम का निरीक्षण किया और वहां नारी संरक्षण केंद्र संचालित करने के निर्देश दिये। शनिवार को थाना मसौली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने थाने पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की। बड़ागांव निवासी जान मो0, गुरसेल थाना फतेहपुर निवासी उस्मान पुत्र हशमत, इब्राहीमपुर थाना फतेहपुर निवासी हकीक पुत्र इम्तियाज ने बड़ागांव निवासी मो0 आफ़ताब पर सऊदी अरब भेजनें के नाम पर 3 लाख 15 हजार रुपये लेकर एक महीने के विजिट वीजे पर दुबई भेजनें का आरोप लगाया। जिस पर अधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक को जालसाजी करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये। वही ग्राम पंचायत के रामचंद्र, सहजराम, सुरेंद्र, अजय, हरिश्चंद, अरविन्द, प्रदीप, वीरेंद्र आदि लोगो ने सामूहिक रूप से शिकायत करते हुए कहा कि चकबंदी के दौरान छोड़ी गयी हरिजन आबादी की भूमि पर पड़ोसी कास्तकार भुल्लन वर्मा ने अवैध रूप से प्लाटिंग कर लोगो को बसा दिया है। जिस पर जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार कुमकुम मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी, हल्का लेखपाल अजय सिंह ने मौके पर जाकर निस्तारण करते हुए मौके पर ही सुमिरन, पप्पू, नन्हेलाल रामचंद्र पुत्र स्व देवी व राजा बाबू का कब्जा हटवाते हुए हरिजन आबादी की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।अधिकारियों ने कहा कि समाधान दिवस में पहुंचने वाले



फरियादियों की समस्या का जल्द से निपटारा करा दिया जाए। समाधान दिवस के संबंध में थाना क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने की भी निर्देश दिए गए। इस मौक़े पर उपजिलाधिकारी रामनगर पवन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर आलोक कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक श्मशाद अली, राजस्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी, हल्का लेखपाल अजय सिंह, राजेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## कई मार्गो के चौड़ी करण एवं सुद्दढीकरण की स्वीकृति

**बाराबंकी।** सांसद उपेन्द्र सिंह रावत के अथक प्रयासों व पत्राचार के उपरान्त नगर पंचायत देवां के बाईपास बाराबंकी देवां शहर बाईपास मार्ग के कि0मी0-0.00 से 1.225 तक चौड़ी करण एवं सुद्दढीकरण का कार्य की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति शासन से मिल गयी। उक्त बाई पास का निर्माण लोक निर्माण विभाग के खण्ड-3 के द्वारा रूपये 466.32 लाख की लागत से किया जायेगा। इसके साथ साथ देवा-निगोहा मार्ग (लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग) के कि0मी0 -0.000 से 1.400 तक चौड़ीकरण एवं सुद्दढीकरण का कार्य लगात 478.90 लाख रूपये से किया जायेगा। इसके लिए क्षेत्र की जनता की तरफ से सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने माननीय लोक

# देश की जनता ने पहचान लिया भाजपा का असली चेहराः पुनिया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** देश की जनता भाजपा का असली चेहरा पहचान गई है उसके चेहरे से नकाब उतर गया है। उसे जनता की बुनियादी जरूरत और परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है उसे सिर्फ सत्ता की भूख है वह किसी तरह 2024 में सरकार बनाने के प्रयास में है। इंडिया गठबंधन और इस देश का मजबूर गरीब दलित किसान महिलाएं भाजपा के इस सपने को चकनाचूर करेंगे। कांग्रेस पार्टी की अगुवाई में 2024 में देश में सरकार बनेगी। उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनुज पुनिया ने आज ग्राम मसौली में आयोजित संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किया। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्रपाल वर्मा तथा संचालन कांग्रेस कमेटी के महासचिव नेकचन्द्र त्रिपाठी ने किया। प्रदेश महासचिव तनुज पुनिया ने संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विभाजन की राजनीति करती है उसका मूल विचार समुदायों के बीच नफरत की दीवार खड़ी करना है।



इनका देश की आवाम से कोई लेना-देना नहीं है इन्हें सिर्फ सत्ता की भूख है इनका राष्ट्रवाद जर्मन के तानाशाह हिटलर से प्रेरित है। भाजपा सरकार के 10 वर्षो के कुशासन से आवाम तंग आ गई है और उसने सरकार हटाने का पूरी तरह से मन बना लिया है।

ग्राम मसौली में आयोजित संवाद सम्मेलन में अकील इदरीशी, जसवन्त यादव, रामगोपाल रावत, दिलीप कुमार गौतम, राजू यादव, नसीरूद्दीन, राम सिंह, मो0 तौहिर अंसारी, मो0 आजम, करन कुमार, प्रेमचन्द्र, मुन्ना अंसारी, उदयराज, सहबाज खान, अली अहमद सहित दर्जनो की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## आईसीओपी के कार्यालय प्रभारी का आकस्मिक निधन

**गोशाईगंज-अयोध्या।** इंडियन कौंसिल आफ प्रेस पत्रकार संगठन के मुख्य कार्यालय प्रभारी शीतला प्रसाद वर्मा का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन विश्वकर्मा ने कहा कि संगठन आज अपना अभिन्न अंग खो दिया जिसकी पूर्ति नहीं किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोज शुक्ला ने बताया कि आज हमने संगठन के सच्चे सिपाही को खो दिया। संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी गुप्ता ने कहा प्रभारी का आसमियक छोड़कर जाना बहुत दुःखद बात है उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश शुक्ला ने बताया कि संगठन के सच्चे सिपाही की पूर्ति कभी नहीं पूरा किया जा सकता।आज सुबह से प्रभारी के घर पर संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों से लेकर प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी पहुंचकर सांत्वना दी।

## कथित समाजसेवी धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** स्वाट टीम व थाना रामसनेही घाट की संयुक्त पुलिस टीम ने धोखाधड़ी में वांछित 10 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में स्वाट टीम व थाना रामसनेही घाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कई धाराओं व आईटी एक्ट में वांछित पुरस्कार घोषित अपराधी आशीष कुमार सिसौदिया पुत्र केशव बक्श सिंह निवासी ग्राम पूरे दुनिया मजरे हकामी थाना असन्द्रा को खरगापुर, लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद कार नं0 यूपी 32 एनआर 2499 महिन्द्रा एसयूवी 300 बरामद किया गया। अभियुक्त उपरोक्त, धोखाधड़ी के मुकदमें में वांछित था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

## समाधान दिवस में फरियादियों की हुई सुनवाई

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना भिटौली में जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें कुल 05 मामले दोनो अधिकारियों के समक्ष आए, जिसमें 03 मामलों को दोनो वर्ष्ठ अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन करते हुए मौके पर जाकर सम्यक कार्यवाही द्वारा शीघ्रतापूर्वक और नियमानुसार वादों को निस्तारित किया करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद के मामलों में सतर्क दृष्टि रखने और आवश्यक होने पर संबंधित पक्षों को पाबंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना समाधान दिवस में आने वाले मामलों को तय समयसीमा में निस्तारित करने का निर्देश दिया और कहा कि वादियों को ऐसे मामलों में बारङ्बार दौड़ना न पड़े। साथ ही



थानों में आने वाले वादियों से पुलिस अच्छा व्यवहार करे। जनसुनवाई के उपरांत जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक महोदय ने थाना परिसर का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश देते हुए निर्माणकार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए कहा। थानाध्यक्ष भिटौली पंकज गुप्ता ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार लक्ष्मीपुर देउरवा और जड़ार में संयुक्त टीम को प्रेषित कर दिया गया और दोनो मामलों को यथासंभव आज ही निस्तारित कर दिया जाएगा। थाना समाधान दिवस में थानाध्यक्ष पंकज गुप्ता सहित अन्य पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**महराजगंज।** नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आज सुबह 9 बजे से सायं 3 बजे तक एक्सेल एकेडमी स्कूल, चिउरहा रोड महाराजगंज में किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख जीवेश मिश्रा ने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस कैंप में विशेष पीजीआई, केजीएमयू लोहिया नगर संस्थान के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। इस शिविर में गंभीर मरीज के लिए रेफरल की भी व्यवस्था है तथा मरीज को निशुल्क दवा वितरण भी किया जाएगा।

## अज्ञात महिला का सफल ऑपरेशन कर निभाया चिकित्सकीय धर्म

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय अयोध्या मैं तैनात ऑर्थो रोग विशेषज्ञ आशीष श्रीवास्तव ने अज्ञात भर्ती महिला के जांघ की हड्डी टूट जा ने पर सफल ऑपरेशन किया गया प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव ने चिकित्सकीय धर्म निभाया है बीते 25 जनवरी को कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक से एक अज्ञात महिला को जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया था जिसकी जांघ की हड्डी टूटी हुई थी जिसका डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव द्वारा 2 फरवरी को सफल ऑपरेशन किया गया सी एम एस ने बताया कि आज इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा उक्त अज्ञात महिला को सीएमएस के नेतृत्व में फल एवं वाकर अंग वास्तु भेंट किया गया है।

## निर्दयता से कराए गए प्रसव से पैदा नवजात की मौत पर हंगामा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सीएचसी मसौधा पर स्टाफ नर्स की ओर से निर्दयता के साथ किए गए प्रसव का मामला एकबार फिर से गरमा गया है।लापरवाही के साथ सीजर के स्थान पर जबरदस्ती कर दिए गए साधारण प्रसव से पैदा हुए नवजात शिशु की शनिवार को एक निजी अस्पताल मे मौत हो गई।जिसे लेकर रोते बिलखते परिजनों ने जमकर हंगामा किया।बाद मे पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनो को कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया व नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटनाक्रम के अनुसार नगर के कौशलपुरी कालोनी निवासी रामपुकारे का आरोप है कि उसने अपनी पत्नी स्वाती यादव को तीन जनवरी को सीएचसी मसौधा मे प्रसव के लिए भर्ती कराया था।वहां संविदा की स्टाफ नर्स अंकिता वर्मा ने प्रसव कराने के लिए 10 हजार रुपए की मांग की।मैने सात हजार रुपए दे दिए शेष बाद मे देने का आश्वासन दिया।मैने यह भी बताया कि बच्चा मां के पेट में उल्टा है।आपरेशन करना पडेगा फिर भी नर्स ने जबरदस्ती क्रूरता के साथ प्रसव कर दिया।जिससे बच्चे की जांघ की हड्डी टूट गयी।मेरी पत्नी व शिशु की हालत गंभीर हो गई तब हमें निजी अस्पताल मे भर्ती कराना पडा।उसने कहा कि नर्स ने मेरे खिलाफ फर्जी रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज करा दिया।मैने जब बच्चा पैदा हुआ था उसी समय एक शिकायती पत्र चिकित्सा अधीक्षक को दिया था जिस पर उसके खिलाफ जांच प्रारंभ हो गई।जांच टीम ने भी प्रसव मे लापरवाही की बात मानी है।जांच रिपोर्ट सीएमओ के पास भेजी गई है। पीड़ित पिता ने सीओ शैलेंद्र कुमार सिंह को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।सीओ शैलेन्द्र सिंह ने कहा नवजात की लाश को पोस्टमार्टम के भेज दिया गया।

# भाजपा में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष द्वय के भव्य स्वागत समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान की नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि व उमा अग्रवाल के भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान भाजपा में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि व उमा अग्रवाल ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी का देश व प्रदेश निरंतर बढ़ते जनाधार और लोक कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर हम भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं, जिसके लिए शीर्ष नेतृत्व को बहुत-बहुत धन्यवाद आभार। जिस तरह से शीर्ष नेतृत्व ने हमें पार्टी में कार्य करने का अवसर दिया निश्चित ही हम उस पर खरे उतरेंगे और केंद्र व प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।



भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा दोनों नगर पंचायत अध्यक्षों का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत व अभिनंदन है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप दोनों भारतीय जनता पार्टी के अद्वितीय एवं प्रेरणादायी नीतियों व लोक कल्याणकारी योजनाओं/ उपलब्धियो को जन-जन तक पहुंचने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे तथा आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजई बनाकर आदरणीय प्रधानमंत्री जी को पुनः प्रधानमंत्री बना कर भारत को विकसित बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विक्रम सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्र. हेमंत जायसवाल, भाजपा नेता रवि अग्रवाल, उमेश सिंह, जिला महामंत्री विजय कांत चतुर्वेदी, विपिन सिंह, दीपक मौर्य, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, आनंद मणि त्रिपाठी, पूर्व जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, जिला उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पांडेय, युवा मोर्चा विकास पांडे, जिला महामंत्री अविनाश सिंह, अर्चिष्मान मिश्र, रमेश मणि त्रिपाठी, बजरंगी गोस्वामी, संपूर्णा नंद पांडेय, प्रभात तिवारी, पवन मिश्रा, मिथलेश अग्रहरी, निलेश चौधरी आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं।

## डीएम ने किया सीएम मॉडल स्कूल कक्षा 1 से 12 तक के निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** ग्राम पंचायत महरिया के पूर्वी छोर पर सीलिंग की भूमि का शासन द्वारा प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल कक्षा 1 से 12 तक के निर्माण हेतु शनिवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र व अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने भूमि के संबध में विस्तृत रिपोर्ट तहसीलदार नौगढ़ द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष न दिये जाने के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने हल्का लेखपाल अनूप यादव के विरूद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी भूमि से अवैध रूप से मिट्टी खनन का कार्य किसी भी दशा न होने पाये। यदि मेरे संज्ञान में शिकायत मिली तो संबधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने उपजिलाधिकारी नौगढ़ एवं तहसीलदार नौगढ़ को निर्देश दिया कि पूरी सरकारी भूमि का चिन्हांकन कर स्पष्ट रिपोर्ट तैयार किया जाये जिससे प्रस्तावित मॉडल स्कूल के निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जा सके। इस अवसर पर तहसीलदार नौगढ़, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, व अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खेसरहा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी



**पुलिस के हत्थे चढ़ा पाक्सो एक्ट का आरोपी**

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार के दिन खेसरहा पुलिस को बडी कामयाबी हाथ लगी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह की टीम ने पाक्सो एक्ट से संबंधित फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि थाना क्षेत्र के ही धमौरा गाँव निवासी नियाज अली उर्फ नियाजे उर्फ कुदाने उर्फ पुराने पुत्र जलील मोहम्मद उर्फ जल्ली के विरुद्ध थाना क्षेत्र के कंडजा निवासी पीडिता के परिवार ने थाना पर तहरीर दिया था। प्राप्त तहरीर के आधार पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त की पुलिस को तलाश थी। जिसे सुरागरसी से प्राप्त जानकारी के आधार पर नौडिहवा बार्डर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में उ0नि0 सर्वेश यादव तथा कां0 वीरेन्द्र कुमार भी शामिल रहे।

## शक्ति वंदन अभियान के तहत चाय पर चर्चा कार्यक्रम



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित उद्यान पार्क प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित शक्ति वंदन अभियान (स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क) के तहत चाय पर चर्चा का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित समूह की महिलाओं ने क्रमशः अपना अपना पक्ष रखा, सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त किया और मोदी जी को पुनः प्रधानमन्त्री बनने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि नारी शक्ति सृजनकर्ता है। प्रधानमंत्री जी ने सदैव नारी शक्ति का सम्मान किया है और भारत सरकार ने प्रत्येक योजना के केंद्र बिंदु में हमारी माताओं को स्थान दिया है। इस दौरान मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, परियोजना अधिकारी श्रीमती सुनीता सिंह, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अरुण मिश्रा, जिला महामंत्री भाजपा विपिन सिंह, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, भाजपा नेता गुड्डू त्रिपाठी, श्रीमती सरोज शुक्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, रमेश मणि त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** शासन के मंशा के अनुरूप शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा थाना उसका बाजार में उपस्थित होकर लोगो को समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा थाना दिवस रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। गाटा संख्या-567 की शिकायत प्राप्त हुई उसे संबधित लेखपाल द्वारा निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत महुवरिया गांव के भूमि का प्रकरण थाना दिवस में प्रस्तुत हुआ जिलाधिकारी ने संबधित लेखपाल को निर्देश दिया कि थाना दिवस के पश्चात गांव में जाकर तत्काल प्रकरण को निस्तारित कराये। सभी लेखपाल अपने-अपने ग्राम पंचायतों में देख ले कि सरकारी भूमि पर कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से कब्जा किया हो तो उसके बेदखली की नोटिस जारी कर खाली कराया जाये। कहा कि वरासत का कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निवास प्रमाण-पत्र उपजिलाधिकारी, आय प्रमाण-पत्र तहसीलदार के माध्यम से जारी किये जाते है। लेखपाल अपने स्तर से रिपोर्ट लगाकर निस्तारित कराये। निर्वाचन कार्य के दृष्टिगत मृतक का नाम वोटर लिस्ट से हटा दे। सभी राजनैतिक पार्टियों के जन प्रतिनिधिगण के परिवार व उनके नाम वोटर लिस्ट में किसी भी दशा में न छूटने पाये। फार्म-6, फार्म-7 वफार्म-8 में कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। इस दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार रोहित उपाध्याय, राम करन गुप्ता, विजय प्रकाश गुप्ता, बबिता सिंह, गयादीन मौर्य, राम सिंह, आलोक मिश्रा, मुन्नी लाल, विनोद प्रजापति, अजीत गुप्ता अन्य अधिकारी/ कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## चिकित्सा शिविर में क्षेत्र के सैकड़ो लोग करवाये इलाज

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र के चोडार चौराहा, बगहवा, डोहरिया बुजुर्ग, लुचुइया और मकडौर मे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे गांव और क्षेत्र के सैकड़ो लोगो ने स्वास्थ्य परीक्षण करा कर निःशुल्क दवाईयां ली। नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन, सेवा भारती, एकल अभियान, विश्व हिन्दू परिषद, सीमा जागरण मंच, वनवासी कल्याण आश्रम और आरोग्य भारती के तत्वाधान मे शोहरतगढ विकास क्षेत्र के सीमाई गांवो मे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन संघ के जिला प्रचारक वीरेंद्र के द्वारा किया गया। क्षेत्र के चोडार चौराहा पर आयोजित कैम्प की देखरेख करने पहुंचे विभाग प्रचारक दीनानाथ ने बताया कि कैम्प मे पीजीआई, केजीएमयू, मेडिकल कालेज, लोहिया संस्थान लखनऊ के विभिन्न विभागो के विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा कैम्प मे आये मरीजो के स्वास्थ्य परिक्षण कर दवा दिया जा रहा है। क्षेत्र के तमाम गांवो के महिलाए एवं पुरुष ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और दवाइयां ली।

# विद्यालय में हुआ छात्र छात्राओं का विदाई समारोह

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित मॉडर्न हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा दस के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय से विदाई पाने वाले विद्यार्थियों से मजबूती से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया गया। शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ शबीहा फ़ातिमा द्वारा दुआ के साथ किया गया। कक्षा नौ एवं दस के विद्यार्थियों ने गीत और एकांकी प्रस्तुत कर भाव विभोर किया। प्रधानाचार्य अयोध्या प्रसाद पाण्डेय ने यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग कठिन परिश्रम करके अच्छा अंक प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। वहीं विद्यालय के अध्यापक राहिब हुसैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अच्छे अंक लाने के लिए कठिन परिश्रम करें। जिससे आने वाले समय में आपका भविष्य सुनहरा हो और आप एक अच्छे स्थान पर पहुंच सकें। शिक्षक इन्तेज़ार हुसैन एवं शबीह अहमद ने सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए परीक्षा से सम्बंधित बहुत सी बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन शबीहा फ़ातिमा ने किया। कार्यक्रम के समापन पर जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर्स को उपहार देकर विदाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी व भारी संख्या में छात्र उपस्थित रहें।



## 108 टेक्निशियन द्वारा कराया गया रास्ते में प्रसव

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को देर रात ग्राम कटहा थाना उसका जनपद सिद्धार्थनगर सुबॉस द्वारा उनकी भाभी पूजा सहानी कि प्रसव पीड़ा की सूचना 108 पर दी गई। सूचना पाकर इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन गिरिजेश मोदनवाल व चालक अरशद अली के साथ मौके पर पहुंचे महिला को बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ला रहे थे रास्ते में कटहा के पास ही प्रसूता का प्रसव पीड़ा गंभीर होने की स्थिति में टेक्नीशियन गिरिजेश मोदनवाल इआरसीपी के माध्यम से ईलाज करते हुए एवं परिवारजनों की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया, जच्चा बच्चा स्वस्थ पाकर परिजनों ने आभार व्यक्त की तथा जिला प्रभारी अरविन्द भारती, योगेश मिश्रा, चंद्रशेखर व प्रोग्राम मैनेजर अजय कुमार यादव रीजनल मैनेजर संदीप एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन अधीक्षक अमित कुमार चौधरी द्वारा इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की गई।



# आवास निर्माण में हीलाहवाली करने वालों के विरुद्ध सख्त हुआ विभाग

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर नगर पालिका में 46 और उसका बाजार नगर पंचायत में 21 एवं कपिलवस्तु में सात पात्रों ने पहली और दूसरी किस्त का धन लेने के बावजूद भी निर्माण कार्य अभी तक नहीं शुरू करवाया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत पहली और दूसरी किस्त का धन लेने वाले पात्रों ने अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाया है। जिसकी पुष्टि होने पर जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) विभाग सख्त हो गया है। एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाए जाने पर ऐसे लोगों के खिलाफ करवाई किए जाने की चेतावनी भी दी है। हर गरीब को पक्का घर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत पत्रों का चयन कर उन्हें तीन किस्त में ढाई लाख रुपए घर बनाने के लिए दे रही है। मगर सिद्धार्थनगर, उसका बाजार एवं कपिलवस्तु नगर पंचायत में करीब 5 दर्जन ऐसे पात्र हैं, जो पहली और दूसरी किस्त का धन पाने के बावजूद भी अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं करवा पाए हैं। ऐसे पत्रों का विभाग जांच करवरकर उनका नाम नगर पंचायत कार्यालय में चस्पा करवा दिया है। चिन्हित लाभार्थी अगर एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य आरंभ नहीं करवाएंगे तो उनके खिलाफ विभाग सख्त कार्रवाई करवाएगी। सिद्धार्थनगर नपा में 46 और उसका नगर पंचायत में 21 एवं कपिलवस्तु में सात ऐसे लाभार्थी है, जो निर्माण कार्य आरंभ नहीं करवाए हैं। इस सम्बन्ध में डूडा की परियोजना अधिकारी सुनीता सिंह ने बताया कि जिन लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रथम व दूसरी किस्त पाने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं करवा रहे हैं। अगर यह एक सप्ताह के भीतर निर्माण नहीं करवाएंगे तो उनके खिलाफ कार्यवाही करवाई जाएगी।

# नारी सशक्तिकरण में सोशल मीडिया की भूमिका विषयक शैक्षिक दक्षता वृद्धि व्याख्यानमाला की पंद्रहवीं प्रस्तुति का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** महामाया राजकीय महाविद्यालय, महोना, लखनऊ के तत्त्वावधान में नक्षत्र फाउण्डेशन द्वारा नारी सशक्तिकरण में सोशल मीडिया की भूमिका विषयक शैक्षिक दक्षता वृद्धि व्याख्यानमाला की पंद्रहवीं प्रस्तुति का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ता के रूप में डॉ पंकज प्रसून, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, फार्माकोलॉजी विभाग, केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान, लखनऊ एवं प्रो डॉ प्रोमिला बहादुर, प्रोफ़ेसर, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, श्री राम स्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेंट, लखनऊ द्वारा उक्त विषय पर बच्चों का मार्गदर्शन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो मुकुल श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ ऋचा आर्या, रेखा झा एवं डॉ शालिनी अग्रवाल द्वारा किया गया। व्याख्यानमाला में महाविद्यालय में पढ़ रहे बच्चों द्वारा भारी संख्या में न केवल प्रतिभाग किया गया अपितु बच्चों ने वक्ताओं से प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डॉ शहला नुसरत किदवई, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एपी सिंह, डॉ शोभना दीक्षित (प्रभारी महिला प्रकोष्ठ), डॉ ममता मधुर (प्रभारी मिशन शक्ति), डॉ अनुपम कुमार यादव (असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग) उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस मे आये मामले का निस्तारण

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस मे एक मामले आये जो भूमि से सम्बंधित था आत्मा पुत्र काशीनाथ ग्राम पंचायत करुवावल निवासी ने समाधान दिवस मे प्रर्थना पत्र देकर कहा है की हमारे खेत के बगल से चकनाली है जो मैं मकान बनाना चाहता हूं सीमांकन करने की अवश्यकता है। एक पुराना मामला जमीन से सम्बंधित महदेइया टोला बगहीडीह का था वह निस्तारण किया गया है। विजयशंकर सिंह ने बताया की एक मामला जमीन से सम्बंधित आया वह हल्का लेखपाल को समाधान के लिए निर्देशित किया गया है। इस दौरान उप निरीक्षक अविनाश चन्द, उप निरीक्षक रामगति, उप निरीक्षक रवि उपाध्याय, उप निरीक्षक बिरेन्द्र कुमार यादव, देव पाल दुबे, वसीम अहमद,कानून गो अम्रीश, कानून गो अब्दुल कय्यूम, लेखपाल मनोज कुमार, अखिलेश यादव, विनोद कुमार वरुण, हसन तमीम, धर्मवीर श्रीवास्तव, राहुल तिवारी, महेंद्र शर्मा, सुबोधकांत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ



**उरई (जालौन)।** ग्राम टीहर में फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें बच्चों को एल्बेंडाजोल व फाईलेरिया की दवा खिलाई गई। 10 फरवरी से 28 फ़रवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को कन्या प्राथमिक विद्यालय टीहर में बनाये गए बूथ पर ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव द्वारा स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को एल्बेंडाजोल एवं फाईलेरिया की दवा खिलाकर शुभारंभ किया गया। शुरुआत करते हुए प्रधान ने कहा कि ये फाइलेरिया की बीमारी मच्छर के काटने से फैलती है। जरूरी नही की इसका असर तुरंत हो इसका असर सालों बाद भी हो सकता है। इसके तहत हाथी पांव,हाइड्रोसील की बीमारी हो जाती है।यह बाद में लाइलाज है ।इसलिए हर एक को इस दवा का सेवन करना है ताकि स्वयम एवम परिवार सुरक्षित रहे। सी एच ओ सोमप्रताप सिंह ने बताया कि 1 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, गंभीर बीमार लोगो को दवा नही खानी है। एएनएम कुसुम ने बताया कि इस दवा का कोई साइड इफेक्ट्स नहीं है।सभी लोग खाएं। इस मौके पर प्रधान प्रदीप कुमार गौरव, सीएचओ सोमप्रताप सिंह, सुपरवाइजर रवि पराग,एएनएम कुसुम, हेडमास्टर गीता, आंगनवाड़ी से मीरा देवी, चित्रा देवी, आशा राजपति, पप्पी, अध्यापक अख्तर जी, सुरेश कुमार एवम रसोइयों सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# आकांक्षा समिति ने लघु नाटिका से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया महोत्सव में आज शाम आकांक्षा समिति द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता परक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित लोगों द्वारा जमकर सराहा गया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने मुक्तकंठ से नाट्यकर्मियों की प्रशंसा की। इस अवसर पर आकांक्षा समिति की अध्यक्षा भावना सिंह ने कहा कि आज प्रस्तुत नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया गया है।

प्रस्तुत नाटिका में हम सभी के लिए एक संदेश है कि जीवन अनमोल है उसकी रक्षा करना हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है और साथ ही साथ हम सभी से एक आकांक्षा भी कि हम नियमों का स्वतः पालन करें और अपना जीवन सुरक्षित रखें। सड़क दुर्घटनाओं के और भी कई कारण हैं। सभी को वाहन चलाते समय या वाहन का उपयोग करते समय निर्देशों और नियमों का पालन करना चाहिए। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाने और गति सीमा जैसे नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। रैश ड्राइविंग या नशे में गाड़ी चलाना कारों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। हमारा जीवन हमारे हाथ में है इसलिए नियमों का पालन करना जरूरी है। सड़क दुर्घटनाओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और ऐसे में लोगों को इस सार्वजनिक मुद्दे के बारे में जागरूक होने की जरूरत है। सड़क दुर्घटनाओं के कारण हर साल दुनिया भर में 1.2 मिलियन से अधिक लोग मारे जाते हैं और 20 से 50 मिलियन लोग गंभीर चोटों का शिकार होते हैं और इसलिए यह इन दिनों एक गंभीर मुद्दा बन गया है।

सड़क सुरक्षा पर वैश्विक स्थिति रिपोर्ट नामक एक रिपोर्ट की भविष्यवाणी के अनुसार, 2030 तक सड़क दुर्घटनाएं मौत का पांचवां प्रमुख कारण बन जाएंगी। इसे अपने लिए एक चेतावनी के रूप में मानना चाहिए क्योंकि अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं का कारण लापरवाही है और इसलिए यह एक बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। सड़क दुर्घटनाएं होने के कई कारण हो सकते हैं लेकिन इसका मुख्य कारण चालक या किसी अन्य व्यक्ति की लापरवाही या असावधानी है। लोग यातायात निर्देशों और नियमों का ठीक से पालन नहीं करते हैं इसलिए इससे गंभीर चोटें और मौतें होती हैं। हम आमतौर पर ऐसे लोगों को देख सकते हैं जो ट्रैफिक सिग्नल तोड़ते हैं, नशे में गाड़ी चलाते हैं, सीटबेल्ट नहीं पहनते हैं, कम उम्र के बच्चे गाड़ी चलाते हैं आदि। इस अवसर पर डॉ शशि प्रभा, भारती शुक्ल भारती , मोनिका अरोड़ा, प्रियंका सिंह अर्शिया रहमान, माया त्रिपाठी, तिवारी सुधा, उषा मणी प्रियंका जोशी, शीला श्रीवास्तव, सरिता त्रिपाठी, रिचा सिंह, प्रिया श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## भक्ति प्रहर में 501 राम रक्षास्तोत्र का हुआ पाठ

देवरिया महोत्सव में आयोजित भक्ति प्रहर के सातवें दिन के मुख्य यजमान सीएमएस डा एचके मिश्रा रहे। कार्यक्रम का संयोजन सौरभ श्रीवास्तव ने किया। पंडित घनश्यामानन्द ओझा, ज्योतिषाचार्य शंख बाबा के नेतृत्व में विकास कुमार पाण्डेय, नर्वदेश्वर पाण्डेय व्यास आनंद मिश्र, धीरज पाण्डेय, सप्तऋषि चौबे आदि ग्यारह ब्राह्मणों के द्वारा श्रीराम रक्षास्तोत्र का 501 पाठ कराया गया। एवं सायंकालीन आरती में सीएमस डा एचके मिश्रा के साथ स्वास्थ विभाग के विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव के लिये सपा छोड़ किसी पार्टी ने नहीं खोले अपने पत्ते

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** समाजवादी पार्टी ने अपना पत्ता भी खोल दिया है। सपा ने जिले के कद्दावर नेता व कटेहरी से विधायक लाल जी वर्मा पर अपना दाव लगाया है। भाजपा, बसपा, कांग्रेस आदि पार्टियों ने अपना प्रत्याशी अभी नहीं तय किया है। जिले में सपा पर दृष्टिपात किया जाए तो खुद बखुद पता चलेगा कि इस पार्टी की हैसियत कितनी अच्छी है। यहां के सभी विस सीटों पर सपा काबिज है।

गुजरे जमाने में बसपा के कद्दावर नेता रहे लालजी वर्मा वर्तमान में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के करीबी नेताओं में शुमार हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने तीन बार इस सीट से चुनाव जीता। उन्होंने 1998, 1999 और 2004 में अकबरपुर से जीत दर्ज की और दिल्ली पहुंची। बाद में 2009 में भी यहां से बसपा ही जीती। बता दें कि 29 सितंबर 1995 को तत्कालीन सीएम मायावती ने फैजाबाद से अलग कर अंबेडकर नगर जिले की स्थापना की थी। अंबेडकरनगर में 25 फीसदी दलित अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं। 15 प्रतिशत आबादी मुसलमानो की है। अंबेडकर नगर सीट से बसपा सुप्रीमो मायावती अगर चुनावी समर में उतरी तो फिर चुनाव दिलचस्प हो सकता है। भाजपा ने अंबेडकर नगर लोक सभा सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं किया है। जिले में पार्टी ने आम चुनाव को देखते हुए इस सीट को भाजपा की झोली में डालने के लिए कमर कस लिया है। भाजपा की जिला इकाई के पदाधिकारियों के अनुसार सरकार की नीतियों व जनहित में चलाई गई महत्वाकांक्षी योजनाओं तथा कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत के दम पर अंबेडकर नगर सीट पर बीजेपी की जीत दर्ज होगी। सपा जिला इकाई के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का कहना कि सपा प्रत्याशी कटहरी विधायक लालजी वर्मा को जीत दिलाएंगे।

## डीएम ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संग की बैठक



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह द्वारा सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रट सभागार मेंआहूत की गयी है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार 1 अप्रैल को 18 वर्ष पूरे कर रहे सभी छात्र /छात्राओ, व्यक्तियो के वोट बना लिये जाये कोई भी छूटने ना पाये, 20 से 29 वर्ष के छूटे हुये लोगो के भी वोट बनवाना सुनिश्चित करे। विधानसभा क्षेत्र में जितने भी कॉलेज है उनके प्रिन्सिपल से व्यक्तिगत रूप से मिल कर वोटर फार्म उपलब्ध कराए सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में शौचालय पेयजल विधुत व्यवस्था एक सप्ताह में उपलब्ध करा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें सभी वूथो पर बूथ नंबर , लोकसभा निर्वाचन 2024 अंकित कराना सुनिश्चित करे सभी वी0आई0पी0 वोटर्स के मतदाता सूची में नाम चेक कर ले जिन बूथों की वेव कास्टिंग होनी है उन बूथों पर नेटवर्क चेक करा लें बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपर जिलाधिकारी व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पीड़ित महिला की तहरीर पर एक पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीयाथाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी पीड़ित महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि प्रयागराज निवासी राज सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से उसके फोन पर अश्लील मैसेज और अश्लील वीडियो लगातार 6 महीने से भेज रहा है। प्रार्थिनी उसके मोबाइल को ब्लॉक करती रही किंतु वह नए-नए नंबरों से उक्त अश्लील संदेश भेजता रहा। जब पति ने उससे बात किया तो उसने अपने को प्रयागराज जनपद का निवासी बताया।

# देश का गौरव बढ़ाती खबरें

मीडिया में कई बार खबरें आती हैं, मीडिया में कई बार ऐसी खबर आती हैं, जिन्हें पढ़कर या सुनकर गौरव महसूस होता है।ऐसी ही खबर पिछले दिनों लद्दाख सीमा से आई। लद्दाख के पूर्वी इलाके के स्थानीय चरवाहों और चीनी सैनिकों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि चीनी (पीएलए) सैनिक लद्दाखी चारवाहों को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास भेड़ चराने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लद्दाखी उन्हें पूरी निडरता के साथ जवाब दे रहे हैं। 2020 के गलवान संघर्ष के बाद स्थानीय चरवाहों ने इस क्षेत्र में जानवरों को चराना बंद कर दिया था। वीडियो में मौके पर लगभग तीन चीनी बख्तरबंद वाहन और कई सैनिक दिखाई दे रहे हैं। वाहन अलार्म बजाते हैं, जाहिर तौर पर चरवाहों को वहां से चले जाने का संकेत देते हैं, लेकिन लद्दाखी अपनी जिद पर अड़े हैं और पीएलए सैनिकों के साथ बहस करते नजर आ रहे हैं। चरवाहों का कहना है कि वे भारतीय क्षेत्र में मवेशी चरा रहे हैं। कुछ मौकों पर जब झगड़ा बढ़ जाता है तो कुछ चरवाहे पत्थर उठाते नजर आते हैं। लेकिन वीडियो में हिंसा भड़कती नहीं दिख रही है। वीडियो में दिख रहे चीनी सैनिक हथियारबंद नहीं हैं। चरवाहों के विरोध के बाद ची सैनक वापिस चले जातें हैं। चुशूल के पार्षद कोंचोक स्टैनजिन ने स्थानीय चरवाहों द्वारा दिखाए गए प्रतिरोध की सराहना की और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय सेना की प्रशंसा की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, %%पूर्वी लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों में चरवाहों और खानाबदोशों को पैंगोंग के उत्तरी तट के साथ पारंपरिक चरागाहों में अपने अधिकारों का दावा करने की सुविधा प्रदान करने में भारतीय सेना द्वारा किए गए सकारात्मक प्रभाव को देखना खुशी की बात है। उन्होंने कहा, मैं ऐसे मजबूत नागरिक-सैन्य संबंधों और सीमा क्षेत्र की आबादी के हितों की देखभाल के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद देता हूं। चुशूल पार्षद ने कहा कि भारतीय बलों के समर्थन के कारण चरवाहे चीनी सैनिकों का बहादुरी से सामना कर सके। उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारी सेनाएं पीएलए के साथ चराई संबंधी मुद्दों को सुलझाने में हमेशा नागरिकों के साथ हैं, यह सब उनके समर्थन के कारण ही है कि हमारे खानाबदोश पीएलए का बहादुरी से सामना कर सके। एक जमाना था कि चीन के कहने पर भारत सरकार अपने सैनिकों को आदेश देकर अपने कब्जे वाले क्षेत्र मे बनाए बंकर तुड़वा देती थी। सीमा क्षेत्र में यातायात और संचार के साधन चीन के दबाव के कारण पिछली सरकारों में नही बढ़ाए जा सके थे। 2020 में चीन से विवाद के बाद हालात बदले हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रास्ते ही नहीं बन रहे, हवाई सेवाओं का विस्तार हो रहा है।चीन सेना के सामने भारतीय सेना सीना ताने खड़ी है।आधुनिक शस्त्र चीन की सीमा पर तैनात किये गए हैं।

# दास्तां है दो नोबेल विजेताओं की

दो बांग्लाभाषी हैं। दोनों नोबेल विजेता। महान अर्थशास्त्री हैं। एक पड़ोसी गणराज्य बांग्लादेशी। दूसरे पश्चिम बंगाल के। ढाका और कोलकता के ये दोनों अपनी सरकारों से सताये हुए हैं। मगर अमृत सेन कांग्रेसी सरकार के बहुत बड़े लाभार्थी रहे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चहेते भी। आजकल उनके दिन बिगड़े हैं। उधर प्रो. मोहम्मद यूनुस राजनीतिक कारणों से प्रधानमंत्री बेगम शेख हसीना से पीड़ित किए गए। पहले इस बांग्लादेशी की चर्चा कर लें। पश्चिम देशों में 85-वर्षीय प्रो. यूनुस को गरीबों का बैंक कहते हैं। ग्रामीण बैंकों की श्रृंखला बनाने के कारण। मगर आवामी लीग की प्रधान मंत्री हसीना उन्हें निर्धनों का रक्त-पिपासु बताती हैं। उन्हें दुश्मन मानती हैं। प्रो. यूनुस को खत्म करने के लिए बांग्लादेशी संसद ने एक विशेष कानून बनाया था ताकि ग्रामीण बैंकों का काम करना कठिन हो जाए। यूनुस कई बार पुलिसिया गिरफ्त में भी आए। कई मुकदमों का सामना कर रहे हैं। अपने जौहरी पिता की नौ संतानों में तीसरे मोहम्मद यूनुस माइक्रो-फ़िनांस के सृजक हैं। शेख हसीना को इस नवउदारवादी अर्थनीति से घृण थी। बस शत्रुता का प्रारंभ यहीं से हुआ। शेख हसीना की सरकार ने ग्रामीण और यूनुस के खिलाफ अभियान चलाया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया : उनकी हरकतें 2007 में श्री यूनुस की उस घोषणा का प्रतिशोध प्रतीत होती हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सार्वजनिक पद की तलाश करेंगे, भले ही वह अपनी योजनाओं पर कभी अमल नहीं कर सके। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, यूनुस के खिलाफ उनके फैसले में एक अन्य कारक ने योगदान दिया : नोबेल शांति पुरस्कार। हसीना ने सोचा था कि नॉर्वेजियन नोबेल शांति पुरस्कार समिति उन्हें 1997 में शांति संधि, चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) पर हस्ताक्षर करने के लिए पुरस्कार में देगी। अटॉर्नी जनरल महबुबे आलम ने 9 मार्च को सरकार का रुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा : प्रधानमंत्री शेख हसीना को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए था। उन्होंने नोबेल समिति के विवेक को चुनौती दी।

प्रो. यूनुस की ईमानदारी साबित हो गई जब 11 जनवरी 2007 को सेना जनरल मोईन यू अहमद ने तख्तापलट किया। इस बीच खालिदा जिया का कार्यकाल समाप्त होने के बाद देश का चौथा मुख्य सलाहकार बनने का उनका अनुरोध प्रो. यूनुस ने ठुकरा दिया था। हालाँकि, यूनुस ने इस पद के लिए जनरल फखरुद्दीन अहमद को चुनने का सुझाव दिया। फ़ख़रुद्दीन ने 11 जनवरी 2007 को पदभार संभाला और अपने पहले ही दिन यह स्पष्ट कर दिया कि उनका इरादा न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था करना है बल्कि भ्रष्टाचार को साफ़ करना भी है। खालिदा और हसीना ने जहां फकरुद्दीन की आलोचना की और दावा किया कि भ्रष्टाचार को साफ करना उनका काम नहीं है, वहीं यूनुस ने संतोष व्यक्त किया। एएफपी समाचार एजेंसी के साथ एक साक्षात्कार में, यूनुस ने टिप्पणी की कि बांग्लादेश में राजनेता केवल पैसे के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा : यहां कोई विचारधारा नहीं है। हसीना ने यूनुस की टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्हें सूदखोर कहा, जो न केवल गरीबी को मिटाने में विफल रहा है, बल्कि गरीबी को बढ़ावा भी दिया है। इस वैश्विक स्तर के अर्थशास्त्री को तंग करने में प्रधानमंत्री हसीना ने ग्रामीण बैंक पद से उन्हें हटा दिया। दो कारण दिये। पहला : ग्रामीण बैंक ने मिलावटी दही बनाने वाले को बैंक लोन प्रो. यूनुस के कहने पर दिया गया। दूसरा कि उन्होंने साठ वर्ष की रिटायरमेंट आयु से अधिक काम किया। यह सरकारी नियमों के खिलाफ था। हालांकि बैंक के नौ निदेशकों ने, लाखों कर्जदारों और बाइस हजार कार्मिकों ने प्रो. यूनुस का समर्थन किया था। नब्बे लाख उधारकर्ताओं ने भी उनका साथ दिया था। तो गरीबों के मसीहा कहलानेवाले प्रो. यूनुस पर सत्तालोलुप प्रधानमंत्री के अवांछनीय हमले होते रहे। हालांकि अंतरराष्ट्रीय अर्थवेत्ताओं और कई यूरोपीय तथा अमेरिकी सांसदों ने बेगम हसीना को पत्र भी लिखे कि एक नोबेल विजेता बांग्लादेशी का आदर किया जाए। परेशान नहीं। अब गौर करें भारतीय वंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। मामला बड़ा मामूली है। उन पर रविंद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है। सेन इसे अपनी जमीन बताते हैं, जो उन्हें उपहार में मिली थी। इसी बीच प्रो. सेन ने ऐलान कर डाला कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारत के श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री बनने लायक हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# सोशल मीडिया पर सहज होती महिलाएं





पूजा, एक 31 वर्षीय महिला है। वह दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में अपने पति और दो पुत्रों के साथ किराए के मकान में रहती है। उसकी इच्छा थी कि वह एक स्वतंत्र और आत्मनिर्भर महिला बने। उन्होंने 4 साल पहले सिलाई सीखी और अब वह इसे घर के कामों के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की कमाई के लिए भी करती है। एक दिन उसने अपने फ़ोन पर YouTube में एक वीडियो देखा, जिसमें अपना खुद का YouTube चैनल बनाने की जानकारी दी गई थी। पूजा की भी यह इच्छा थी कि लोग उसकी सिलाई के हुनर और प्रतिभा को जानें। तीन साल पहले उसने YouTube पर पूजा व्लॉग जय माता दी नाम से खुद का एक चैनल बनाया। इस काम में उसके बेटे ने काफी मदद की। इस चैनल पर पूजा ने सिलाई-कटाई से जुड़ी की जानकारियां साझा की। जिसे महिलाओं द्वारा काफी पसंद भी किया जाने लगा।



ज्योति

हालांकि शुरुआती दौर में पूजा को कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उसके घरवालों को उसका वीडियो बनाना पसंद नहीं था। जिसके कारण उसका YouTube चैनल एक बार उन्हीं के घरवालों द्वारा डिलीट कर दिया गया जिसमें उसने अपनी 28 वीडियो साझा की थी। लेकिन पूजा ने हिम्मत नहीं हारी और एक बार फिर से YouTube पर अपने काम से संबंधित वीडियो अपलोड करने लगी। सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर डालना पूजा के लिए एक नया अनुभव था। हालांकि घर के काम के साथ-साथ सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाकर और उसे एडिट करके डालना उनके लिए काफी मुश्किल होता था। वह कहती हैं कि पहले वह कैमरे के सामने आने से डरती और घबराती थी। परन्तु धीरे धीरे अपने आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय के साथ उन्होंने अपने दैनिक जीवन और सिलाई ट्रिक्स की वीडियो को साझा करके एक विशेष दर्शक वर्ग की समृद्धि कर ली। आज उनके यूट्यूब चैनल पर 5000 सब्सक्राइबर हैं और उनका YouTube चैनल उनके लिए स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता का माध्यम बन चुका है।

पूजा कहती हैं कि सोशल मीडिया ने मुझे जीना सिखाया है क्यूंकि आर्थिक तंगी और पारिवारिक झगड़ों के कारण मैं खुद को काफी अकेला महसूस करती थी। लेकिन YouTube पर वीडियो डालने से मुझे ख़ुशी मिलती है। इसने न केवल मुझे सशक्त बनाया है बल्कि आर्थिक रूप से भी मज़बूत किया है। अब मैं खुद कमाती हूं। मुझे किसी पर भी निर्भर होने की जरुरत नहीं हैं। इस संबंध में उनके पति सन्नी पांडे कहते हैं कि पूजा के सशक्तिकरण में डिजिटल दुनिया का भी महत्वपूर्ण रोल है। पहले मैं भी घर वालों के दबाव में मना करता था। लेकिन समय बीतने के साथ मुझे एहसास हुआ कि वह कोई गलत काम नहीं कर रही है बल्कि अपने हुनर से दुनिया को परिचित कराती है। वह सिलाई-कटाई में दक्ष है। जिसका उपयोग वह YouTube पर करती है। अब मैं उसे इस काम से नहीं रोकता हूँ।

पूजा हमारे समाज की एक मिसाल है। जिसने अपने आप को उन सभी लोगों के बीच शामिल किया जो आज के समय डिजिटल साक्षर होकर अपने जीवन को एक नयी दिशा दे रहे हैं। यह पूजा की ही इकलौती कहानी नहीं हैं। ऐसी अनेकों कहानियां आज हमारे आसपास देखने को मिल जाएंगी। लेकिन इसके बावजूद एक हकीकत यह है कि भारत में महिला और पुरुष द्वारा मोबाइल फोन और इंटरनेट के उपयोग के मामले में एक बड़ा लैंगिक अंतर देखने को मिलता है। वैश्विक मोबाइल उद्योग संघ (जीएसएमए) द्वारा प्रकाशित मोबाइल लिंग अंतर रिपोर्ट 2022 में महिला और पुरुष के बीच मोबाइल और इंटरनेट के इस्तेमाल से संबंधित अलग अलग आंकड़े जारी किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार भारत में 81 प्रतिशत पुरुषों और 70 प्रतिशत महिलाओं द्वारा मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया जाता है, यानी 11 प्रतिशत का अंतर है, जबकि मोबाइल इंटरनेट के इस्तेमाल के मामले में यह अंतर और भी अधिक गहरा हो जाता है। रिपोर्ट के अनुसार जहां 52 प्रतिशत पुरुष मोबाइल पर इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं वहीं मात्र 31 प्रतिशत महिलाएं मोबाइल इंटरनेट की पहुंच रखती हैं।


इस अंतर का एक प्रमुख कारण महिलाओं और किशोरियों के पास डिजिटल साक्षरता तथा डिजिटल उपकरणों को इस्तेमाल करने की जानकारी नहीं होना है। जिसके कारण यह वर्ग डिजिटल डिवाइस के साथ सहज नहीं हैं। जबकि एक महिला के हाथ में स्मार्टफोन न केवल उसे और उसके परिवार को, बल्कि उसके पूरे समुदाय को शिक्षित और सशक्त बनाता है। डिजिटल उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करके महिलाएं अपने अद्वितीय क्षमताओं को पहचान सकती हैं। यह हमें दिखाता है कि उत्साह, संघर्ष और उन्नति की दिशा में किसी भी स्थिति में सकारात्मक कदम उठाना संभव है। डिजिटल उपकरणों का सही तरीके से उपयोग किसी भी महिला को उसके सपनों की पूर्ति में सहायक हो सकता है। इसमें सोशल मीडिया एक शक्तिशाली साधन है जो उसे स्वतंत्रता और समृद्धि की ओर एक कदम बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

डिजिटलीकरण महिला सशक्तिकरण के लिए अवसरों की विविधता प्रदान करता है। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, वित्त, विकलांगता और आजीविका जैसे अधिकारों और लाभों तक पहुंच के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने के लिए जानकारी प्रदान करता है और कल्याणकारी योजनाओं के वितरण की सुविधा प्रदान करता है। डिजिटल साक्षरता आज के समाज का एक अभिन्न अंग बन चुका है, जिसका महत्व भारत के साथ-साथ दुनिया का हर देश महसूस कर रहा है। साक्षर होना तो हर किसी के लिए जरूरी है लेकिन वर्तमान में डिजिटल साक्षरता सामान्य साक्षरता से भी अधिक महत्वपूर्ण बन गया है क्योंकि आज दुनिया का हर एक व्यक्ति कहीं-न-कहीं किसी-न-किसी प्रकार से अगर एक दूसरे के संपर्क में है तो वह डिजिटल, तकनीकी विकास और इंटरनेट के कारण है।

डिजिटल साक्षरता वर्तमान और भविष्य की बढ़ती अर्थव्यवस्था और रोजमर्रा की ज़िन्दगी में सबसे बड़ी भूमिका निभा रही है और निभाने वाली है। बहुत जल्द दुनिया पूरी तरह से डिजिटल पर आश्रित हो जाएगी, ऐसे में उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी डिजिटल साक्षरता। ऐसे में हमें इसकी महत्ता को समझना जरूरी है। इसे महिलाओं और किशोरियों तक आसान पहुंच बनाने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि आधी आबादी को नज़रंदाज़ कर पूरी तरह से डिजिटल दुनिया की कल्पना असंभव है। (चरखा फीचर) यह आलेख संजॉय घोष मीडिया अवॉर्ड 2023 के तहत लिखा गया है।

# उनका है तो परिवारवाद इनका है तो समाजवाद?

गत दिनों राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियां तो कम गिनाई परन्तु विपक्ष पर अधिक हमलावर रहे। उन्होंने एक बार फिर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू,इंदिरा गांधी व राहुल गांधी पर निशाना साधा। कांग्रेस पार्टी पर परिवारवादी राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कि देश ने जितना परिवारवाद का ख़मियाज़ा उठाया है, खुद कांग्रेस ने भी उसका उतना ही ख़मियाज़ा उठाया है। सदन में ही जब कांग्रेस की ओर से 'बीजेपी में फलते फूलते परिवारवाद' पर सवाल किया गया तो मोदी ने कहा कि उनके लिए परिवारवाद का मतलब एक ही परिवार के कई लोगों के राजनीति में आने से नहीं है। उन्होंने कहा, अगर किसी परिवार में अपने बलबूते पर व जनसमर्थन से एक से अधिक लोग राजनीतिक क्षेत्र में भी प्रगति करते हैं, उसको हमने कभी परिवारवाद नहीं कहा है। हम परिवारवाद की चर्चा वो करते हैं, जो पार्टी परिवार चलाता है, जो पार्टी परिवार के लोगों को प्राथमिकता देती है, पार्टी के सारे निर्णय परिवार के लोग ही करते हैं, वो परिवारवाद है। न राजनाथ जी की कोई पॉलिटिकल पार्टी है न अमित शाह की कोई पॉलिटिकल पार्टी है। यानी प्रधानमंत्री ने नेहरू-गांधी परिवार पर हमला बोलने की सुविधाजनक परिभाषा गढ़ डाली। अमितशाह व राजनाथ सिंह का नाम लेकर उन्हें सदन में इसलिये सफ़ाई देनी पड़ी क्योंकि कांग्रेस पार्टी और कई विपक्षी नेता अक्सर यह सवाल करते हैं कि गृह मंत्री अमित शाह के पुत्र जय शाह बीसीसीआई के सचिव से लेकर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष तक किस आधार पर बन जाते हैं ? विपक्ष पूछता है कि जय शाह के पास अमित शाह का पुत्र होने के अतिरिक्त ऐसी कौन सी योग्यता है जिसके आधार पर उन्हें इतने महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त,मनोनीत या निर्वाचित कराया जाता है? इसी तरह राजनाथ सिंह के एक पुत्र जहाँ भाजपा से विधायक हैं वहीं दूसरे भी किसी महत्वपूर्ण पद पर आसीन हैं।



निर्मल रानी



मोदी ने परिवारवाद की नई परिभाषा गढ़ते हुये अपनी ही पार्टी के अनुराग ठाकुर,पियूष गोयल,धर्मेंद्र प्रधान,वसुंधरा व ज्योतिरादित्य सिंधिया,देवेंद्र फड़नवीस,जतिन प्रसाद,आर पी एन सिंह,राव इंदरजीत सिंह व किरण रिजिजू जैसे उन अनेक नेताओं का बचाओ किया जो अपनी पैतृक राजनीति के ही प्रतीक हैं। परन्तु प्रधानमंत्री के अनुसार जो पार्टी,एक परिवार चलाता है, जो पार्टी परिवार के लोगों को प्राथमिकता देती है, जिस पार्टी के सारे निर्णय एक ही परिवार के लोग करते हैं, ऐसे दलों व नेताओं के परिवारवाद का देश ने ख़मियाज़ा उठाया है?फिर तो प्रधानमंत्री को यह भी बताना चाहिये कि 2014 तक भाजपा का जिस बल ठाकरे व उद्धव ठाकरे की शिवसेना के साथ महाराष्ट्र में 25 वर्षों तक गठबंधन रहा और महाराष्ट्र में अनेक लोकसभा व विधानसभा चुनाव भाजपा -शिवसेना मिलकर लड़ी वह परिवारवादियों से समझौता था या नहीं ? इसी तरह जो शिरोमणि अकाली दल, बादल परिवार की पार्टी है और किसान आंदोलन से पूर्व दशकों तक भाजपा की सहयोगी रही है उसका परिवारवाद प्रधानमंत्री की परिभाषा से कैसे अलग है ? इसी तरह भाजपा जब चाहे तब हरियाणा में एक ही परिवार की पार्टी इंडियन नेशनल लोकदल से समझौता कर सकती है ? आज भी भाजपा हरियाणा में जिस जननायक जनता पार्टी (जे जे पी) के साथ सत्ता की साझेदार है वह भी एक ही परिवार की पार्टी है। इसी तरह भाजपा जब चाहे कश्मीर में मुफ़्ती मोहम्मद सईद की पारिवारिक पार्टी पी डी पी से समझौता कर सकती है? बिहार में राम विलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी क्या परिवारवाद की पार्टी का प्रतीक नहीं? कर्नाटक में भाजपा परिवारवादी राजनीति करने वाले येदियुरप्पा के हाथों में क्यों खेलती है? इसी तरह के और भी कई परिवारवादी दल हैं जिनसे भाजपा गठबंधन करने में परहेज़ नहीं करती। सवाल यह है कि जब प्रधानमंत्री कहते हैं कि -परिवारवाद का देश ने ख़मियाज़ा उठाया है फिर आख़िर उन्हीं की परिभाषा वाले परिवारवादियों से भाजपा के गलबहियां करने का अर्थ व औचित्य क्या ?

दरअसल मोदी सहित भाजपा नेताओं को कांग्रेस व कांग्रेस सहयोगी दलों में ही सारा परिवारवाद नज़र आता है। इन्हें केवल राहुल गाँधी,अखिलेश यादव,तेजस्वी यादव जैसे नेता ही परिवारवादी राजनीति के प्रतीक नज़र आते हैं। इन्हें राहुल गाँधी की परिवारक कुंडली तो नज़र आती है परन्तु उनका कन्याकुमारी से कश्मीर व मणिपुर से मुंबई तक की साहस भरी भारत जोड़ो न्याय यात्रा नज़र नहीं आती ? इन्हें राहुल के पिता व दादी की क़ुरबानी दिखाई नहीं देती ? इन्हें राहुल की मां सोनिया गाँधी द्वारा प्रधानमंत्री जैसे उस पद का त्याग नज़र नहीं आता जिससे आजीवन चिपके रहने के लिये कौन कौन से हथकंडे नहीं अपनाये जा रहे ? लालू यादव व मुलायम सिंह यादव की सामाजिक न्याय की वजह से भी भाजपा इनकी पार्टी की वैचारिक विरोधी है जिसके चलते इनपर परिवारवाद का आरोप लगाती है। पिछले दिनों अपने जिस राजनैतिक गुरु लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देकर उनसे प्रधानमंत्री पद हड़पने का पश्चाताप किया गया उन्हीं आडवाणी को 22 अक्टूबर 1990 को लालू यादव ने बिहार का मुख्यमंत्री रहते गिरफ़्तार किया था। यह घटनाएं भाजपा आख़िर कैसे भूल सकती है ? इसी तरह मुलायम सिंह यादव द्वारा अक्टूबर 1990 को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री रहते अयोध्या में कर्फ़्यू लगाया गया। उन्होंने बाबरी मस्जिद के आसपास के इलाकों में बैरकेडिंग कर कहा था कि, बाबरी मस्जिद पर कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। और 30 अक्टूबर 1990 को जब भीड़ ने कारसेवकों के साथ हनुमानगढ़ी की ओर बढ़ना शुरू किया उस समय ढांचे की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कारसेवकों पर गोलियां दाग़ी गयी थीं जिसमें कई कारसेवक व साधुओं की जानें भी गयी थीं। बाद में यही आंदोलन जब और उग्र हुआ तो 6 दिसंबर 1992 की घटना के रूप में इसकी परिणिति हुई।

ज़ाहिर है कांग्रेस,समाजवादी पार्टी व आर जे डी की यही धर्मनिरपेक्ष राजनीति जब रास नहीं आती तो वैचारिक कुंठा से ग्रस्त लोग इनपर परिवारवाद और भ्रष्टाचार जैसे आरोप लगाकर इन्हें बदनाम करने की भी कोशिश करते हैं साथ ही जनसरोकार से जुड़े वास्तविक मुद्दों की तरफ़ से जनता का ध्यान भी भटकाते हैं। यानी इन्हें उनका परिवारवाद तो परिवारवाद दिखाई देता है परन्तु अपना परिवारवाद, समाजवाद नज़र आता है ?

# उई बाबा ! सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले सावधान रहिएगा जी

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में तेज़ी से विस्तारित हो रहे डिजिटलाइजेशन के कारण विभिन्न प्रकार के ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स तेज़ी से बढ़ते जा रहे हैं, जिन्हें हम सोशल मीडिया के नाम से जानते हैं।आज करीब करीब हरमोबाइल धारकों के पास व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम सहित ऐसी अनेकों ऐप्स है जिनके माध्यम से वे अपने भावों को व्यक्त करतें है। सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट को शेयर करना ,फॉरवर्ड करना या फिर उसे रिट्वीट कर देना काफी आम बात है। किसी भी सोशल मीडिया यूजर को जैसे ही कोई पोस्ट पसंद आता है। अक्सर वह ऐसा ही करते हैं। सोशल मीडिया पर एक विचार का समर्थन दर्शाना अर्थात वह स्वयं का विचार बन जाता है। ऐसे में जानकारी रखना काफी आवश्यक है कि सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट को रिट्वीट करना फॉरवर्ड करना या फिर शेयर करना क्या अपराध की श्रेणी में आता है या नहीं? परंतु उनकी नजर में तो साफ सुथरे और वेज़ होते हैं। परंतु हो सकता है उससे किन्हीं अन्य वर्ग के दिल में ठेस पहुंचा रहे हो, तो फिर वह मैटर बन जाता है और शिकायतों का दौर शुरू हो जाता है जिसे माफी मांग कर समाप्त कर हल निकालने की कोशिश की जाती रही है। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए एक फैसले के अनुसार केवल माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही का सामना करने से नहीं बच सकते।हमने कई बार देखा है कि कई लोगों के पास फेसबुक या अन्य एप्स 5 हज़ार की अधिकतम सीमाएं तक पहुंच जाते हैं तो फिर वह अपनी प्रसिद्ध को आगेबढ़ाते हुए उसी के पार्ट-2 और पार्ट-3 जोड़ देते हैं और यह संख्या हज़ारों से लाखों तक पहुंच जाती है, जिससे सोच अपने आप को सेलिब्रिटी समझने की ओर सो चली जाती है, तो स्वाभाविक रूप से अनेक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लीक से हटकर पोस्ट शेयर या फॉरवर्ड कर देते हैं जो उनके लिए जी का जंजाल बन जाता है फ़िर माफी मांगते हैं।परंतु अब हम हजारों ग्रुप्स में देखते हैं कि अनेक पोस्ट शेयर फॉरवर्ड किए हुए मिलते हैं जो ऐसे लोगों द्वाराफॉरवर्ड किया जाता है जिनका उनसे कोई लेना देना नहीं होता बस अनर्गल विचार, अनेक विषयों पर लिखते हैं जिनमें कुछ वर्गों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है, लेकिन अब हमें ऐसी पोस्ट शेयर फॉरवर्ड से बचने की जरूरत है वरना हमें आपराधिक कार्यवाही का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। चूंकि 18 अगस्त 2023 को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक महत्वपूर्ण फैसले में इस अभद्र अपमानजनक पोस्ट को लेकर टिप्पणियां आई है, ऐसे पोस्ट पर माफी से कम नहीं चलेगा बल्कि आपराधिक कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर फॉरवर्ड अब सोच समझ कर कीजिएगा जी।



एड. किशन




साथियों बात अगर हम दिनांक 18 अगस्त 2023 को आए एक अपेक्स कोर्ट के दो जजों की बेंच के जजमेंट की करें तो, सोशल मीडिया पर अभद्र और अपमानजनक पोस्ट को लेकर एक याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने वालों को सजा देना जरूरी है, ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही से नहीं बच सकते। उन्हें अपने कृत्यों का परिणाम भुगतना होगा। कोर्टने तमिल अभिनेताऔर पूर्व विधायकके खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया। उनके खिलाफ महिला पत्रकारों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला दर्ज है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा हैकि सोशलमीडिया उपयोगकर्ताओं को इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में सावधान रहने की हिदायत देते हुए अभिनेता और तमिलनाडु के पूर्व विधायक द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है।

साथियों बात अगर हम इस केस को समझने की करें तो, मामला 2018 का है। उन्होंने अपने फेसबुक पर महिला पत्रकारों को निशाना बनाते हुए एक आपत्तिजनक पोस्ट किया था। दरअसल, एक महिला पत्रकार ने तमिलनाडु के तत्कालीन राज्यपाल पर अभद्रता का आरोप लगाया था। महिला पत्रकार के इस आरोप पर उन्होंने अपनी राय रखी थी। उनके इस पोस्ट के बाद काफी विवाद हुआ था। एक राजनीतिक पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की,इस पोस्ट को लेकर तमिलनाडु में उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए।जैसे ही उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ, उन्होंने तुरंत अपना पोस्ट हटा दिया और बिना शर्त माफी मांगी। एक्टर ने किसी और का पोस्ट शेयर किया था। उस समय उनकी दृष्टि धुंधली हो गई थी क्योंकि उन्होंने अपनी आँखों में दवा डाल रखी थी। इस वजह से वे देख नहीं पाए कि पोस्ट में क्या लिखा है। सोशल मीडिया पर एक्टर विधायक को कई लोग फॉलो करते हैं, जिसके चलते उनके शेयर करते ही यह पोस्ट वायरल हो गई। एक्टर के वकील ने तर्क दिया कि घटना के दिन एक्टर विधेयक अपनी आंखों में कुछ दवा डाल ली थी, जिसके कारण वह अपने द्वारा साझा की गई पोस्ट की सामग्री को नहीं पढ़ नहीं सके। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी को सोशल मीडिया का इस्तेमाल जरूरी लगता है तो उसे परिणाम भुगतने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। उन्होंने पोस्ट से संबंधित आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की मांग वाली याचिका लगाई थी जिसे खारिज कर दिया गया है। बेंच ने याचिकाकर्ता का के वकील से कहा कि अगर कोई सोशल मीडिया का उपयोग करता है, तो उसे इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में अधिक सावधान रहना चाहिए।

साथियों बात अगर हम पोस्ट शेयर और फॉरवर्ड के संबंध में भारतीय कानूनों को जानने की करें तो, भारतीय कानून में यूं तो लगभग हर तरह के अपराधों को लेकर प्रावधान और सजा बनाएं गया है।लेकिन ऐसा कोई भी प्रत्यक्ष प्रावधान नहीं है जो सोशल मीडिया पर पोस्ट को रिट्वीट करने फॉरवर्ड करने या शेयर करने को एक अपराध घोषित करता हो। हालांकि, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के तहत कई प्रावधान ऐसे जरूर होते हैं, जिनके तहत आपराधिक दायित्व बनते हैं। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के सेक्शन 67 के अंतर्गत किसी तरह की अश्लील सामग्री को इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रकाशित करना या प्रसारित करना अपराध है, जिसके लिए 3 साल तक की सजा और फाइन का भी प्रावधान है। वही सेक्शन 67 (ए ) इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में बच्चों से संबंधित किसी तरह की यौन कृत्य वाली सामग्री के प्रकाशित या प्रसारित करने को लेकर भी दंड का प्रावधान है। इसमें 5 वर्ष की कैद और फाइन का प्रोविशन दिया गया है तथा अपराध सिद्ध हो जाने पर 7 वर्ष की सजा और एक्सपेंडेड फाइंड भी किया जा सकता है।इसके अलावा भारतीय दंड संहिता के कुछ सेक्शन जैसे 153(ए) 153(बी) 293, 295(ए) 499 यह सब सांप्रदायिक घृणा अश्लीलता धार्मिक भावनाओं, को आहत करने और मानहानि से संबंधित हैं। अर्थात यह उस व्यक्ति खिलाफ लागू हो सकते हैं जो अपमानजनक या आपत्तिजनक संदेश साइबर स्पेस से भेजा या शेयर किया जाता है। अब तक इस संबंध में भारतीय न्यायालय द्वारा कोई भी अधिकारिक निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन कुछ केसेस में ध्यान देने योग्य बात ज़रूर कही गई है ।

# राजस्व कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं किसान

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** असमान भूमि वितरण आजादी के बाद से ही अधिकांश किसानों की बेहतरी की राह में एक बाधा बना रहा है। जमीन के इस असमान वितरण पर नियंत्रण के लिए कोशिशें भी की गईं। इस संदर्भ में भूमि सुधार कार्यक्रम, हदबंदी का जिक्र हमने सुना है। हदबंदी में वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या मिनजुमला नंबरों से है जिनका वटे राजस्व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण नहीं हो पाया है, जब किसानों द्वारा हदबंदी के लिए मुकदमा दायर किया जाता है तब अधिकारी यह कहते हुए मुकदमा खारिज कर देते हैं कि यह गाटा संख्या मिनजुमला नंबर है जबकि जिन राजस्व कर्मचारियों द्वारा नक्शा तरमीम नही किया गया उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है। इस समस्या पर परिचर्चा करते हुए अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखें। इस सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व डी.जी.सी. राजस्व गोविंद नारायण सक्सेना कहते हैं कि अगर राजस्व अधिकारी एक समय निर्धारित मिनजुमला नंबरों का नक्शा तरमीम करके बटा नंबर निर्धारित कर दे तब इस समस्या का समाधान संभव है। अधिवक्ता बृजेन्द्र सिंह चौहान कहते हैं कि हदबंदी के मुकदमों को प्रशासन द्वारा लगातार खारिज करना सिर्फ राजस्व कर्मचारियों की लापरवाही पर पर्दा डालना है जबकि इस तरह से सिर्फ दूर दराज से आने वाले किसानों का शोषण हो रहा है जबकि भूमि सुधार के लिए आजादी के पूर्व से अभियान चल रहे हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी अधिकारियों के उदासीन रवैया के कारण किसान और आदिवासियों का लगातार शोषण हो रहा है। मिनजुमला नंबरों की जानकारी राजस्व अधिकारियों को रहती है किसान इससे अनभिज्ञ रहता है, लगातार हदबंदी के मुकदमों का खारिज होना अधिकारियों की तानाशाही दिखाता है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाशचंद्र लोहिया कहते है कि मिनजुमला नम्बरान के सम्बन्ध मे धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता एवं धारा 24 उ.प्र. राजस्व संहिता के सम्बन्ध मे राजस्व न्यायालयों मे सर्व सम्मति से दिये गये निर्देशो का पालन नही किया जा रहा है और मनमाने तरीके से सैकड़ों की संख्या में वाद निरस्त कर दिये गये है व किये जा रहे है और कुछ वाद विसंगत तरीके से पड़े हुये है तदानुसार अनुपालन नही कराया जा रहा है जो न्यायिक उदासीनता दिखलाता है।

## सपा विधायक का प्रदेश सरकार पर जुबानी हमला

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के शिकोहाबाद से सपा विधायक मुकेश वर्मा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जुबानी हमला बोला है हाल ही में योगी सरकार के द्वारा लाये गए बजट पर विधायक ने सरकार को घेरा है।विधायक ने कहा हमने बजट के प्रथम पेज से लेकर 39 पेज तक बहुत ही बारीकी के साथ बजट को पड़ा है देखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमने बजट वाले दिन मुखिया की मुस्कुराहट को देखा बजट में कुछ नही है नौकरी विरोधी बजट है डॉ बी आर अंबेडकर के बने हुए संविधान का विरोधी बजट है। इस बजट में हद तो तब गुजर गई जब परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर बी आर अंबेडकर के बने हुए संविधान का इन्होंने उसमें कहीं जिक्र नहीं किया उन्होंने किस-किस तरह से गरीबों दलितों किसानों नौजवानों महिलाओं बच्चों के लिए संविधान में हर व्यक्ति के लिए जो व्यवस्था की थी उस व्यवस्था पर उन्होंने कुछ भी नही दिया।

# अब मान्यता प्राप्त संगठन बना महिला शिक्षक संघ

- जिलाध्यक्ष आरती सिंह कुशवाहा ने बीएसए से की शिष्टाचार मुलाकात
- बीएसए ने संगठन के कार्यों को सराहा, महिला शिक्षकों की समस्याओं का हुआ तत्काल निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा का ज्ञान दे रहीं महिला शिक्षकों की समस्यायें अब प्राथमिकता पर सुनी जायेंगी और समस्याओं का शीघ्र निस्तारण भी कराया जा सकेगा। अब महिला शिक्षक संघ को शासन से मान्यता प्रदान की गयी है। महिला शिक्षक संघ अब प्रभावशाली संगठन होने के साथ-साथ महिलाओं की आवाज को मुखर करेगा। यह बात शनिवार को संबोधित करते हुये महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष आरती सिंह कुशवाहा ने कही। महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष आरती सिंह कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्या के लगातार अथक प्रयासों के चलते बड़ी कामयाबी संगठन को हांसिल हुयी है। कामयाबी के रूप में महिला शिक्षक संघ को शासन से मान्यता प्राप्त हुयी है। महिला शिक्षक संघ अब महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करेगा। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्या और सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि महिला शिक्षिकाओं की समस्याओं का अब जिला स्तर पर त्वरित निस्तारण हो सकेगा। आरती सिंह कुशवाहा ने कहा कि एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। इसलिए अब संगठन में अन्य महिला शिक्षकों को बतौर सदस्य के रूप में जोड़कर संगठन का विस्तार किया जायेगा। महिला शिक्षक संघ को मान्यता प्राप्त होने के बाद जिलाध्यक्ष आरती सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में पदाधिकारियों व सदस्यों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिकेश यादव से मुख्यालय स्थित उनके कार्यालय में जाकर शिष्टाचार भेंट की। बीएसए को संगठन की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर मान्यता प्राप्त होने पर मिष्ठान खिलाया गया। मौके पर कुछ महिला शिक्षकों की समस्याओं को भी संगठन की ओर से बीएसए के समक्ष रखा गया, जिसे गंभीरता से लेते हुये बीएसए ने तत्काल समस्याओं का निस्तारण किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी तालबेहट व बिरधा की मौजूदगी में महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष आरती सिंह कुशवाहा ने बीएसए को अवगत कराया कि ब्लाक बिरधा के कम्पोजिट विद्यालय यू.पी.एस.पटसेमरा में तैनात सहायक अध्यापिका शशिप्रभा वर्मा का वेतन लम्बे समय से अवरूद्ध चल रहा है, तो वहीं ब्लाक जखौरा के रानीकोडर विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापिका रिंकी अग्रवाल का वेतन संबंधी समस्या थी। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय आलापुर में तैनात सहायक अध्यापिका नेहा बंसल का स्थानान्तरण अंर्तजनपदीय होने पर उनका सात माह से वेतन अवरूद्ध था, यह समस्या भी बीएसए के समक्ष रखी गयी। सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुये बीएसए हरिकेश यादव ने तत्काल अधीनस्थों को निर्देशित कर समस्या निस्तारण के निर्देश दिये। साथ ही बीएसए ने महिला शिक्षक संघ को मान्यता मिलने पर बधाई देते हुये संगठन द्वारा महिला शिक्षकों के हितार्थ किये जा रहे कार्यों को लेकर भूरि-भूरि सराहना की। इस दौरान जिलाध्यक्ष आरती सिंह कुशवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश राठौर, महामंत्री सुनीता व रितु, मीनाक्षी, बबिता देवी, शशिलता, सीमा सिंह, ममता, रजनी ओझा, बबीता रिछारिया, प्रियंका मिश्रा, ऊषा साहू, रंजना पाठक, सुखदा अग्निहोत्री, गरिमा, शशिप्रभा वर्मा, रिंकी अग्रवाल, नेहा बंसल, प्रीति वर्मा आदि उपस्थित रहीं।

## इनामिया बदमाश को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**मक्खनपुर/फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के थाना मक्खनपुर पुलिस को चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में इनामिया बदमाश अनुराग उर्फ चुहिया को किया गिरफ्तार अनुराग उर्फ चुहिया पर था 10,000 रुपए का इनाम अभियुक्त पर अलग अलग जनपदों में लूट चोरी हत्या के प्रयास आदि के 6 मुकदमे का अपराधिक इतिहास रहा है। अनुराग उर्फ चुहिया को जेबड़ा पुल के पास से मुठभेड़ में किया गिरफ्तार। अभियुक्त द्वारा पुलिस फोर्स पर जानलेवा फायरिंग कर दी गई। आत्मरक्षार्थ पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा अनुराग उर्फ चुहिया पुत्र पूरन सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम जेबडा थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाल में फसा हुआ। घटनास्थल से दो अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरमादगी के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# डबल इंजन की सरकार फेल: देशराज सिंह

अवधनामा संवाददाता

- सपा के जन पंचायत पखवाड़ा सफलतापूर्वक संपन्न

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के निर्देश पर मथुरा वृन्दावन महानगर इकाई द्वारा सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर 15 दिन से चल रहे पीडीए जन-पंचायत पखवाड़े का समापन आयोजन पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी के नेतृत्व में आज यमुना गार्डन वाटर वर्क्स रोड़ माली मोहल्ला औरंगाबाद में मथुरा महानगर अध्यक्ष रितु गोयल की अध्यक्षता में किया गया।

पीडीए जन पंचायत में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के आगरा मण्डल प्रभारी व मुरसान चेयरमैन देशराज सिंह का पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष लखन गुर्जर व महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी व पदाधिकारियों द्वारा पटका साफा व स्मृति चिन्ह भेंट कर जोर दार स्वागत किया।

पीडीए जन-पंचायत को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के आगरा मंडल प्रभारी देशराज सिंह (चेयरमैन, नगर पंचायत मुरसान) ने कहा कि वर्तमान डबल इंजन की सरकार फेल है। किसानों को उनकी फसल का उचित दाम नहीं दे पा रही है और उर्वरकों पर दाम बढ़ाकर किसान की कमर तोड़ने का काम कर रही है।

किसान हित में लंबे समय से लंबित एमएसपी कानून नहीं लागू कर पा रही है, वही युवा नौकरी में लगकर कई परिवारों के भरण पोषण की जिम्मेदारी उठाता था वह नौकरियां भी छीनकर सरकार युवाओं को बेरोजगार बना रही है।

दिन रोज आसमान छूती बढती महंगाई ने आम जनमानस का जीना दुस्वार कर दिया है इस डबल इंजल की सरकार से सब वर्ग पीड़ित और त्रस्त हैं अबकी बार पीडीए पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक विरोधी सरकार को सबक सिखाने को तैयार बैठा है अगले लोकसभा चुनाव में वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकेगा, और विकास की राजनीति करने बाली समाजवादी सरकार को चुनेगा, हमारे सभी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर इस लड़ाई को लड़ना है और बूथ स्तर पर कमेटी बनाकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करना है जिससे आने वाले समय में आम आदमी के हितों की सरकार बने।

महानगर अध्यक्ष रितु गोयल,पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लखन गुर्जर, महासचिव अभिषेक यादव एड., विधानसभा अध्यक्ष डा. राजेन्द्र प्रसाद लोधी, महानगर उपाध्यक्ष सज्जन क्रांति,पिछड़ा वर्ग के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष बनबारी लाल सविता आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि बृज की धरती पर पीडीए की जन पंचायत में जनता का जो उत्साह देखने को मिला उससे जनता ने साबित कर दिया कि मुद्दों की बात जनता के दिल में आज भी ज्वलंत रूप से जिंदा हैं, रोटी, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की जगह भाजपा ने गरीब जनता को सिर्फ जुमले दिए, अब पीडीए अपने हक अधिकारों के लिए वोट की चोट करने को तैयार हैं। पीडीए की ताकत भाजपा के कुशासन के विरुद्ध एकजुट हो रही हैं।

संचालन मथुरा वृन्दावन विधानसभा प्रभारी देवकीनंदन कश्यप ने किया। इस मौके पर सुरेश यादव, ओमपाल सिंह , नजर कुरैशी, जसवंत सिंह कुशवाहा, नेत्रपाल सिंह अनिल निषाद, राकेश गोला, हरीशंकर, किशन लाल आदि उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र के महोत्सव में मत रूपी अधिकार का अवश्य करें प्रयोग: अभय

- नशे की लत मनुष्य जीवन के लिए हानिकारक: अन्विता तिवारी
- जीआईसी में लोकसभा चुनाव व नशा मुक्ति



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन और नशा मुक्ति अभियान को लेकर शनिवार को राजकीय इण्टर कॉलेज में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय व आबकारी निरीक्षक नगर क्षेत्र-प्रथम अन्विता तिवारी मंचासीन रहीं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे की लत से होने वाली शारीरिक, मानसिक व सामाजिक क्षति को विस्तार से समझाया।

क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर इस बार जो भी नये मतदाता बने हैं, वह अपने मत का प्रयोग राष्ट्र निर्माण की दिशा में करें। कहा कि बिना किसी प्रलोभन में आये अपने मत रूपी अधिकार का प्रयोग करें। लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण महोत्सव में सभी लोग निडर होकर निष्पक्ष मतदान को बढ़ावा दें। ताकि एक बेहतर भविष्य की ओर सभी अग्रसर हो सकें। इसके अलावा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस सभी की मदद के लिए सदैव तत्पर है। मंच पर मौजूद आबकारी निरीक्षक नगर क्षेत्र-प्रथम अन्विता तिवारी ने कहा कि किसी प्रकार के नशे का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए दुष्प्रभावी तो है ही, साथ में नशे के चलते लोग आर्थिक रूप से भी कमजोर हो जाते हैं। इसलिए नशे की लत से दूर रहें और एक बेहतर जीवन यापन करें। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुये युवा विद्यार्थियों को लोकतंत्र के महत्वपूर्ण महोत्सव लोकसभा चुनाव में अपने मत रूपी अधिकार का प्रयोग आवश्यक रूप से करने और नशा मुक्त अभियान को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

# सरायमीर थाना में समाधान दिवस में सुनी फरीयाद



अवधनामा संवाददाता

**आज़मगढ़।** सरायमीर थाना समाधान दिवस 12 दरखास्ते लोगों ने दी जिसमे जमींन सम्बन्धित, चकमार्ग,निर्माण सम्बन्धित थीं। समाधान दिवस पर सीआरो आजमगढ़ विनयकुमार गुप्ता यसडीएम निजमाबाद सन्त रंजन, तहसीलदार निजमाबाद कमल कुमार, थानाइंचार्ज यादवेन्द्र पाण्डेय, की मौजूदगी में चला। कुछ लोगों की समस्याओं सीआरो महोदय चले मगर 2बजे तक अन्य अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना और लेखपाल, पुलिस टीम को निस्तारण हेतू मौके पर भेजा,और कुछ प्रार्थना पत्रों को मौके पर जाकर न हेतू आदेश व निर्देश दिये।

वही एक प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया बताया गया।काफी समय बाद शासन की मंशा के नअनुरूप थाना समाधान दिवस चला।तहसीलदार निजमाबाद ने ं की बातो को सुना और लेखपाल, पुलिस फोर्स को भेजकर समस्याओं के समाधान करने हिदायत की ताकि लोगों को न्याय मिलता देखाई दे।

## सोलर पंप कृषक धनराशि 14 तक जमा करें उपनिदेशक

**आजमगढ़।** उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने जनपद के समस्त किसान भाइयो को अवगत कराया है कि जनपद के ऐसे कृषक जिनके द्वारा सोलर पम्पों हेतु आवेदन किया गया था एवं टोकन कन्फर्म होने के पश्चात अवशेष कृषक अंश की धनराशि जमा न करने की अन्तिम तिथि 05 फरवरी 2024 थी, किन्तु ऐसे कृषक जो अवशेष कृषक अंश की धनराशि किन्ही कारणवश जमा नही कर पाये थे। उन कृषकों के लिये अवशेष कृषक अंश की धनराशि जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 14 फरवरी 2024 कर दिया गया है। जिनको पोर्टल के माध्यम से उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर मैसेज प्रेषित किया गया है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि इच्छुक कृषक अनुदान पर सोलर पम्प पाने हेतु अवशेष लक्ष्य के सापेक्ष दिनांक 12 फरवरी 2024 तक लक्ष्य पूरा होने तक विभागीय वेबसाइट WWW.upagriculture.up.gov.com पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते है।

# यूक्रेन की महिला से दुष्कर्म, पाकिस्तानी नागरिक को हुई सजा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** तीर्थनगरी वृंदावन में वर्ष 2020 में यूक्रेन की किशोरी संग हुई दुष्कर्म की वारदात में शुक्रवार को एडीजे पॉक्सो प्रथम रामराज द्वितीय की अदालत ने पाकिस्तानी युवक को दोषी करार देते हुए 20 साल कठोर कारावास 23 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है।अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक रामवीर यादव व एडीजीसी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि वृंदावन के रमणरेती पुलिस चौकी क्षेत्र में रहने वाले यूक्रेन के नागरिक ने वृंदावन थाने में दर्ज करवाई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उनकी 13 वर्षीय बेटी के साथ 31 अगस्त 2020 की रात परिचित आनंद कुमार पुत्र तुलसी सान्याल निवासी कराची, पाकिस्तान, हाल निवासी बारहघाट, वृंदावन ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया।घटना के समय उनकी बेटी घर में अकेली थी। पत्नी 2018 में तलाक होने के कारण अलग रहती है और आरोपी उसके साथ सहमति संबंध में रहता है। पुलिस ने आरोपी आनंद कुमार को परिक्रमा मार्ग स्थित इमली तला के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा। विवेचना के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट ने मजबूत साक्ष्यों के आधार पर आनंद कुमार को दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए 20 साल कठोर कारावास और 23 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।एसपीओ रामवीर यादव ने बताया कि आनंद के भाई ने कोर्ट में बताया कि वह मां और भाई आनंद के साथ 2009 में पर्यटक वीजा पर भारत आया था। सबसे पहले ऋषिकेश घूमने गए। अध्यात्म भाव के चलते बाद में लांग टर्म वीजा पर यहीं रह गए। आनंद ने भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन भी कर रखा है, मगर अभी मिली नहीं है।कोर्ट में गवाही के दौरान सामने आया कि पीड़िता की मां 2016 से पति से अलग हो गई थी। 2018 में दोनों का तलाक हो गया। आनंद उसके साथ सहमति संबंध में रहने लगा। बचाव पक्ष ने तर्क दिया था कि पूर्व पत्नी के संबंधों के चलते पति द्वारा अपनी बेटी को ढाल बनाते हुए फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। मगर, पीड़िता के बयानों से बचाव पक्ष की यह दलील काम न आई।पीड़िता के पिता ने कोर्ट को बताया कि 31 अगस्त की बेटी घर में अकेली थी। तभी आरोपी ने उसे व्हाट्सएप मैसेज किया और घर आने को बोला। बेटी ने पिता के घर न होने की बात कही। मगर, आनंद 10 मिनट बाद ही घर आ गया। अगले दिन सुबह आनंद ने बेटी को व्हाट्सएप मैसेज किया। इसमें कुछ बातें लिखीं थीं, जिनका उन्होंने खुद जवाब दिया। शक होने पर बेटी से बातचीत की तब बेटी ने खुद के साथ हुई वारदात का राज उजागर किया।

# कैंसर दिवस: संस्कृति विवि में विद्यार्थियों को किया जागरूक


अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में विश्व कैंसर दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने देश में बढ़ते कैंसर के मामलों और इसके कारणों पर विस्तार से जानकारी दी और कहा कि हम जागरूक होकर बहुत हद तक इस व्याधि से अपने को बचा सकते हैं। कार्यक्रम के मध्य संस्कृति नर्सिंग कालेज के प्राचार्य डा. केके पाराशर ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस, 2008 में लिखे गए विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल (यूआईसीसी) के नेतृत्व में कार्यरत है। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। बहुत से लोग कैंसर को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता का भी सहारा लेते हैं। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का अत्यधिक प्रयोग काफी हद तक कैंसर को बढ़ावा दे रहा है। प्लास्टिक के डब्बों में बंद खाद्य पदार्थों के प्रयोग से हमें बचना चाहिए। डा. आरपी जायसवाल ने बताया कि दुनियाभर में कैंसर से निजात पाने के लिए वैज्ञानिक शोध कर रहे हैं। सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए टीका खोजा जा चुका है, जिसको लगवाने से इससे बचा जा सकता है। डा. रेनू गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान लगातार रखना चाहिए। सेल्फ ब्रेस्ट एक्सामिनेशन द्वारा गांठों का पता लग जाता है। इस मौके पर कैंसर के प्रति जागरूक करने वाली एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## 13 प्रकरण में 1 मामले का हुआ निस्तारण

**दीदारगंज,आजमगढ़।** शनिवार को दीदारगंज थाना परिसर में सम्पूर्ण थाना समाधान का आयोजन किया गया। थाना दिवस की अध्यक्षता एसडीएम फूलपुर श्यामप्रताप सिंह के अध्यक्षता में आयोजित गया। समाधान दिवस कुल 13 प्रकरण आये जिसमे 1 मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर राजेश, सीमा पुलिस टीम पहुंचकर एक मामले का निस्तारण किया। उपजिलाधिकारी अधिकारी के द्वारा खेतापट्टी गांव के एक प्रकरण में लेट आख्या मिलने और समाधान में लापरवाही बरतने पर लेखपाल को फटकार लगायी। अब इसके आगे लापरवाही बरतने पर चेतावनी भी दिया।

## समाधान दिवस पर उपजीलधिकारी ने सुनी शिकायत एक का निस्तारण



**मुबारकपुर आजमगढ।** मुबारकपुर थाना परिसर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 15 प्रार्थनापत्र पड़े और केवल एक को मौके पर निस्तारण कर दिया गया। मुबारकपुर थाना परिसर मे आयोजित समाधान दिवस पर उप जिला धिकारी सदर ज्ञानचंद गुप्ता ने शिकायत सुनी और एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया बाकी जांच कर निस्तारण करने का आदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप एस डी एम सदर ज्ञानचंद गुप्ता, तहसीलदार बन्दना वर्मा थाना प्रभारी निरीक्षक निहार नन्दन कुमार, राजस्व निरीक्षक अम्बरीश सिंह सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# डालमिया समूह द्वारा पुनः संचालन



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** बघौली चीनी मिल को डालमिया समूह के द्वारा पुनः संचालन के क्रम में आज मंगोलापुर ग्राम में एक वृहद कृषक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। बघौली चीनी मिल के गन्ना विभाग प्रमुख विनय सिंह जी उप महाप्रबन्धक (गन्ना) ने चीनी मिल प्रबन्धन के द्वारा गन्ना बोने के लिए बुवाई पर दिये जाने वाले अनुदानों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया तथा कृषक व प्रबन्धन के बीच वार्तालाप समन्वयक के रूप में कृषक संवाद गोष्ठी का संचालन किया। सभी कृषकों को नवीन कृषि विधियों व दवाइयों के सम्बन्ध में भी प्रदर्शनी के माध्यम से अवगत कराया गया। डालमिया समूह के रामगढ़ चीनी मिल के कार्यकारी निदेशक आगा आसिफ बेग द्वारा कृषकों को सम्बोधित किया गया और आश्वासन दिया गया कि क्षेत्र के सभी कृषकों को जो गन्ना बोना चाहते हैं, उन्हें चीनी मिल के द्वारा सभी प्रकार की सुविधाएं जैसे कीटनाशक, बीज गन्ना, खाद, कृषि यन्त्र, सिंचाई की सुविधा के लिए साधन व इलेक्ट्रिक फेन्सिंग (झटका मशीन) अनुदान पर उपलब्ध काराये जायेंगे साथ ही साथ उन्हें यह भी आवाह्न किया गया कि कृषक भाई अपने अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बोयें।

## बालामऊ जंक्शन का होगा कायाकल्प

**कछौना, हरदोई।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बालामऊ जंक्शन का नया स्टेशन भवन का निर्माण आधुनिक सुविधाओं से बनने की कवायत शुरू हो गई है। जिसका शिलान्यास 18 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वर्चुअल किया जाएगा। जिसकी तैयारी हेतु रेलवे प्रशासन ने युद्ध स्तर पर करनी शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार यह रेलवे स्टेशन भवन आबादी क्षेत्र दक्षिण दिशा में निर्माण कराया जा रहा है। मुख्य भवन प्रवेश द्वार नगर पंचायत कछौना पतसेनी की दक्षिण दिशा में रहेगा। प्रवेश द्वार का बेहतरीन लुक दिया जाएगा। इसके लिए रेल प्रशासन द्वारा 25 करोड़ की धनराशि जारी की गई। यात्रियों को सुरक्षित बेहतर यात्रा के लिए आधुनिक सुविधाएं, सामुदायिक शौचालय, दिव्यांगजनों के लिए शौचालय, फुट ओवर ब्रिज, सीसीटीवी कैमरा से लैस, शुद्ध पेयजल, आधुनिक पुस्तकालय, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अच्छा अस्पताल, सुरक्षा हेतु जीआरपी, प्रतीक्षालय, बैठने के लिए बेंचे, कुर्सियां, गुणवत्ता पर कैंटीन आदि सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

# सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में फाइलेरिया दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, जाफरपुर, में कक्षा-12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह (थ्तमूमसस ब्मतमउवदल) सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशाल भारद्वाज जिलाधिकारी, आज़मगढ़ थे। उपरोक्त कार्यक्रम के साथ ही ष्राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रमष् (छंजपवदंस टमबजवत ठवतदम क्पेमंेम ब्वदजतवस च्तवहतंउ) का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री विशाल भारद्वाज, जिलाधिकारी, आज़मगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 श्री आई0एन0 तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आज़मगढ़ तथा आदरणीय चेयरपर्सन मोहतरमा तरन्नुम खानम साहेबा एवं मैनेजर जनाब नवाज़ अहमद खान साहब, सह-प्रबंधक जनाब आज़ाद अहमद खान और प्रधानाचार्या सुश्री रेखा सिंह जी द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलन से किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ0 आई0एन0 तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आज़मगढ़, अन्य अतिथिगण डॉ0 अलेन्द्र कुमार, उप-मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आज़मगढ़, राधेश्याम यादव, जिला मलेरिया नियंत्रण अधिकारी, आज़मगढ़, डॉ0 ए0के0 चौधरी, सहायक-मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आज़मगढ़, शिवम चतुर्वेदी, स्टेशन हेड, हॉफ लेमन एफ0एम0 रेडियो, आज़मगढ़ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में कक्षा 9 से कक्षा 11 तक के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा 9 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना से हुई।

# महिलाओं के आरक्षण पर असहमति दुर्भाग्यपूर्णः डॉ. रागिनी

- लड़कियों की जॉब सुरक्षा से जुड़ा है भ्रूण हत्या
- विधानसभा में डॉ रागिनी ने उठाया सवाल

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** उप्र विधानसभा के बजट सत्र में महिलाओं के सरकारी नौकरी में 33 फीसदी आरक्षण का मामला शुक्रवार को मछलीशहर की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने उठाया। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आकड़े बता रहे हैं कि भ्रूण हत्या के मामले मं छह प्रदेशों में हम सबसे आगे हैं। आज अधिकतर परिवार की महिलाएं गर्भधारण के दौरान चोरी छिपे टेस्ट कराकर भ्रूण हत्या करा रहा है। इसका मुख्य कारण है कि लड़कियों की जॉब सिक्यूरिटी अब नहीं रही। डॉ रागिनी सोनकर ने कहा कि अगर उनका सरकारी नौकरी में आरक्षण सुनिश्चित किया जाता है तो भ्रूण हत्या की घटना अपने आप रुक जाएगी। इसके लिए सरकार या किसी दल को जागरूकता फैलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सदन में इसके पक्ष में वोट नहीं मिलने से वह काफी निराश हुई । उन्होंने कहा कि भाजपा का महिला सशक्तिकरण का असली चेहरा सदन में बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि आरक्षण लागू होता तो महिला सशक्तिकरण, मातृवंदन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं जैसी 28 योजनाओं को केंद्र सरकार को चलाने की जरूरत ही नहीं पढ़ती। भाजपा जैसे राजनीतिक दल आधी आबादी के हितों की बात तो करते हैं लेकिन धरातल पर उसे लागू नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि देश अब पीपीपी माडल और आउटसोर्सिंग पर चल रहा है। देश के युवाओं का भविष्य खतरे में है। वहां आरक्षण का कोई मानक लागू नहीं हो रहा है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से उसे लागू कराने की मांग की । विधानसभा अध्यक्ष के कहने पर संबंधित विभाग के मंत्री सहमत नहीं हुए तो उन्होंने इस पर वोटिंग करा दी। उन्होंने कहा कि इस मत से सहमत नहीं होने वालों की संख्या अधिक होने पर प्रस्ताव पर विचार नहीं हुआ जो कि देश की आधी आबादी के साथ छलावा है।

### डॉ. रागिनी के सवाल पर 600 पेज का ऐतिहासिक जवाब

उप्र विधानसभा के बजट सत्र के प्रश्नकाल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि सरकार की तरफ से 600 पेज का जवाब भेजा गया है। यह प्रश्न इंजीनियर सचिव यादव और सपा की डॉ. रागिनी सोनकर के इस प्रश्न पर कि औद्योगिकी विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 2023 में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में कुल कितनी धनराशि के निवेश उद्योगवार व निवेशवार प्राप्त हुए? इसका विस्तृत विवरण दिया जाए। इस पर सरकार की तरफ से 600 पेज का विस्तृत जवाब दिया गया। इतना बड़ा जवाब पहली बार आया है। इस बात को प्रदेश विधानसभा के संसदीय मंत्री और प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने खुद सदन को बताया।

## महिला कैदियों से उनका हाल चाल जाना

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महिला संगठन की प्रदेश मंत्री एंव महिला थाना की काऊंसलर सुशीला राजावत के नेतृत्व मे व्यापारी नेताओं ने शनिवार को सैन्ट्रल जेल महोला पहुंच कर महिला कैदियों से उनका हाल चाल दिया तथा उन्हें महिला सम्बन्धित आवश्यक वस्तुओं को प्रदान किया। इस अवसर पर मौजूद लगभग पचास महिला कैदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता कर निदान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल की महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, रेनू शुक्ला, निशा यादव, प्रदीप त्रिपाठी, आशीष भदौरिया, मन्न नरायन तिवारी सहित जेल स्टाफ मौजूद रहा।

# हजरत शहीद मरद शाह रहमत उल्ला का दो रोज़ा सालाना उर्स मनाया

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** बहादुरगंज स्थित हजरत शहीद मरद शाह रहमत उल्लाह का सालाना दो रोज़ा 81वा उर्स मुकारक रजब अल मुरज्जब की 26 व 27 तारिक को अकीदत वा एहतेराम से मनाया गया। बाद नमाज़ फज्र कुरआन खावनी गुस्ल सलाम और दरगाह पर चादर पेश किया गया। गुल पेशी और फातेहा नियाज़ दुआ हुई और मुल्क की सलामती के लिए अमन वा चैन की दुआए की गई। बाद नमाज ईशा नातखानी महफिलें समां क़ौवाली का भी एहतमाम किया किया गया। इस मौके पर अकीदत मंदो ने तबरकात वा लंगर हासिल किया। जायरीनों ने अपनी मन्नते मुरादे पेश की। इस मौके पर बड़ी संख्या में जायरीन दूर दराज से आए दरगाह पे हाज़िरी दी। ये सिलसिला देर रात तक चलता रहा। दरगाह के मुतवल्ली हाजी हामिद कुरैशी उर्फ पुनऊ लाल ने बताया के ये रिवायत वर्षो से चली आ रही है। बताया कि इस दरगाह की खास बात यह है कि यहां पर दूध और मेवों से भरी गागर मिटिया चढ़ाई जाती है। इस मौके पर हाजी हामिद कुरैशी उर्फ पूनाऊ लाल, दरगाह खादिम असद कुरैशी, हाजी आसपाक, पप्पू, हाफिज रिज़वान, मो शेरू, मौलाना नादिर हुसैन, मो शाहरुख, मो सैफ, मो जावेद, जिया सिद्दीकी, इमरान अत्तारी आदि मौजूद रहे।

## सभासद प्रतिनिधि हाशिम कुरैशी के नेतृत्व में चला सफाई अभियान



**इटावा।** आगामी दिनों में तहसील सदर में कमिश्नर कानपुर मंडल के मुआयने को लेकर गाड़ीपुरा वार्ड के सभासद प्रतिनिधि हाशिम कुरैशी के नेतृत्व में दो दिन से निरंतर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कमिश्नर कानपुर मंडल द्वारा तहसील के मुआयने को लेकर गाड़ीपुरा वार्ड के सभासद प्रतिनिधि हाशिम कुरैशी के नेतृत्व,नाजिर तहसील नागेंद्र बाबू और सफाई नाईक मोहम्मद आमिर की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों ने सदर तहसील में विशेष सफाई अभियान चलाकर तहसील परिसर सहित नालियों की सफाई की। यह अभियान दो दिन से चल रहा है। सभासद प्रतिनिधि हाशिम कुरैशी ने बताया कि वह वार्ड में नियमित रूप से सफाई अभियान चलवा रहे हैं।

# 70 लाख की लागत चार इंटरलॉकिंग व सीसी रोड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** नगर पंचायत में शनिवार को 70 लाख की लागत से चार इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य हेतु नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि वैभव सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के भूमिपूजन किया। दाउदपुर वार्ड नं 12 में इंटरलॉकिंग रोड से शैल त्रिपाठी वार्ड नं 1 सरोखनपुर में महाविद्यालय से सब्जी मंडी नहर तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड नं 9 सरोखनपुर तृतीय में अश्वनी शुक्ल के मकान से ओमकार शुक्ल, वार्ड नं 14 सरोखनपुर चतुर्थ में महेश दुबे के मकान से कमलेश दुबे के मकान तक कुल चार नए मार्गो के नव निर्माण कार्य के लिए वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि-पूजन किया। यह मार्ग बन जाने आवागमन सुगम होगा। इस अवसर पर सभासद लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, राजेश साहू दिलीप शर्मा, रामसहाय पाण्डेय, गंगा सिंह, साहब लाल चौधरी, महेंद्र मिश्रा, मोनू सिंह, हरिनाथ मौर्य, शैल त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

# उपासना और शक्ति का प्रतीक है नारीः राजेन्द्र मिश्रा

अवधनामा संवाददाता





**प्रयागराज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा ने आज विश्व के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पर लगे स्क्रीन के माध्यम से मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आम जनमानस के साथ मे सुना गया। इस दौरान प्रयागराज महानगर की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक संजीव जायसवाल, विधानसभा सयोजक ज्ञानेश्वर शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, महामंत्री विनोद तिवारी, मण्डल प्रभारी अजय सिंह, सह-संयोजक नर सिंह, हरीश मिश्र, पूर्व अध्यक्ष बबलू तिवारी, पूर्व पार्षद नीलम यादव, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष दिनेश सिंह, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार भारतीय, युवा मोर्चा अध्यक्ष रजत दुबे, रवि मिश्र, अभिषेक पाण्डेय, मीडिया प्रभारी आकाश जायसवाल, दिनेश, महानगर मीडिया प्रभारी हर्ष केसरी, समर सिंह, सेक्टर संयोजक श्याम मिश्रा व आर.पी. राय, विशाल श्रीवास्तव, तेज प्रताप सिंह, अभिषेक पाण्डेय, सुनील जायसवाल, फिरोज खान, आकाश जायसवाल अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तत्पश्चात शहर उत्तरी विधानसभा जिला पंचायत सभागार में शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह-शहरी एवं एन.जी.ओ संपर्क के पात्रों की कार्यशाला में साथ मे चाय पर चर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता व मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। सम्बोधन करते हुए कहा कि आज मुझे गर्व है कि हम सभी एक ऐसे समय में जी रहे हैं जब हम भारत को एक नए ऊंचाइयों की ओर ले जा रहे हैं। विकसित भारत अभियान हमारी संघर्षशीलता, उत्कृष्टता और एकता का प्रतीक है। मुख्य अतिथि डॉ. वी.के. सिंह, महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा शिखा रस्तोगी, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा कृतिका अग्रवाल, परियोजना अधिकारी वर्तिका सिंह, प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर, स्वरिका भारद्वाज, पूनम शर्मा, रंजना शुक्ला, दीपमाला श्रीवास्तव, डॉ. अजय पांडेय, मीडिया प्रभारी हर्ष केसरी, रोहित जायसवाल, राकेश भारती, नवीन शुक्ला, अंजलि गोस्वामी व हज़ारो मातृ शक्ति उपस्थित रही।

# एनडीए सरकार में सर्वाधिक व्यापारी परेशानः प्रदीप

- सपा के जिला कार्यालय में संपन्न महापंचायत में जुटे सैकड़ों की संख्या में व्यापारी
- गंगापार जिलाध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने की नई कार्यकारिणी की घोषणा





अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी की ओर से चलाये जा रहे पीडीए पखवाड़ा के अंतिम दिन आज व्यापार सभा की महा पंचायत पार्टी के जिला कार्यालय जार्जटाउन में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गंगापार अनिल यादव ने किया।

बतौर मुख्य अतिथि व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि एनडीए के शासन काल में सर्वाधिक परेशान व्यापारी वर्ग ही है। अदूरदर्शिता की नोटबंदी, लाकडाउन, जी एस टी जैसे सरकार के फैसले गुमटी वाले,लघु, मध्यम से लेकर बड़े व्यापारियों तक की कमर तोड़ने वाले फैसले साबित हुए। सर्वाधिक कर भुगतान करने वाला व्यापारी सरकारी अधिकारियों की निगाह में सबसे बड़ा चोर समझा जाता है। प्रदेश अध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि आज चर्चा महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं की सुरक्षा पर होनी चाहिए लेकिन सरकार में बैठे नेता धर्म, हिन्दू मुस्लिम पर चर्चा करके जनता को गुमराह कर रहे हैं। व्यापार सभा के गंगापार इकाई के मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने आह्वाहन कि समाजवादी पार्टी की नीतियाँ ही व्यापारियों के हित मे हैं। जब जब सपा की सरकार बनी व्यापारियों के हित में ऐतिहासिक फैसले हुए। सपा की नीतियों का प्रचार प्रसार कर आगामी चुनाव में सपा गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना है। व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष गंगापार कमलेश गुप्ता ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें डॉ रामजी गुप्ता को महसचिव एवं उपाध्यक्ष पद पर क्रमशः संजय गुप्ता, श्वेता गुप्ता, नवीन सेठ, महेन्द्र गुप्ता, राकेश बाबू, राम बाबू, संजय साहू, महेश, ईश्वर चंद्र गुप्ता को मनोनीत किया है। इसी तरह विधानसभा हंडिया का अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, प्रतापपुर श्याम बाबू गुप्ता, फूलपुर मंजय गुप्ता, फाफामऊ छेदी लाल गुप्ता को मनोनीत किया गया है।

महापंचायत में प्रमुख रूप से अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, हरिओम साहू, डॉ अजय चौरसिया, संजीव यादव एडवोकेट, वजीर खान, महेन्द्र निषाद, कमलेश गुप्ता, सुरेन्द्र केसरवानी, अमित गुप्ता, रविन्द्र यादव, डॉ राजेश यादव, नाटे चौधरी, राजेश गुप्ता, रतन केसरी, सविता कैंथवास, अखिलेश गुप्ता, सरिता जायसवाल, धर्मेन्द्र लोहिया, सृष्टि सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## कोषागार में 25 फरवरी तक अनिवार्य रूप से जमा करें

**इटावा।** मुख्य कोषाधिकारी प्रदीप कुमार ने कोषागार इटावा से पेंशन प्राप्त कर रहे ऐसे पेंशनरों को सूचित किया है जो कि नियमानुसार आयकर की परिधि में आ रहें है, वह अपना आयकर आगणन का विवरण धारा-80 सी इत्यादि के अन्तर्गत ली गयी छूट से सम्बन्धित प्रमाण-पत्रों एवं जमा की गयी आयकर की धनराशि की रसीद, पेन कार्ड की छायाप्रतियों के साथ कोषागार में दिनाँक 25.02.2024 तक अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में आयकर विवरण के अभाव में माह फरवरी-2024 की उनकी पेंशन बाधित हो सकती है।

# वापस वतन को लौट के आना मुसाफिरों

अवधनामा संवाददाता



दरियाबाद व करैली जेके आशियाना से देर रात निकाला गया सफर ए इमाम हुसैन की याद में अलम, ऊंटों पर रखी दो अमारी, झूला व ज़ुलजनाह का ज़ुलूस

**प्रयागराज।** दरियाबाद व करैली के जेके आशियाना से मदीने से करबला के सफर पर निकले हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में माहे रजब की अठ्ठाईस को अक़ीदत व ऐहतेराम के सात जुलूस सफर ए इमाम हुसैन निकाला गया। अनीस जायसी की निज़ामत में नसीम बिसौनवी ने ग़मगीन मर्सिया पढ़ा तो डॉ क़मर आब्दी, ज़फ़र अंढ़ेरवी, अम्बर वसीम व शहीर रालवी ने पेशख्वानी के फरायज़ अंजाम दिए। मौलाना अशरफ़ अली ग़रवी ने मजलिस को खिताब करते हुए मदीने को किन मजबूरियों में इमाम हुसैन को छोड़ना पड़ा और सन इक्सठ हिजरी को करबला के मैदान में नाना रसूल ए अकरम के दीने मोहम्मदी को बचाने को अपने दोस्त अहबाब और खानवादे को राहें हक़ में कुर्बान कर दिया इसका ग़मगीन तज़केरा भी किया। आयोजक बादशाह हुसैन ज़ेया की ओर से निकाले गए जुलूस में नौहाख्वानों ने पुरदर्द नौहा पढ़ते हुए जुलूस निकाला जो देर रात रहमत नगर स्थित इबादत खाने पर पहुंच कर सम्पन्न हुआ। जुलूस में हज़रत अब्बास का अलम, दो ज़ुलजनाह और दो ऊँटों पर रखी गई अमारी के साथ झूला अली असग़र भी जुलूस के साथ साथ जियारत को शामिल रहे। अन्जुमन के प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी के मुताबिक़ रास्ते भर बड़ी संख्या में अक़ीदतमन्दों ने जहां फूल माला व सूती चादर चढ़ा कर मन्नतें व मुरादें मांगी वहीं घर के दरवाजों पर मौजूद खवातीनों ने ज़ुलजनाह का इस्तेक़बाल दूध जलेबी वह भीगी चने की दाल खिला कर किया। जुलूस में बादशाह हुसैन ज़ेया, यशब अब्बास, शौज़ब रिज़वी, हसन आदिल, शैदा रिज़वी, काशिफ रिज़वी, हुसैन रज़ा, मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, नजमुल हुसैन, ज़ैग़म अब्बास, हसन टाईगर, असग़र अली, हसन आमिर, मोहम्मद मुज्तबा क़दर समेत बड़ी संख्या में अक़ीदतयन्द व अन्जुमन के सदस्य व पदाधिकारी शामिल रहे।

# तू फैज़ का दरिया है तू रहमत ही रहमत है, जो कुछ भी मिला मुझको वो तेरी बदौलत है

- हज़रत बाबा दीन अली शाह का तीन दिवसीय उर्स कुल शरीफ के बाद हुआ पूरा

वहाज अली निहाल



**इटावा।** होटल चाणक्य के सामने स्थित हज़रत बाबा दीन अली शाह व मस्तान शाह रह.की दरगाह पर तीन दिवसीय 40 वां उर्स मुबारक कुल शरीफ के बाद पूरा हुआ। कुल के समय श्रद्धालुओं ने देश की खुशहाली, तरक्की, अमनो अमान के वास्ते की दुआये। उर्स के आयोजक व दरगाह के खादिम मोहम्मद शाहिद वारसी ने बताया कि उर्स के मौके पर शहर के अलावा मुंबई, अलीगढ़, जयपुर आदि शहरों से जायरीनो ने आकार दरगाह शरीफ पर चादर पोशी कर मन्नत-मुरादे मांगी। मोहम्मद आदिल, मोहम्मद अफज़ल, सुफियान, मोहम्मद शफी, अकरम अमीर, मोहम्मद दानिश, नसीम, मेहराज आदि मुरीद विशेष रूप से मौजूद रहे। उर्स के अंतिम दिन रात को मेहफिले सिमा में अनवर साबरी एंड पार्टी फिरोजाबाद ने कुछ इस तरह पढ़ा तू फैज़ का दरिया है तू रहमत ही रहमत है, जो कुछ भी मिला मुझको वो तेरी बदौलत है। मैं कौन हूँ और क्या हूँ क्या मेरी हकीकत है, कतरा ही सही लेकिन दरिया से तो निस्बत है। आदि कलाम पेश कर मेहफिल में बैठे लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया कब्बालों के शानदार कलाम सुन कर लोगों ने खूब नज़राने भी दिये। मेहफिल में बैठे एहरामपोश आदि का उर्स के आयोजक श्री वारसी व वाई के शफी चिश्ती ने पीले रंग का साफा पहनाकर स्वागत भी किया। मेहफिले सिमा की महफ़िल का संचालन रौनक इटावी ने किया। उर्स के दूसरे दिन ज़ोहर की नमाज़ के बाद शाहिद वारसी के घर से मज़ार शरीफ पर चादर पोशी की गई। रात को मेहफिले सिमा में कब्बालों ने एक के बाद एक शानदार कलाम पेश कर खूब वाह वाही लूटी। अंतिम दिन सुबह 4 बजे मज़ार शरीफ का गुस्ल हुआ और सुबह 9 बजे कुल शरीफ हुआ।

# मातृ शक्ति का आशीर्वाद हमेशा से भाजपा को मिलता रहा हैः डॉ. रामशंकर

**शक्ति संवाद-चाय पर चर्चा**

वहाज अली निहाल



**इटावा।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर शक्ति वंदन के तहत शनिवार को सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में एवं महिला मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री मनीषा शुक्ला के संयोजन में शक्ति संवाद-चाय पर चर्चा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शक्ति संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि मातृ शक्ति का आशीर्वाद हमेशा से भाजपा को मिलता रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी नारी शक्ति वैश्विक नेता नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को साकार करेगी। सबका साथ सबका विकास के मजबूत इरादे से सत्ता में आई भाजपा सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश की जनता के लिए अनेक जन कल्याणकारी कार्य किए हैं और हर बार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त करने के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल पास किया, उज्वला योजना के तहत धुंआ रहित जीवन दिया, शौचालय बनवाकर आत्मसम्मान दिया, लखपति दीदी अभियान के तहत महिलाओं का जीवन सरल बनाकर महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है।

तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर मुस्लिम बहिनों के अधिकारों की रक्षा करने का काम भी पीएम मोदी ने ही किया है। शक्ति संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने मातृ शक्ति को समर्पित कई योजनाएं लागू की है जिनका सीधा लाभ बिना किसी भेदभाव एवं बिना किसी भ्रष्टाचार के जरूरतमंद महिलाओं को मिला है। भाजपा का उद्देश्य है कि पूरे देश में इस अभियान के तहत एक करोड़ स्व-सहायता समूह एवं एनजीओ तक संपर्क करके 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना है। शक्ति संवाद कार्यक्रम का संचालन अभियान के सह-संयोजक एवं जिला मंत्री राहुल राजपूत ने किया। शक्ति संवाद कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला मंत्री एवं अभियान सह-संयोजक ममता कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, जिला मंत्री रजत चौधरी, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, कृपा नारायण तिवारी, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष राधा पाल, ऋचा मिश्रा, मंत्रवती शाक्य, नूतन राजावत, मांडवी मिश्रा, सीमा सिंह, सुभाषा शाक्य, पूजा श्रीवास्तव, खुशबू पाठक, आशा अवस्थी विनीता टंडन, सीमा शाक्य प्रीती, वर्षा दुबे नोडल अधिकारी रामशरण, सूर्य नारायण पांडेय सहित स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ की महिलाएं उपस्थित रही।

# विकसित भारत की नींव हमारे किसान भाई रखेंगेः राजेश

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज के द्वारा सिविल लाइन कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा महानगर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह पटेल ने बताया कि दिनांक 12 फरवरी से भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ दोपहर 12:30 बजे मुजफ्फरनगर के सुक्रताल से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महानगर में किसान मोर्चा के द्वारा भगवतपुर विकासखंड के अहमदपुर ग्राम पंचायत से जिले स्तर पर ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ कृषि यंत्र के पूजन के साथ किया जाएगा। इस ग्राम परिक्रमा यात्रा के माध्यम से किसान मोर्चा के कार्यकर्ता 2 लाख से अधिक गांव में किसान मजदूर तथा कृषि से जुड़े अन्य वर्गो से संपर्क स्थापित करेंगे और उनसे संवाद भी करेंगे। जिसके माध्यम से मोदी सरकार के किसान ही तहसील योजनाओं पर चर्चा की जाएगी और किसान भाइयों की समस्याओं को भी दूर किया जाएगा। साथ ही मोटे अनाज पैदा करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा। प्रेस वार्ता का संचालन मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के महामंत्री सनी सिंह, अंजनी सिंह, अरुण दुबे, दिव्यांशु शुक्ला, संदीप यादव, कृष्ण मोहन गुप्ता, विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों को किया पुरस्कृत

**प्रयागराज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर प्रथम नगर क्षेत्र प्रयागराज में आज वार्षिक उत्सव समारोह संपन्न हुआ इस समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर प्रज्ञा सिंह एवं प्रमिल केसरवानी इआरपी नगर श्रीमती अनुरागिनी सिंह की गरिमामय में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद अमानुल्लाह द्वारा किया गया। खन्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा सिंह द्वारा छात्रों को आशीर्वाद के रूप में उपहार दिए गए। जनहित संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रमिल केसरवानी द्वारा सहयोग के रूप में छात्रों को महापुरुषों के चित्र किए जाने हेतु बात कही गई। कार्यक्रम में मोहम्मद अमानुल्लाह द्वारा बताया गया की विद्यालय के विकास हेतु उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह से अग्रसर है।

# टमाटर प्याज के बाद लहसुन ने पकड़ी रफ्तार कीमतें आसमान पर

- लहसुन की महंगाई से मची हाहाकार अभी और सताएगा लहसुन

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** बिलग्राम में लहसुन ने पकड़ी मंहगाई पिछले महीने लगभग 100 से 200 रू किलो बिकने वाला लहसून अब मार्केट में 400 रु प्रति किलो पर बिक रहा है अपको बताते चले की लहसून की नई फसल भी तैयार होने में देर है सहालग आते ही लहसून की कीमतों में भारी उछाल आ गया है लोग लहसून की भरसार कर रहे है आगे और महंगाई होने के असर नजर आ रहा है वही पूर्व दिनो में 20 रु प्रति किलो वाला टमाटर ने अपना रंग दिखाया था और 200 रू प्रति किलो से बिका था अब लहसून भी लोगो को रुलाएगा 100 से 200 रु प्रति किलो वाला लहसून 400 रु प्रति किलो लहसून होने से दुकानदारों की चिंता सताने लगी है जिससे होटल रेस्टोरेंट खरीददारी कम कर दी है महंगाई की मार से आम आदमी परेशान हैं वही सरकार भी अंकुश लगाने के लिए प्रयास करें जिससे जमा खोरो पर करवाई की जाए लहसून के दाम पर कमी आए वही जो लहसून एक किलो लेने वाले लोग मंहगाई की खरीद पर खरीददारी कम करते नजर आ रहे है अब लहसून की बाघार में कमी आयेगी वैसे लहसून गर्म माना जाता है कुछ लोग सर्दी में भून कर सेवन करते है।

# पेपर कप में चाय पीना सेहत के लिए हो सकता है नुकसानदेह, खतरा जान चकरा जाएंगे आप



कागज के कप में प्लास्टिक का भी इस्तेमाल किया जाता है। जो आपको आंखों से नहीं दिखता है, लेकिन यह चाय में घुलकर हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। हम आपको कागज के कप में चाय पीने से सेहत को होने वाले कुछ नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं।

एक रिसर्च के मुताबिक अगर आप कागज के कप में चाय पीते हैं, तो इससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इस गंभीर बीमारे के खतरे की वजह कागज के रूप में इस्तेमाल होने वाला प्लास्टिक है। जो आपको आंखों से नहीं दिखता है, लेकिन यह चाय में घुलकर हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कागज के कप में चाय पीने से सेहत को होने वाले कुछ नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं।

### जानिए 3 खतरनाक बातें

चाय का कप वॉटरप्रूफ होता है, इसको वॉटरप्रूफ बनाने के लिए कागज के कप पर प्लास्टिक की महीन लेयर चढ़ाई जाती है।

पेपर कप में जब गर्म चाय डालते हैं, तो इस पर चढ़ी प्लास्टिक की लेयर पिघलने लगती है। क्योंकि एक कप चाय में माइक्रोप्लास्टिक के 25 हजार से अधिक कण घुल जाते हैं। इन कणों का साइज इतना अधिक बारीक होता है कि आप इनको आंखों से नहीं देख सकते हैं।

इसके साथ ही प्लास्टिक में मौजूद दूसरे हानिकारक केमिकल्स चाय में घुलकर हमारे शरीर में पहुंचते हैं। ऐसे में अगर आप पेपर कप में दिन भर में 5 चाय पीते हैं, तो एक लाख 25 हजार माइक्रो प्लास्टिक कण आपके शरीर में पहुंच जाएंगे।

वहीं लगातार इस कप में चाय पीने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। साथ ही बॉडी में धीरे-धीरे माइक्रोप्लास्टिक कण जमा होने लगते हैं। जिससे डायरिया जैसी बीमारी हो सकती है।

पेपर कप में चाय पीने से हाजमा खराब हो जाता है और आंतों में इंफेक्शन फैल जाता है और धीरे-धीरे इसका असर किडनी और लिवर पर भी पड़ने लगता है।

### प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए हानिकारक

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो गर्भवती महिलाओं को पेपर कप के इस्तेमाल से बचना चाहिए। क्योंकि इसका इस्तेमाल करने से हाई बीपी की समस्या हो सकती है।

पेपर कप के इस्तेमाल से गर्भ में पलने वाले बच्चे का विकास रुक सकता है और बच्चे को मानसिक बीमारी होने का खतरा भी बढ़ सकता है। वहीं महिलाओं को थकान और एंग्जाइटी हो सकती है।

### डिस्पोजल कप पर रिसर्च

एक रिसर्च में सामने आया है कि न सिर्फ व्यक्ति की सेहत बल्कि यह पेपर कप मिट्टी और पर्यावरण तक को प्रदूषित करते हैं। शोध के दौरान तितली और मच्छर के लार्वा पर रिसर्च की और पता लगाने की कोशिश कि अलग-अलग चीजों से बने डिस्पोजेबल कप का लार्वा पर कैसा असर पड़ता है।

इसके लिए पेपर कप और प्लास्टिक कप को कुछ सप्ताह के लिए पानी में छोड़ दिया गया। पानी में कप में मौजूद केमिकल घुलकर लार्वा तक पहुंच गया। आपको जानकर हैरानी होगी कि तितलियों और मच्छरों के लार्वा के विकास पर कप में मौजूद केमिकल ने निगेटिव असर डाला।

पॉली लैक्टिक एसिड को बायोडिग्रेडेबल कहा जाता है। लोगों को लगता है कि दूसरे प्लास्टिक की तुलना में यह जल्द नष्ट हो जाता है। लेकिन बता दें कि दूसरे प्लास्टिक की तरह भी खतरनाक और जहरीला हो सकता है।

जब मिट्टी-पानी में पहुंचकर बायोप्लास्टिक के कण पर्यावरण में घुलते हैं, तो यह आसानी से नष्ट नहीं हो पाते हैं। ऐसे में यह पानी और हवा-मिट्टी के जरिए इंसानों और जानवरों के शरीर में पहुंच जाता है। इन कणों में मौजूद केमिकल सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं।

### पर्यावरण में घुल जाता है प्लास्टिक

प्लास्टिक हमेशा पर्यावरण में बना रहता है तो हमेशा खतरे के रूप में कायम रहता है। ऐसे में यह गलकर माइक्रोप्लास्टिक की शक्ल में न सिर्फ इंसानों और जानवरों तक पहुंच जाता है। आपको बता दें कि प्लास्टिक में उतना प्लास्टिक होता है, जितना कि एक नॉर्मल कंवेंशन प्लास्टिक में।

पेपर प्लास्टिक में भी नुकसान पहुंचाने वाले पार्टिकल्स मिले होते हैं, जो सेहत के लिए ही नहीं बल्कि पर्यावरण के लिए भी काफी बड़ा खतरा है।

### ऐसे रिसाइकल होते हैं जूठे कप

बहुत सारे लोग सोचते हैं कि डिस्पोजेबल पेपर कप को रिसाइकल कर पर्यावरण को नुकसान होने से बचाया जा सकता है। हांलाकि कुछ आसान स्टेप्स को फॉलो कर पेपर कप को रिसाइकल कर सकते हैं और नुकसान से बच सकते हैं।

पेपर कप को रिसाइकल करने के लिए कागज और प्लास्टिक की परत को पहले अलग किया जाता है। फिर इसमें से निकले कागज से दूसरे प्रोडक्ट्स बना सकते हैं। आपको बता दें कि ऐसी कई कंपनियां हैं, जो पेपर कप को रिसाइकल कर उससे नैपकिन, टिश्यू पेपर और कार्ड बोर्ड जैसे नए प्रोडक्ट्स बनाती है। कनाडा और अमेरिका जैसे देशों में हर साल 6 से 8 लाख टन पेपर का इस्तेमाल किया जाता है।

# सर्दी-जुकाम और फ्लू की समस्या होने पर ऐसे करें बच्चों का इलाज, जानिए क्या कहते हैं हेल्थ एक्सपर्ट्स



सर्दी बच्चों को ज्यादा परेशान कर सकती है। वहीं फ्लू होने से बच्चों को खांसी के साथ बलगम की समस्या हो सकती है। ऐसे में अगर आपके बच्चे को फ्लू या सर्दी-जुकाम की समस्या है, तो आप नीचे बताए गए कुछ टिप्स फॉलो कर सकते हैं।

सर्दियों के मौसम में बच्चों को आसानी सर्दी और फ्लू की समस्या हो जाती है। कई बार इस मौसम में यह समस्या इतनी अधिक बढ़ जाती है कि जुकाम कम होने का नाम नहीं लेते हैं। इससे शरीर भी काफी कमजोर हो जाता है। बच्चों की इम्यूनिटी बड़ों से कम स्ट्रांग होती है। ऐसे में सर्दी बच्चों को ज्यादा परेशान कर सकती है। वहीं फ्लू होने से बच्चों को खांसी के साथ बलगम की समस्या हो सकती है। अक्सर माता-पिता बच्चों की इस समस्या को दूर करने के लिए कई तरह की दवाइयां देते हैं।

हांलाकि इन दवाओं के सेवन से बच्चों को जल्दी आराम नहीं मिलता है। ऐसे में अगर आपके बच्चे को फ्लू या सर्दी-जुकाम की समस्या है, तो आप नीचे बताए गए कुछ टिप्स फॉलो कर सकते हैं। इससे बच्चों की सर्दी और फ्लू जैसे लक्षणों को कम किया जा सकता है।

### शहद

सर्दियों के मौसम में बच्चों को कई बार खांसी-जुकाम की समस्या हो जाती है। ऐसे बच्चा पूरा दिन परेशान रहता है। कई बार रात में सोने के समय खांसी आनी शुरू हो जाती है। बच्चों को खांसी से राहत देने के लिए रात को 1 चम्मच शहद देना चाहिए। शहद बच्चे के शरीर को अंदरूनी तौर पर गर्म रखता था।

### नमक के पानी से गरारे

बच्चों को सर्दी और फ्लू होने पर नमक के पानी के गरारे कराने चाहिए। इससे उनके गले की खराश दूर होगी और एंटी-बैक्टीरियल होने की वजह नमक के पानी से गले की खिचखिच शांत होगी।

### हाइड्रेट रखें

सर्दी-जुकाम और फ्लों होने के बाद भी समय-समय पर बच्चे को पानी पीने के लिए देते रहें। क्योंकि पानी की कमी से न सिर्फ बच्चे का शरीर डिहाइड्रेट होता है बल्कि उनका शरीर भी गर्म हो सकता है। बच्चों को हाइड्रेट रखने के लिए पानी के सूप और हर्बल चाय भी दे सकते हैं।

### पेट्रोलियम जेली

बता दें कि अधिक जुकाम होने पर बच्चों के नाक के आसपास की त्वचा ड्राई हो सकती हैं और कई बार यह दर्द होने लगती हैं। इसलिए त्वचा की ड्राईनेस को कम करने के लिए बच्चों के नाक के आसपास की त्वचा पर पेट्रोलियम जेली अवश्य लगाएं। इससे बच्चे की स्किन मॉइस्चराइज रहती हैं।

### सॉफ्ट फूड्स का सेवन

अक्सर जब बच्चों को ठंड या फ्लू होता है तो इसका असर उनकी भूख पर देखा जाता है। ऐसे में उनको हल्का और आसानी से बचने वाला खाना देना चाहिए। आप बच्चों को ओट्स, दलिया या फिर खिचड़ी आदि खाने के लिए दे सकते हैं। इस दौरान बच्चों को भूलकर भी कठोर खाद्य पदार्थ नहीं देना चाहिए।

# आयुर्वेद में तेजी से बढ़ रहा है पत्थरचट्टा का इस्तेमाल, जोड़ों के दर्द के लिए है रामबाण इलाज





पत्थरचट्टा कई तरह के इंफेक्शन को दूर करता है और हमारे शरीर का बीमारियों से बचाव करता है। आज हम आपको पत्थरचट्टा के इस्तेमाल और फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं। यह एक औषधीय पौधा है, जो पोषक तत्वों से भरपूर माना जाता है। आयुर्वेद में इन दिनों पत्थरचट्टा का तेजी से इस्तेमाल बढ़ रहा है। इसको यूरीनरी इन्फेक्शन में काफी ज्यादा असरदार माना जाता है। आयुर्वेद में बीमारियों के इलाज के लिए कई तरह की जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल किया जाता है। यह जड़ी बूटियां जड़ों, फूलों, छाल और सक्रिय तत्व पत्तियों से मिलते हैं। यह सारी चीजें शारीरिक हेल्थ के साथ मेंटल हेल्थ के लिए फायदेमंद होती है। पत्थरचट्टा कई तरह के इंफेक्शन को दूर करता है और हमारे शरीर का बीमारियों से बचाव करता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पत्थरचट्टा के इस्तेमाल और फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं।

### पत्थरचट्टा या कलानचो

आपको बता दें कि पत्थरचट्टा को कलानचो के नाम से जाना जाता है। इसको एयर प्लांट, वंडर ऑफ द वर्ल्ड, कैथेड्रल बेल्स और मिरेकल लीफ भी कहते हैं। पूरे भारत में पत्थरचट्टा के पौधे पाए जाते हैं। इसको आमतौर पर एयर प्लांट के तौर पर भी जाना जाता है। पत्थरचट्टा में लंबे खोखले स्टेम होते हैं। बेल जैसे पेंडुलस फूल और मांसल हरे पत्ते होते हैं। पत्थरचट्टा का वैज्ञानिक नाम ब्रायोफिलम पिनेटम है। यह एक औषधीय पौधा है, जो पोषक तत्वों से भरपूर माना जाता है।

### न्यूट्रिशन से भरपूर

पत्थरचट्टा ग्लाइकोसाइड्स, ट्राइटरपेन्स, कार्डिए नोलाइड्स, एल्कलॉइड्स, फ्लेवोनोइड्स, बुफैडियनो लाइड्स, लिपिड और स्टेरॉयड जैसे बायोएक्टिव कंपाउंड से समृद्ध होता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, आयरन, प्रोटीन, कॉपर, जिंक, पोटेशियम, निकेल, कैल्शियम, सोडियम, लीड, कैडमियम जैसे मिनरल्स मौजूद होते हैं। आयुर्वेद में स्टोन को डिजोल्व करने के कारण इस पौधे का नाम पत्थरचट्टा पड़ा।

### चमत्कारी है ये पौधा

पत्थरचट्टा का पौधा कैंसर पैदा करने वाली सेल्स की वजह से बदलाव को कम कर सकता है। यह ब्लड शुगर लेवल को कम कर सकता है। साथ ही माइक्रो और फंगल के विकास को रोक सकता है। यह पौधा सूजन को कम करने में सहायक होता है और पेट में अल्सर बनने से रोकता है। पत्थरचट्टा प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के साथ ही यह किडनी स्टोन को खत्म करता है। साथ ही यूरीनरी इंफेक्शन कम करने में मददगार होता है।

### जोड़ों के दर्द में भी कारगर

पत्थरचट्टा जोड़ों के दर्द में भी काफी फायदेमंद होता है। क्योंकि यह एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है। जो हड्डियों के दर्द को कम करने में सहायक होता है और सूजन में भी कमी आती है। पत्थरचट्टा हड्डियों को अंदर से मजबूत बनाने का काम करता है। यह टिशूज को स्वस्थ रखने के साथ ही दर्द में राहत देने का काम करता है।

### पत्थरचट्टा के पत्ते

पत्थरचट्टा के 100 ग्रम पत्तों को अच्छे से कूट लें और पत्तियों का रस तैयार कर लें। आधा कप सुबह और आधा पेट शाम को खाली पेट इस रस का सेवन किया जा सकता है। पत्थरचट्टा के इस्तेमाल से इंफेक्शन दूर होने के साथ ही पथरी वाला कैल्शियम फॉस्फेट पेशाब के जरिए बाहर निकल जाता है।

### पत्थरचट्टा का रस

आप चाहें तो मार्केट में पत्थरचट्टा का जूस मिलता है। रोजाना दिन में दो बार 20-30 एमएल जूस का सेवन करें। लेकिन ध्यान रखें कि खाली पेट इस रस का सेवन करना चाहिए।

### पत्थरचट्टा के पत्ते का काढ़ा

पत्थरचट्टा के पत्ते का काढ़ा बनाने के लिए इसकी पत्तियों को साफ पानी से धो डालें। फिर एक गिलास पानी में इसकी पत्तियों को डालकर अच्छे से उबाल लें। अच्छे से उबालने के बाद इसको छान लें। फिर रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन करें।

### पत्थरचट्टा के पत्तियों की चाय

पत्थरचट्टा की कुछ सूखी और ताजी पत्तियों को पानी में उबालकर छान लें। अगर आप शुगर पेशेंट नहीं है, तो इस चाय में शहद की कुछ बूंदे डालकर इसका सेवन कर सकती हैं।

### पत्थरचट्टा का लेप

आपको बता दें कि हड्डियों के दर्द और सूजन को पत्थरचट्टा का लेप तेजी से कम कर सकता है। पत्थरचट्टा की पत्तियों को पीसकर इसमें हल्दी मिलाकर इसका लेप बना लें। फिर इसको अपने जोड़ों पर हल्के हाथों से मालिश करते हुए लगाएं। रोजाना दिन में तीन बार इस लेप को लगाने से आपकी हड्डियां मजबूत होंगी और इनका दर्द भी दूर होगा।

### घर में लगा सकते हैं यह पौधा

घर के गमलों में आप आसानी से पत्थरचट्टा के पौधे को उगा सकते हैं। बता दें यह पौधा बीज से नहीं उगता है। यह पौधा सिर्फ पत्तियों से फैलता है। एक पत्ती से पत्थरचट्टा के 5-10 पौधे तैयार हो सकते हैं। हांलाकि इस पौधे को रोजाना पानी देना जरूरी होता है।

# 12 हतों तक आजमाएं ये आयुर्वेदिक नुस्खें, पीरियड क्रैम्प्स से मिलेगी राहत



क्रैम्प्स की वजह से महिलाएं पीरियड्स के दौरान अपना रोजमर्रा का काम नहीं कर पाती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ आयुर्वेदिक नुस्खे बताने जा रहे हैं, जो पीरियड क्रैम्प्स से राहत दिलाने में आपकी मदद करेंगे। पीरियड्स के दिन महिलाओं के लिए दर्द से भरे होते हैं। इस दौरान उन्हें असहनीय दर्द से गुजरना पड़ता है। मेडिकल भाषा में इस दर्द को मेंस्ट्रुअल क्रैम्प (पीरियड्स क्रैम्प्स) कहते हैं, जो 10 में से 9 महिलाओं को झेलने पड़ते हैं। पीरियड के दौरान हमारा शरीर हार्मोन का उत्पादन करता है, जिससे गर्भाशय में सिकुड़न पैदा होती है। इसी सिकुड़न को क्रैम्प या ऐंठन कहा जाता है। क्रैम्प्स की वजह से महिलाएं पीरियड्स के दौरान अपना रोजमर्रा का काम नहीं कर पाती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ आयुर्वेदिक नुस्खे बताने जा रहे हैं, जो पीरियड क्रैम्प्स से राहत दिलाने में आपकी मदद करेंगे। आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसार सावलिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पीरियड्स क्रैम्प्स से राहत दिलाने वाले कुछ नुस्खे साझा किए हैं। डॉक्टर ने महिलाओं को इन नुस्खों को 12 हफ्तों तक आजमाने की सलाह दी है। साथ ही उन्होंने ये भी बताया है कि इन नुस्खों ने उनकी कई पेशेंट्स की क्रैम्प्स की समस्या दूर की है।

### पीरियड क्रैम्प्स दूर करने के आयुर्वेदिक नुस्खें

रोजाना धूप सेंके-सूरज की रोशनी विटामिन डी का सबसे अच्छा स्रोत है। विटामिन डी क्रैम्प्स पैदा करने के लिए जिम्मेदार प्रोस्टाग्लैंडीन के उत्पादन को कम करने में मदद करता है। इसलिए रोजाना 15-30 मिनट के लिए धूप में बैठें। ये सिर्फ पीरियड क्रैम्प्स के लिए ही नहीं बल्कि आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है। सीड्स का सेवन करें-पीरियड क्रैम्प्स से बचने के लिए डाइट में सीड्स शामिल करें। पीरियड्स शुरू होने से पहले 13-14 दिनों तक अलसी और कद्दू के बीज का सेवन करें। पीरियड्स के बाद के दिनों में सूरजमुखी और तिल के बीज का सेवन करें। इन बीजों में मौजूद पोषक तत्व हार्मोन को संतुलित करने में मदद करते हैं, जिसकी वजह से पीरियड के दौरान होने वाला दर्द भी कम हो जाता है। पीरियड्स के दौरान एक्टिव रहें पीरियड्स के दौरान एक्टिव रहने जरुरी है। एक्सरसाइज/योग करने से पेल्विक क्षेत्र के आसपास परिसंचरण बढ़ जाता है, जो प्रोस्टाग्लैंडिंस (दर्द के लिए जिम्मेदार) का प्रतिकार करने के लिए एंडोर्फिन जारी करता है। पीरियड्स के दौरान आप हल्की सैर, बालासन, विपरीत करणी, शवासन, सुप्त बद्ध कोणासन, वज्रासन जैसे आसान कर सकते हैं। किशमिश और केसर का सेवन करें पीरियड्स का दर्द कम करने के लिए भीगी हुई किशमिश और केसर का सेवन करें। ये दोनों चीजें दर्द को कम करने में मदद करेंगे। इसी के साथ मूड स्विंग से निपटने में भी मदद कर सकते हैं। सुबह सबसे पहले 2-3 केसर के धागों के साथ 5 रात भर भिगोई हुई काली किशमिश का सेवन करें।

हर्बल चाय की चुस्की लें-पीरियड्स के दिनों में मेथी हर्बल चाय पीने से क्रैम्प्स को कम करने में मदद मिलेगी। इसे बनाने के लिए 1 गिलास पानी लें-इसमें 5 मेथी के बीज, 5 पुदीने की पत्तियां, 3 तुलसी की पत्तियां, आधा चम्मच अजवाइन और आधा चम्मच जीरा डालें और इसे पूरी आंच पर 5 मिनट तक उबालें, फिर छान लें और घूंट-घूंट करके पी लें। इसके अलावा आप कैमोमाइल चाय और अदरक-गुलाब की चाय का भी सेवन कर सकते हैं। अदरक-गुलाब की चाय बनाने के लिए 1 गिलास पानी लें, इसमें 5-7 गुलाब की पंखुड़ियां और ताजा कसा हुआ 1 इंच अदरक मिलाएं, इसे 5-7 मिनट तक उबालें, फिर छान लें और गर्म होने पर इसे छान लें।

# इन फलों को डाइट में शामिल करें डायबिटीज के मरीज, नहीं बढ़ेगी शुगर

लोग फलों का सेवन करने से परहेज करते हैं। फल मीठे होते हैं, इसलिए लोग शुगर बढ़ने के डर से उनका सेवन नहीं करते हैं। लेकिन ऐसा बिलकुल भी नहीं है। डायबिटीज के मरीज फलों का सेवन कर सकते हैं, लेकिन इन्हें कैसे और कितना खाना है बस इसका ध्यान रखना है।

डायबिटीज के मरीजों को खानपान का बहुत ध्यान रखना पड़ता है। उन्हें बहुत सोच समझकर फलों और सब्जियों का सेवन करना पड़ता है। अगर वो ऐसा नहीं करते हैं तो उनके ब्लड शुगर लेवल में अचानक वृद्धि हो सकती है, जो जानलेवा हो सकती है। यही वजह है कि डायबिटीज के मरीजों को संतुलित आहार लेने की सलाह दी जाती है, जिसमें साबुत अनाज और ताजे फल शामिल होते हैं। ये दोनों फाइबर और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और डायबिटीज को नियंत्रण में रखने में मदद करते हैं। लेकिन बावजूद इसके लोग फलों का सेवन करने से परहेज करते हैं। फल मीठे होते हैं, इसलिए लोग शुगर बढ़ने के डर से उनका सेवन नहीं करते हैं। लेकिन ऐसा बिलकुल भी नहीं है। डायबिटीज के मरीज फलों का सेवन कर सकते हैं, लेकिन इन्हें कैसे और कितना खाना है बस इसका ध्यान रखना है।

### डायबिटीज के मरीज करें इन फलों का सेवन

डायबिटीज के मरीजों को कम जीआई स्कोर और उच्च फाइबर सामग्री वाले फलों का सेवन करना चाहिए। सेब, खट्टे फल, नाशपाती, जामुन, चेरी और कीवी जैसे फल डायबिटीज के मरीजों के लिए अच्छे होते हैं। ये फल ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखने में मदद करते हैं। इसके साथ ही ये मीठा खाने की क्रेविंग को भी कम करने में मदद करते हैं।

### डायबिटीज के मरीज न करें इन फलों का सेवन

डायबिटीज के मरीजों का अत्यधिक पका हुआ केला, अनानास, आम, तरबूज और अंगूर जैसे फलों का सेवन नहीं करना चाहिए। इन फलों का सेवन करने से शुगर बढ़ सकती है और परेशानियां हो सकती है। इन फलों के अलावा डायबिटीज के मरीजों को किशमिश, खुबानी और फलों के रस जैसी चीजों का सेवन करने से भी बचना चाहिए।

### फलों का सेवन करते समय ध्यान में रखें ये बातें

- डायबिटीज के मरीजों को ताजे और मौसमी फलों का चुनाव करना चाहिए। जमे हुए और डिब्बाबंद फलों का सेवन करने से परहेज करें।
- पोषक तत्व बनाए रखने के लिए फलों को जैसे है वैसे ही रखें, इन्हें काटने की गलती न करें।



- फलों का सेवन करने से पहले उनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स जरूर चेक करें।
- डायबिटीज के मरीजों को ताजे और मौसमी फलों का जरुरत से ज्यादा सेवन करने से बचना चाहिए।

# सर्दियों में मखाना खाने से सेहत को मिलेंगे हजारों फायदे, जानिए किस तरह से करें सेवन



सर्दियों में रोजाना मखाना का सेवन शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। लेकिन इसका कब, कितना और कैसे सेवन करना चाहिए, इसके बारे में जानकारी होनी चाहिए। बता दें कि यह एक हेल्दी स्नैक्स है।

सर्दियों में भूख लगने पर लोग जंक फूड और फास्ट फूड का सेवन करते हैं। लेकिन इसकी जगह पर आप मखाने का सेवन कर सकते हैं। बता दें कि मखाने में एंटी-ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। साथ ही यह एक हेल्दी स्नैक्स है। इसलिए रोजाना इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। लेकिन इसका कब, कितना और कैसे सेवन करना चाहिए, इसके बारे में जानकारी होनी चाहिए। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सर्दियों में किस तरह से मखाना खाना चाहिए और यह किस तरह से हमें फायदा पहुंचाता है।

### सर्दियों में ऐसे करें मखाना का सेवन

मखाने के तासीर गर्म होती है। इसलिए सर्दियों में इसका सेवन फायदेमंद माना जाता है। लेकिन इसकी मात्रा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। सर्दियों के मौसम में प्रतिदिन 30 ग्राम मखाने का सेवन करने से हड्डियां मजबूत रहती हैं। इसके सेवन से आपको सर्दी-जुकाम और इंफेक्शन नहीं होता है। सर्दियों में न्यूट्रिशनल वैल्यू बढ़ाने के लिए मखाना घी में भूनकर खाना अधिक लाभकारी होता है।

### दूध के साथ मखाना

बहुत सारे लोग व्रत में दूध और मखाने का सेवन करते हैं। दूध और मखाना दोनों का कॉम्बिनेशन शरीर को ताकत देने का काम करता है। मखाने में प्रोटीन, मैग्नीशियम, कैल्शियम, आयरन, फैट और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। वहीं दूध में प्रोटीन, विटामिन डी और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके सेवन से लंबे समय तक पेट भरा रहता है। यह कैल्शियम का बेहतरीन स्त्रोत है। यह किडनी और दिन दोनों के लिए फायदेमंद होता है।

### व्रत में मखाना का सेवन

कई लोग व्रत में मखाने का सेवन करते हैं। बता दें कि मखाने खाने से कई फायदे होते हैं। इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जिससे कि आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है। साथ ही इसके सेवन से शरीर को एनर्जी प्राप्त होती है और कमजोरी नहीं लगती है। मखाना खाने से कब्ज और पाचन संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं।

### पाचन होगा दुरुस्त

मखाना के सेवन से न सिर्फ सेहत बल्कि पाचन भी सही रहता है। मखाने के सेवन से शरीर में मौजूद विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं। रोजाना मखाने का सेवन करने से शरीर से विषाक्त तत्व बाहर निकल जाते हैं। साथ ही इससे किडनी स्वस्थ रहती है।

### अच्छी और गहरी नींद

आपको बता दें कि मखाने के सेवन से सेहत और स्वाद दोनों मिलता है। जिन लोगों को नींद न आने की समस्या होती है और रात में सोने से पहले दूध में मखाने भिगोकर उनका सेवन करना चाहिए। इसके अलावा आप डेट्स और मखाना को पानी में भिगोकर भी इसका सेवन करते हैं। रोजाना इसको खाने से आपको कुछ ही दिनों में साफ फर्क नजर आने लगेगा।

### वेट लॉस में सहायक

वेट लॉस करने के लिए मखाने का सेवन करना चाहिए। मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। इससे आपका पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है। इससे आप ओवरइटिंग से बत जाते हैं। जिससे आप आसानी से वेट लॉस कर सकते हैं।

### ग्लूटेन फ्री है मखाना

कई लोगों को ग्लूटेन से एलर्जी होती है। जिन लोगों को ग्लूटेन से एलर्जी होती हैं, उनके लिए गेंहू के आटे की रोटियां फायदेमंद नहीं होती है। ऐसे में इन लोगों को ऊर्जा और ताकत पाने के लिए रोजाना मखाने का सेवन करना चाहिए।

### मखाना खाने के फायदे

मखाने के सेवन से मेटाबॉलिज्म अच्छा रहता है और हड्डियों में तकलीफ नहीं होती है। वहीं एनीमिया रोगियों के लिए भी मखाने का सेवन फायदेमंद होता है। महिलाओं को मखाना का सेवन जरूर करना चाहिए। स्किन के लिए यह फायदेमंद होता है, इसके सेवन से त्वचा लंबे समय तक जवान और ग्लोइंग बनी रहती है। मखाने में ग्लाइसेमिल इंडेक्स अच्छा होता है। ऐसे में इसको डायबिटीज के रोगी भी खा सकते हैं।

यह शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद करता है, इंफ्लेमेशन को कम करके के साथ ही इसमें मौजूद एंटी बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज इंफेक्शन से बचाव करता है। इसमें सैचुरेटेड फैट और सोडियम कम पाया जाता है। मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। यह कैंसर, डायबिटीज और हार्ट डिजीज के पेशेंट के लिए भी फायदेमंद है।

# भारत की संस्कृति और रामायण को अलग करके देखा ही नहीं जा सकताः अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में शनिवार को नियम 193 के तहत 'ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर चर्चा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज किसी का जवाब नहीं दूंगा। मैं मन की बात और जनता के मन की बात देश के सामने रखना चाहता हूं। वह आवाज, जो वर्षों से अदालत के कागजों में दबी हुई थी। 22 जनवरी 2024 के बारे में भले ही कुछ लोग कुछ भी कहें, वह दिन दस सहस्त्र से भी ज्यादा वर्षों के लिए ऐतिहासिक दिन बना रहेगा।

उन्होंने कहा कि 1528 से चल रही संघर्ष और अन्याय के खिलाफ लड़ाई की जीत का दिन है। 22 जनवरी 2024 का दिन समग्र भारत की आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का दिन है। देश की कल्पना राम और राम चरित्र के बगैर नहीं हो सकते। राम और राम का चरित्र भारत के जनमानस का प्राण है। संविधान की पहली प्रति से लेकर महात्मा गांधी के आदर्श भारत की कल्पना तक राम का नाम लिया जाता रहा।

**अन्याय**

**उन्होंने कहा कि 1528 से चल रही संघर्ष और अन्याय के खिलाफ लड़ाई की जीत का दिन है।**

उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और रामायण को अलग करके देखा ही नहीं गया। कई भाषाओं, संस्कृतियों और धर्मों में रामायण का जिक्र है। कई सारे देशों ने रामायण को स्वीकारा और आदर्श ग्रंथ के रूप में प्रस्थापित किया है। राम और रामायण से अलग देश की कल्पना हो ही नहीं सकती। ये लड़ाई 1528 से लड़ी जा रही थी। दशकों तक लड़ाई चली। तकरीबन 1858 से कानूनी लड़ाई चल रही थी। 330 साल के बाद कानूनी लड़ाई का आज अंत आया है और रामलला अपने गर्भगृह के अंदर विराजमान हैं।



अमित शाह ने कहा कि आंदोलन से अनभिज्ञ होकर इस देश के इतिहास को पढ़ ही नहीं सकता। 1528 से हर पीढ़ी ने इस आंदोलन को वाचा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समय में ही यह परवान चढ़ा और स्वप्न सिद्ध हुआ। राम जन्मभूमि का इतिहास लंबा है। राजाओं, संतों, निहंगों और कानून विशेषज्ञों ने इस लड़ाई में अपना योगदान दिया है। इन सभी योद्धाओं का आज हम विनम्रता से स्मरण करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि गिलहरी की तरह कई लोगों ने अपना योगदान दिया। 1990 में जब आंदोलन ने गति पकड़ी, उससे पहले से ही भाजपा का देश की जनता को वादा था। हमने पालमपुर कार्यकारिणी के अंदर प्रस्ताव पारित करके कहा था कि राम मंदिर के निर्माण को धर्म से नहीं जोड़ना चाहिए। यह देश की चेतना की पुनर्जागृति का आंदोलन है। जब हम घोषणा पत्र में कहते थे कि राम मंदिर बनाना हो, तीन तलाक हटाना हो, समान नागरिक संहिता लाना हो, अनुच्छेद 370 हटाना हो, तो कहा जाता था कि भाजपा ऐसे ही वादा करती है। लोग कहते थे कि हम वोट हासिल करने के लिए ऐसा करते हैं। जब हम वादा पूरा करते हैं तो उसका भी विरोध करते हैं।

अमित शाह ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी जो बोलते हैं, वो करते हैं। हम 1986 से कह रहे थे कि वहां भव्य राम मंदिर बनना चाहिए। कुछ लोग यहां प्रतिक्रिया दे रहे थे। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की खंडपीठ के फैसले से आप वास्ता रखते हैं या नहीं? आप फैसले से कैसे कन्नी काट सकते हैं? सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने भारत के पंथ निरपेक्ष चरित्र को उजागर किया है।

## 25 साल में पहली बार बदला महाराष्ट्र का सियासी गणित, नहीं चलेगा पवार-ठाकरे का जादू

**मुंबई।** 10 जून 2022 के बाद महाराष्ट्र का सियासी गणित बदल गया है। उस दिन सूबे में राज्यसभा की छह सीटों के लिए चुनाव हुए थे, जिसमें भाजपा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार को चकमा देकर तीसरी सीट भी जीत ली थी। विगत 25 सालों में यह पहला अवसर है, जब सूबे के दो बड़े राजनीतिक खिलाड़ी शरद पवार और उद्धव ठाकरे अब इस स्थिति में नहीं हैं कि कोई जादू कर सकें। इससे सूबे में राज्यसभा की 6 सीटों पर होने वाले चुनाव में एक बार फिर चमत्कार होने की संभावना जताई जा रही है।

महाराष्ट्र में राज्यसभा की 6 सीटों पर 27 फरवरी को चुनाव होना है। भाजपा के तीन सदस्य नारायण राणे, प्रकाश जावड़ेकर और वी मुरलीधरन, एनसीपी की वंदना चव्हाण, कांग्रेस के कुमार केतकर और शिवसेना (यूबीटी) के अनिल देसाई अप्रैल में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से शिवसेना विधायक अनिल बाबर एवं भाजपा के गोवर्धन शर्मा की मृत्यु होने और कांग्रेस के सुनील केदार को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद कुल संख्या 285 है। एक उम्मीदवार के लिए 42 मतों की आवश्यकता है। सबसे ज्यादा 104 विधायक भाजपा के हैं। वहीं, एनसीपी (अजित गुट) के 44 और शिंदे की शिवसेना के 39 विधायक हैं। इसके अलावा सत्ता पक्ष को निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त है। विधायकों की संख्या के लिहाज से भाजपा तीन, शिवसेना और एनसीपी एक सीट आसानी से जीत सकती है। वहीं, विपक्ष में कांग्रेस के 44, शिवसेना (यूबीटी) के 16 और एनसीपी (शरद गुट) के 11 विधायक हैं। कांग्रेस भी एक सीट जीत सकती है, लेकिन 6 सीटों के लिए 7 उम्मीदवार मैदान में उतरे तो खेला हो सकता है।



शरद पवार और उद्धव ठाकरे के पास अंकगणित नहीं है। वहीं, भाजपा में एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति है। नारायण राणे और प्रकाश जावड़ेकर का पत्ता कट सकता है। दो दिन पहले उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास पर हुई बैठक में संजय उपाध्याय, पंकजा मुंडे, विनोद तावड़े, अमरीश पटेल, हर्षवर्धन पाटिल, माधव भंडारी और महिला प्रदेश अध्यक्ष चित्रा वाघ के नाम पर चर्चा हुई है।

## पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण से सरकार ने बचाए 24 हजार करोड़ रुपये, गन्ना किसानों को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में बताया कि बीते कुछ सालों में एथेनॉल ब्लेंडिंग से 24 हजार करोड़ रुपये बचाए गए हैं। इसमें से 60-70 फीसदी पैसा गन्ना किसानों को जाएगा।



केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को लोकसभा में बताया कि सरकार ने पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण करके 24 हजार करोड़ रुपये बचाए हैं और इसके अधिकतर फायदे देश के गन्ना किसानों को पहुंचाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पेट्रोल में अभी 12 प्रतिशत एथेनॉल का मिश्रण किया जा रहा है और आने वाले समय में सरकार की योजना इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने की है। केंद्रीय मंत्री ने माना कि बीते कुछ सालों में सरकार का पेट्रोलियम आयात बढ़ा है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने लोकसभा में पूछे गए एक प्रश्न पर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की तरफ से जवाब दिया। शेखावत ने कहा बीते कुछ सालों में पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता बढ़ी है। हालांकि देश का विकास और ऊर्जा की मांग साथ-साथ बढ़े हैं। अच्छी बात ये है कि बीते कुछ सालों में एथेनॉल ब्लेंडिंग से 24 हजार करोड़ रुपये बचाए गए हैं। इसमें से 60-70 फीसदी पैसा गन्ना किसानों को जाएगा।

## मैं भगवान राम की इज्जत करता हूं, पर गोडसे से नफरत करता रहूंगाः ओवैसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में आज राम मंदिर निर्माण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। इस दौरान एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैं मर्यादा पुरुषोत्तम राम की इज्जत करता हूं, मगर नाथूराम गोडसे से मेरी नस्लें नफरत करती रहेंगी। ओवैसी ने पूछा क्या मोदी सरकार एक समुदाय या एक मजहब की सरकार है या सभी पूरे देश की सभी मजहबों को मानने वालों की सरकार है? क्या इस सरकार का कोई मजहब है? मेरा मानना है कि इस देश का कोई मजहब नहीं है। क्या 22 जनवरी का पैगाम देकर ये सरकार यह बताना चाहती है कि एक मजहब को दूसरे मजहब को मानने वालों पर जीत मिली है? क्या संविधान इसकी इजाजत देता है?

ओवैसी ने कहा हमारे साथ 49 में धोखा हुआ, 86 में धोखा हुआ, 92 में धोखा हुआ और 2019 में भी इस लोकसभा में हमारे साथ धोखा हुआ। मुस्लिमों को हमेशा भारत के नागरिक होने के लिए बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। क्या मैं बाबर का, औरंगजेब का या जिन्ना का



प्रवक्ता हूं? मैं मर्यादा पुरुषोत्तम राम की इज्जत करता हूं, लेकिन मेरी नस्लें भी नाथूराम गोडसे से नफरत करती रहेंगी, जिसने उस शख्स को गोली मारी, जिसके मुंह से आखिरी शब्द निकले थे हे राम।

जब ओवैसी बोल रहे थे तो भाजपा सांसद निशिकांत दुबे से पूछा कि वे इस बात का जवाब दे दें कि क्या वे बाबर को आक्रमणकारी मानते हैं या नहीं? इस पर ओवैसी ने उल्टा सवाल पूछते हुए कहा कि आप पुष्यमित्र शुंग को क्या मानते हैं? निशिकांत दुबे, असदुद्दीन ओवैसी से आज भी बाबर की बात पूछ रहे हैं। आप मुझसे गांधी के बारे में पूछते, जलियांवाला बाग के बारे में पूछते। मैं अपनी शिनाख्त को नहीं मिटने दूंगा। मैं वो काम नहीं करूंगा, जो भाजपा चाहती है। मैं संविधान के दायरे में रहकर ही काम करूंगा। अपने संबोधन के आखिर में ओवैसी ने कहा, आज देश के लोकतंत्र का प्रकाश सबसे कम है। आखिर में मैं यही कहूंगा कि बाबरी मस्जिद है और रहेगी। बाबरी मस्जिद जिंदाबाद, भारत जिंदाबाद।

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि रामजन्मभूमि आंदोलन से जुड़ी होने के नाते वह देश के संतों और जनता की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन करती हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन में कारसेवकों पर गोलियां चलाई गई और ऐसा करने वाले लोग इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। भाजपा की नेता ने सवाल किया, क्या कांग्रेस ने कभी इस घटना पर दुख जताया?

वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के एम गुरुमूर्ति ने कहा कि सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों का विकास किया जाए। जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद रामप्रीत मंडल ने कहा, सीता के बिना राम अधूरे हैं। सीतामढ़ी में भी एक भव्य मंदिर का निर्माण होना चाहिए जो मां सीता की जन्मस्थली है। भाजपा के प्रताप सारंगी ने कहा कि भगवान राम को राजनीति के कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर कुछ लोगों ने सवाल किए। सारंगी ने कहा, भगवान राम हमारी आस्था हैं, उन पर सवाल उठाने का किसी को अधिकार नहीं हैं।

## देश में किसानों की आवाज रोकने वाला पैदा नहीं हुआ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में भारत रत्न से सम्मानित हस्तियों के सम्मान में चर्चा के बीच जब चौधरी चरण सिंह का जिक्र आया और जयंत चौधरी बोलने के लिए खड़े हुए तो विपक्ष ने हंगामा कर दिया। विपक्ष के हंगामे पर केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला नाराज हो गए और उन्होंने कांग्रेस को चेताते हुए कहा कि इस देश में किसानों की आवाज रोकने वाला कोई पैदा नहीं हुआ है...। दरअसल जयंत चौधरी ने राज्यसभा में बोलना शुरू किया तो कांग्रेस सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताई और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने जानना चाहा कि किस नियम के तहत रालोद नेता को बोलने की अनुमति दी गई है? खरगे ने कहा कि यह गर्व की बात है और हम पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव, चरण सिंह तथा एमएस स्वामीनाथन को सैल्यूट करते हैं। खरगे ने कहा कि नेताओं को भारत रत्न से सम्मानित करने पर कोई बहस नहीं है। मैं सभी को सलाम करता हूं, लेकिन अगर कोई सदस्य कोई मुद्दा उठाना चाहता है, तो आप पूछते हैं कि किस नियम के तहत। मैं जानना चाहता हूं कि उन्हें (जयंत चौधरी) किस नियम के तहत बोलने की अनुमति दी गई है? हमें भी अनुमति दीजिए। एक तरफ आप नियम की बात करते हैं। आपके पास विवेक है। उस विवेक का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए न कि जब आप चाहें। इसके बाद सदन में जमकर हंगामा होने लगा। खरगे की आपत्ति पर मछलीपालन, डेयरी और पशुपालन केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला ने कहा कि सदन में नियमों का पालन होना चाहिए। आज सदन में जब चौधरी चरण को भारत रत्न मिलने पर उनके पोते जयंत चौधरी समेत पूरा सदन बधाई देने के लिए बैठा था, मैं हैरान हूं कि कांग्रेस दल ने खड़े होकर इसका विरोध क्यों किया? जैसे ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू किया तो परषोत्तम रूपाला ने नाराज होते हुए कहा सुनो....सुनो...इस देश में किसानों की आवाज को रोकने वाला कोई पैदा नहीं हुआ। नहीं होगा...होगा भी नहीं। आप एक किसान की प्रशंसा नहीं सुन सकते हो। एक किसान को भारत रत्न मिला इसमें कांग्रेस के खेमे में क्यों आग लग गई?

## हिंद प्रशांत महासागर रणनीति की वजह से क्षेत्र में शांति समृद्धि आयी, अमेरिका ने माना भारत की भूमिका अहम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि हिंद प्रशांत महासागर रणनीति की वजह से अमेरिका और हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र ज्यादा सुरक्षित, समृद्ध हुआ है। अमेरिका ने ये भी कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध भी अभूतपूर्व तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका की हिंद-प्रशांत महासागर रणनीति को लागू हुए दो साल पूरे हो गए हैं। रणनीति लागू होने की दूसरी वर्षगांठ पर व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वाटसन ने मीडिया से बात की।

मीडिया से बातचीत के दौरान एड्रिएन वाटसन ने कहा कि %अमेरिका, हिंद-प्रशांत महासागर इलाके में पहले कभी भी इतना मजबूत नहीं रहा है। बीते दो साल में हमने हिंद प्रशांत महासागर इलाके को मुक्त, कनेक्टिड, समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर रखने में ऐतिहासिक प्रगति की है। राष्ट्रपति बाइडन के नेतृत्व को इसके लिए धन्यवाद। वाटसन ने कहा %हमने जापान, कोरिया गणतंत्र, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस, थाईलैंड के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है। साथ ही हमने वियतनाम और इंडोनेशिया के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों में भी



सुधार किया है। आसियान देशों के साथ भी साझेदारी को मजबूत किया जा रहा है। भारत के साथ अभूतपूर्व तरीके से संबंधों को विस्तार दिया जा रहा है। प्रशांत महासागर के देशों के साथ दो ऐतिहासिक सम्मेलन आयोजित किए गए हैं।

साथ ही क्वाड के तहत ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान के साथ भी हिंद प्रशांत महासागर की सुरक्षा को पुख्ता किया गया है। एड्रिएन वाटसन ने कहा हम AUKUS की मदद से यूरोप और हिंद प्रशांत क्षेत्र के बीच संबंधों को मजबूत कर रहे हैं।

अपनी हिंद प्रशांत महासागर रणनीति के तहत अमेरिका हिंद प्रशांत महासागर इलाके के विभिन्न देशों के तहत सुरक्षा सहयोग बढ़ा रहा है। विभिन्न देशों को सैन्य तौर पर मजबूत किया जा रहा है। साथ ही क्वाड के तहत अमेरिका ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ रणनीतिक साझेदारी भी बनायी है। इस पूरी कवायद को चीन को काउंटर करने और हिंद प्रशांत महासागर को मुक्त और समृद्ध रखने के तौर पर देखा जा रहा है। क्वाड के बाद अब अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया के साथ भी एक सैन्य गठबंधन बनाने की तैयारी कर रहा है। इसी तरह का एक गठबंधन अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच बन रहा है।

# पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता के सपने को झटका, चुनाव में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अब तक नेशनल असेंबली की 265 में से 244 सीटों के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। इनमें से 96 सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। निर्वाचन आयोग की ओर से परिणाम घोषित करने में देरी करने पर चुनाव में धांधली के आरोप लगाए गए हैं। मतगणना अब भी जारी है। देश में गुरुवार को चुनाव धांधली के आरोप, छिटपुट हिंसा और मोबाइल इंटरनेट बंद रहने के बीच कराए गए थे।

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने शुक्रवार को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के साथ गठबंधन करने से इनकार करते हुए कहा कि वह अपने बलबूते संघीय सरकार बनाने की स्थिति में है।

**बहुमत**

**पाकिस्तान में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत मिलता प्रतीत नहीं हो रहा**

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अनुसार, नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है और निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 99 सीट जीती हैं। इनमें से अधिकतर उम्मीदवार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी 'तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई) द्वारा समर्थित हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 71, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने 53 सीट और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट ने 17 सीट पर जीत हासिल की है।



पाकिस्तान में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत मिलता प्रतीत नहीं हो रहा और नकदी संकट से जूझ रहे देश में राजनीतिक स्थिरता अब भी पूरा न होने वाला सपना लग रही है। आम चुनावों के लिए मतदान गुरुवार शाम पांच बजे समाप्त हुआ था और इसके तुरंत बाद मतों की गणना शुरू हो गई। उम्मीद थी कि मतगणना के परिणाम शुक्रवार सुबह तक उपलब्ध हो जाएंगे लेकिन परिणाम की घोषणा में देरी के बाद मतों में हेर-फेर किए जाने की आशंका को बल मिला।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) केंद्र और पंजाब में गठबंधन सरकार बनाने पर सहमत हो गए हैं। यह खबर पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ की ओर से पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात के बाद सामने आई है। शहबाज ने पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी के आवास पर पीपीपी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने कहा कि शहबाज ने जरदारी के साथ भविष्य में सरकार गठन पर चर्चा की और पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ का संदेश भी दिया। शहबाज ने दोनों पीपीपी नेताओं से पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए पीएमएल-एन नेतृत्व के साथ बैठने को कहा।

सूत्रों ने दावा किया कि जरदारी और शहबाज पंजाब और केंद्र में सरकार बनाने पर सहमत हुए हैं। दोनों पार्टियां अगली बैठक में अपने-अपने विचार पेश करेंगी और सत्ता-बंटवारे के फार्मूले के संबंध में सभी मामलों को अंतिम रूप देंगी कि कौन कौन सा पद संभालेगा? बैठक 45 मिनट तक चली।

# चुनावी नतीजों के बीच इमरान खान को 12 मामलों में जमानत शाह महमूद कुरैशी को 13 केसों में मिली राहत

**कराची।** इमरान खान को जमानत ऐसे समय में मिली है जब देश में चुनावी नतीजों की घोषणा हो रही है। गुरुवार को हुए चुनावों की



गिनती जारी है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन पीटीआई के समर्थन वाले निर्दलीय उम्मीदवारों से पीछे चल रही है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रावलपिंडी की आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) ने नौ मई से जुड़े दंगों के 12 मामलों में जमानत दे दी है। उनके अलावा पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को भी 13 मामलों में जमानत दे दी गई है।

इमरान खान को सीएचक्यू और आर्मी म्यूजियम हमले के 12 मामलों में 0.1 मिलियन पाकिस्तानी रुपये जमानती बॉन्ड के साथ जमानत दे दी गई है। एटीसी के न्यायाधीश मलिक इजाज आसिफ ने जमानत दी है। अदालत ने बताया कि इमरान खान को हिरासत में रखने का कोई मतलब नहीं था, क्योंकि नौ मई के सभी आरोपियों को जमानत दे दी गई है।

इमरान और कुरैशी को छह फरवरी को दोषी ठहराया गया था। दोनों को अदालत के समक्ष पेश किया गया। इमरान खान ने बताया कि उन्हें नौ मई को इस्लामाबाद हाई कोर्ट के परिसर से अन्यायपूर्वक गिरफ्तार किया गया था। भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तारी होने के बाद नौ मई को देशभर में भड़के दंगों से संबंधित कई मामलों में इमरान पर मामला दर्ज किया गया था।

इमरान खान को जमानत ऐसे समय में मिली है जब पाकिस्तान में चुनावी नतीजों की घोषणा हो रही है। गुरुवार को हुए चुनावों की गिनती जारी है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन पीटीआई के समर्थन वाले निर्दलीय उम्मीदवारों से पीछे चल रही है। आम चुनावों की नतीजों की घोषणा में देरी को लेकर आलोचनाओं के बीच इमरान खान ने शनिवार को अपना विजय भाषण जारी किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल) सुप्रीमो नवाज शरीफ की लंदन योजना मतदान के दिन विफल हो गई। इसी के साथ उन्होंने अपनी सहयोगी पार्टियों पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी, जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (पाकिस्तान) के साथ सरकार बनाने के अपने इरादों की भी घोषणा की।

## अमेरिका में पीटे जाने की वजह से घायल हुए भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय लोगों पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हाल के दिनों में भारत के कई छात्रों को निशाना बनाया गया है। अब खबर है कि वॉशिंगटन में एक रेस्तरां के बाहर एक और भारतवंशी पर हमला किया गया। खबरों के मुताबिक, एक अज्ञात व्यक्ति से कहासुनी के दौरान उनकी हत्या की गई। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।


मामले की जांच कर रहे अधिकारियों के मुताबिक, घटना 2 फरवरी को 15वीं स्ट्रीट नॉर्थवेस्ट के 1100 ब्लॉक पर रात करीब दो बजे हुई। जानकारी मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्हें विवेक तनेजा (41 वर्षीय) का फुटपाथ पर मिले। उन्हें जानलेवा चोटें आई हुई थीं।

## केंद्र और पंजाब में गठबंधन सरकार बनाने पर नवाज-बिलावल की पार्टी राजी, शहबाज-जरदारी के बीच अहम बैठक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीटी) केंद्र और पंजाब प्रांत में गठबंधन सरकार बनाने पर राजी हो गई हैं। पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने पीपीपी के प्रमुख बिलावल भुट्टो और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की और उन्हें देश के लिए मिलकर काम करने का न्योता दिया। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

जिओ न्यूज की खबर के मुताबिक, शहबाज ने पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी के घर पर पीपीपी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। खबर के मुताबिक, पार्टी के सूत्रों ने बताया कि शहबाज ने जरदारी के साथ सरकार के गठन पर चर्चा की और पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ का संदेश भी उन्हें दिया। शहबाज ने देश में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए पीपीपी के नेताओं से पीएमएल-एन नेतृत्व के साथ बैठक करने को कहा। सूत्रों ने बताया कि जरदारी और शहबाज पंजाब और केंद्र में सरकार बनाने पर राजी हो गए हैं। दोनों दल अगली बैठक में अपने विचार रखेंगे और सत्ता में साझेदारी के फॉर्मूले को अंतिम रूप देंगे कि कौन व्यक्ति कौन सा पद संभालेगा। बैठक 45 मिनट तक चली।

पीएमएल-एन के सुप्रिमो और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक दिन पहले देश को बचाने के लिए गठबंधन सरकार बनाने के लिए सभी सियासी दलों को आमंत्रित किया था। लाहौर के मॉडल टाउन में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवाज शरीफ ने दावा किया था कि पीएमएल-एन चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। इस दौरान शहबाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज वहां मौजूद थे।



तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ ने कहा था, मैं समझता हूं देश को इस मुसीबत के भवंर से बाहर निकालना हमारी जिम्मेदारी है। हम सभी को पाकिस्तान को मुश्किलों से बाहर निकालने के लिए आमंत्रित करते हैं। आइए, एक साथ बैठते हैं। सभी जानते हैं कि देश के लिए किसने क्या किया है। सभी पीएमएल-एन के ट्रैक रिकॉर्ड के बारे में जानते हैं। उन्होंने कहा, हम अन्य सभी दलों के जनादेश का सम्मान करते हैं, चाहे वह पार्टी हो या निर्दलीय लोग।

# पराली वायु प्रदूषण का नियंत्रण नैनो कंपोजिट से संभव: प्रो. अवनीश

अवधनामा संवाददाता

**नैनो-कण चुंबकत्व दवाओं के लिए महत्त्वपूर्ण: प्रो अंजन**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे दिन प्रथम सत्र में चार मुख्य वह दो विस्तृत व्याख्यान हुए। प्रथम वार्ता के क्रम में उन्नत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान, एम्प्री, सीएसआईआर भोपाल के निदेशक प्रो.अविनाश कुमार श्रीवास्तव ने सतत प्रौद्योगिकी और चक्रीय अर्थव्यवस्था के लिए सामग्री विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि दिल्ली व हरियाणा जैसे प्रदूषित शहरों में वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार पराली से होने वाले वायु प्रदूषण का नियंत्रण अब संभव है। कृषि अपशिष्ट पराली से नैनो कंपोजिट का उपयोग कर प्लाईवुड का निर्माण पारंपरिक विधि से बने हुए प्लाईवुड की अपेक्षा 40 प्रतिशत सस्ता और 20 प्रतिशत अधिक मजबूत हैं। पराली का यह पर्यावरण अनुकूल समाधान है। साथ ही उन्होंने यह




भी बताया कि एल्युमिनियम उद्योग से निकलने वाले अपशिष्ट का प्रयोग एक्स-रे अवशोषित करने वाले टाइल्स के निर्माण में किया जा रहा है। एम्प्री, सीएसआईआर भोपाल व जॉनसन कंपनी संयुक्त रूप से इसका निर्माण कर रही है, इस विधि से बने टाइल्स का प्रयोग चिकित्सा केंद्रों, अस्पतालों अनुसंधान प्रयोगशालाओं व निदान केंद्रों में किया जाता है यह टाइल्स लेड फ्री होती है जो कि मानव स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। व्याख्यान की द्वितीय चरण में आईआईटी कानपुर के प्रो. अंजन कुमार गुप्ता ने माइक्रोन आकार के सुपरकंडक्टिंग क्वांटम हस्तक्षेप उपकरणों का उपयोग करके एकल नैनो-कण चुंबकत्व विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए बताया कि नैनोकणों का सटीक स्थानीयकरण उन्हें कैंसर कोशिका को लक्षित करने के लिए उपयोगी बनाता है। विस्तृत व्याख्यान के तृतीय क्रम में पूर्वांचल विश्विद्यालय जौनपुर के जैवप्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. वंदना राय ने मानव स्वास्थ्य, रोग जोखिम और दवा वितरण में फोलेट की भूमिका विषय पर अपना व्याख्यान प्रतिभागियों के मध्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि डीएनए संश्लेषण, डीएनए मरम्मत और कई अन्य कार्यों के लिए फोलेट की आवश्यकता होती है,फोलेट की कमी से कैंसर, न्यूरल टब डिफेक्ट मिर्गी जैसी विभिन्न बीमारियाँ हो सकती हैं। भविष्य में दवा वितरण प्रणाली के रूप में फोलेट संयुग्मित नैनो वहन किया जाता है। यूके द्वारा फोलिक एसिड की कमी को रोकने के लिए ब्रेड और अन्य खाद्य पदार्थों का फोर्टिफिकेशन किया जा सकता है। समापन सत्र में सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति व पोस्टर प्रस्तुति को पुरस्कृत किया गया। मौखिक प्रस्तुति में फार वेस्टर्न विश्वविद्याल, नेपाल के तीर्थ राज, लखनऊ विश्वविद्यालय की रजनी चौधरी तथा पूर्वांचल विश्वविद्याल के आदेश प्रजापति, अनम फातिमा व रजनीश को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए चुना गया। वहीं पोस्टर प्रस्तुति में बनारस हिंदू विश्विद्यालय के ताड़केश्वर मधेशिया, जीवाजी विश्वविद्यालय की श्रद्धा शर्मा, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रतिभा, सुशील व मंजीत को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए चुना गया। इस अवसर प्रो. देवराज सिंह, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ.गिरधर मिश्रा, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ मिथिलेश यादव डॉ. पुनीत धवन, डॉ.दिनेश वर्मा, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह डॉ.शशिकांत यादव, डॉ.नीरज अवस्थी, डॉ. सुजीत कुमार चौरसिया, डॉ. काजल कुमार डे, डॉ. धीरेंद्र चौधरी व बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## देश व समाज सेवा की भावना विकसित करते हैं रोवर्स रेंजर्स: प्राचार्य

**सुलतानपुर।** रोवर्स रेंजर्स शिविर देश व समाज सेवा की भावना का विकास करते हैं। रोवर्स रेंजर्स के प्रशिक्षित स्वयंसेवक मन, वचन एवं कर्म से राष्ट्रहित एवं सहायता की भावना से सदैव प्रेरित रहते है। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहीं।

वह शनिवार को महाविद्यालय में पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर शिविर के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रिसिया-बहराइच

पत्रांक : 870/ख.वि.अ./निविदा सूचना/2023-24 दिनांक : 08 फरवरी, 2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत रिसिया में पंचम् राज्य वित्त/पन्द्रहवॉ वित्त आयोग/केंद्रांश की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यों हेतु फर्म/पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 23.02.2024 को समय 01-00 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.02.2024 अपरान्ह 12-00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में निर्धारित मूल्य पर नकद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदाएं उक्त निर्धारित तिथि दिनांक 23.02.2024 को समय 01-00 बजे तक निविदा पेटिका में डाली जा सकती है। निविदायें उसी दिन दिनांक 23.02.2024 को अपरान्ह 04-00 बजे कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी में गठित समिति के द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

## पंचम् वित्त/पन्द्रहवा वित्त (केन्द्रीय वित्त) आयोग योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्य

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | योजना का नाम | अनुमानित लागत (ला. में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | काशी के घर से ओमकार सिंह के घर होते हुए प्राइमरी स्कूल तक का अवशेष इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम रा0वि0 | 630000 | 31500 | 500 | 6 माह |
| 2 | अमवामौलवी के मजरा सुखीली में राजा के घर से पुनीत सिंह के घर तक नाली सहित इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम रा0वि0 | 625500 | 31275 | 500 | 6 माह |
| 3 | खुदादभारी में मेवालाल के घर से हनुमान के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम रा0वि0 | 746200 | 37310 | 500 | 6 माह |
| 4 | भवनियापुर रामगढ़ी में उप स्वास्थ्य केन्द्र से गणेश दत्त शर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम रा0वि0 | 987200 | 49360 | 500 | 6 माह |
| 5 | गौरा धनौली में हरिश्चन्द्र के घर से कल्लू के घर के आगे हीरा सिंह के घर एक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | पंचम रा0वि0 | 918800 | 45940 | 500 | 6 माह |
| 6 | रामबट्टी में प्राथमिक विद्यालय से जलील के घर की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण | पंचम रा0वि0 | 950300 | 47515 | 500 | 6 माह |
| 7 | परसपुर के मजरा भगवानपुर में हाजी जाहिद के घर से पक्की सड़क की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम रा0वि0 | 999800 | 49990 | 500 | 6 माह |
| 8 | विकास खण्ड परिसर में दो अदद हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। | पंचम रा0वि0 | 450000 | 22500 | 500 | 6 माह |
| 9 | शंकरपुर चौराहा अपना पेट्रोल पम्प याली रोड पर हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। | पंचम रा0वि0 | 226000 | 11300 | 500 | 6 माह |
| 10 | मटेरा में हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। | पंचम रा0वि0 | 260000 | 13000 | 500 | 6 माह |
| 11 | मोहरबा एन0एम0 सेन्टर पर हाईमास्क लाईट स्थापना का कार्य। | पंचम रा0वि0 | 226000 | 11300 | 500 | 6 माह |
| 12 | नझौव्वा मुझेहना में गायत्री इ0कालेज में हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। | पंचम रा0वि0 | 226000 | 11300 | 500 | 6 माह |
| 13 | विकास खण्ड परिसर में प्रमुख कक्ष की मरम्मत एवं शौचालय का निर्माण कार्य। | पंचम रा0वि0 | 592700 | 29635 | 500 | 6 माह |
| 14 | विकास खण्ड रिसिया के प्रागण में स्थित कृषि बीज भण्डार, का जीर्णोद्धार कार्य। | पंचम रा0वि0 | 592700 | 29635 | 500 | 6 माह |
| 15 | विकास खण्ड रिसिया के मेन गेट के बगल में स्थित स्टोर का जीणोंद्धार कार्य। | पंचम रा0वि0 | 592700 | 29635 | 500 | 6 माह |
| 16 | विकास खण्ड में स्थापित शहीद स्मारक स्थल को वि0स0परिसर पार्क में पुर्न स्थापना एवं अन्य विकास कार्य। | पंचम रा0वि0 | 800000 | 40000 | 500 | 6 माह |
| 17 | विकास खण्ड परिसर के पार्क में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम रा0वि0 | 954000 | 47700 | 500 | 6 माह |
| 18 | ग्राम डिहवा के जोलाहनपुरवा में सहनाज के खेत तक खड़जा निर्माण कार्य। | पंचम रा0वि0 | 910000 | 45500 | 500 | 6 माह |
| 19 | भोपतपुर चौकी उच्च प्रा0वि0 परिसर में शौचालय व यूरिनल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 981000 | 49050 | 500 | 6 माह |
| 20 | ग्राम भौखारा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शौचालय व यूरिनल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 981000 | 49050 | 500 | 6 माह |
| 21 | मटेरा में समयमाता मन्दिर के पास शौचालय व यूरिनल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 981000 | 49050 | 500 | 6 माह |
| 22 | केवलपुर में कुबई शेख के घर पास इण्टरलाकिंग निर्माण का अवशेष भाग का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 520000 | 26000 | 500 | 6 माह |
| 23 | ग्राम पंचायत गोकुलपुर के मजरा हरिहरपुर में ए0एन0एन0 उच्च प्रा0 वि0 में समरसेबिल आर0ओ0 एवं वाटरकूलर की स्थापना कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 24 | पक्की सड़क से ज्ञान सिंह के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 381300 | 19065 | 500 | 6 माह |
| 25 | अलीनगर में सम्पर्क मार्ग पर हयूम पाईप पुलिया का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 366900 | 18345 | 500 | 6 माह |
| 26 | लक्ष्मनपुर शंकरपुर में उच्च प्रा0वि0 में वाटरकूलर स्थापना (आर0ओ0सहित) | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 27 | रायपुरकबुला के उच्च प्रा0वि0 में वाटरकूलर स्थापना (आर0ओ0सहित) | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 28 | गोकुलपुर पूर्व मा0वि0 में वाटरकूलर स्थापना (आर0ओ0सहित) | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 29 | मझौव्वा मुझेहना में गायत्री इ0कालेज में वाटरकूलर स्थापना (आर0ओ0सहित) | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 30 | जोकहासलारपुर में कबिराजनगर विद्यालय में वाटरकूलर स्थापना (आर0ओ0सहित) | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 31 | कमलाजोल पंचायत भवन/प्रा0वि0 में वाटरकूलर स्थापना (आर0ओ0सहित) | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 32 | रमवापुर स्कूल में वाटरकूलर स्थापना (आर0ओ0सहित) | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 33 | रघुनाथपुर में वाटरकूलर स्थापना (आर0ओ0सहित) | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 34 | शंकरपुर ग्राम सभा में वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 35 | मोहरबा में ग्राम पंचायत भवन/ एन0एम0सेन्टर पर वाटरकूलर स्थापना कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 36 | बंगलाचक के जहानचक तिराने पर वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 37 | ग्राम पंचायत लीलापारा में वाटर कूलर स्थापना कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 38 | अचरौरा प्रा0वि0 में वाटर कूलर की स्थापना कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 39 | मुकाम के मदरसा में वाटर कूलर की स्थापना कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 40 | प्रा0वि0 डिहवा में वाटरकूलर की स्थापना कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 41 | बैजनाथपुर के कटिलिया चौराहा पर वाटरकूलर की स्थापना कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 42 | उटधनियां के प्रा0वि0 लखनऊवॉ कोठार में वाटरकूलर की स्थापना कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 43 | महादा ग्राम मेमं चबूतरा के पास वाटर कूलर की स्थापना कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 44 | बहबुलिया के पंचायत भवन में पास वाटर कूलर की स्थापना कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 312000 | 15600 | 500 | 6 माह |
| 45 | भैंसाही में पानी टंकी वाले मार्ग पर आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 934000 | 46700 | 500 | 6 माह |
| 46 | क्षे0पं0 के वार्ड नं0-76 में रामसहारे के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 937000 | 46850 | 500 | 6 माह |
| 47 | विश्रामघाट में शौचालय एवं यूरिनल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 981000 | 49050 | 500 | 6 माह |
| 48 | बलभददरपुर में विश्रामघाट के पास नाला निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 341500 | 17075 | 500 | 6 माह |
| 49 | बलभद्दरपर के इमामनगर-गुरचाही रोड को जोड़ने वाले मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 718500 | 35925 | 500 | 6 माह |
| 50 | मटेरा में राजेश जायसवाल के घर से शिव मन्दिर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 715500 | 35775 | 500 | 6 माह |
| 51 | अलीनगर में पुलिया से सन्तराम के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 796200 | 39810 | 500 | 6 माह |
| 52 | पड़रीतारा में चुटुरू के खेत के पास आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 952200 | 47610 | 500 | 6 माह |
| 53 | अघारीपुरवा में खरौहवा नाला पर आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 995100 | 49755 | 500 | 6 माह |
| 54 | बंगलाचक के जंगलीपुरवा में पक्की सड़क के किनारे दुहमुवॉ मार्ग पर आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 502000 | 25100 | 500 | 6 माह |
| 55 | जमुनहॉ में बड़गावॉ मार्ग के पारस आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 421600 | 21080 | 500 | 6 माह |
| 56 | विशुनापुर में रामसागर के खेत के पास आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 935300 | 46765 | 500 | 6 माह |
| 57 | अलीनगर में बराती के घर से पुलिया तक नाली निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 236700 | 11835 | 500 | 6 माह |
| | योग :- | | 31605700 | 1580285 | 28500 | |

## निवदि की शर्तें :-

1- प्रत्येक कार्य के लिए धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में ख0वि0अ0 रिसिया के नाम बंधक करते हुए निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

2- निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

3- निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी तथा दरे प्रतिशत के आधार पर अंकित होगी।

4 - उपरोक्त कार्यो में से कोई एक कार्य या सभी कार्य कराये जाने का अन्तिम निर्णय धनराशि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

5- शासकीय नियमों के अनुसार आयकर, जी0एस0टी0 एवं अन्य कटौती भुगतान के समय की जायेगी।

6- बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का आधार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

7- निर्धारित समय सीमा के अन्दर कार्य न पूर्ण कराने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

8- कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर ठेकेदार के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी तथा बिल से कटौती कराने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

9- धनराशि की उपलब्धता के आधार पर कार्य आदेश निर्गत किया जायेगा।

10- कार्य के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी लेखाकार पटल से प्राप्त की जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी,
रिसिया-बहराइच।**

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर पर ऊर्जा मंत्री ने अक्षय ऊर्जा को लेकर किया बड़ा दावा

**नई दिल्ली।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा संपत्ति का रहा, जो 5.186 अरब डॉलर बढ़कर 551.331 अरब




डॉलर हो गया है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार इस हफ्ते बढ़कर 622.469 अरब डॉलर हो गया है, जो बीते एक महीने का उच्चतम स्तर है। 2 फरवरी को खत्म हुए पिछले हफ्ते के मुकाबले ये 5.736 अरब डॉलर बढ़ा है। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक डाटा के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा संपत्ति का रहा, जो 5.186 अरब डॉलर बढ़कर 551.331 अरब डॉलर हो गया है। विदेशी मुद्रा संपत्तियों में रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्राओं का उपयोग करके खरीदी गई यूएस ट्रेजरी बिल जैसी संपत्तियां हैं। विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा संपत्ति का ही होता है। गोल्ड रिजर्व भी 68 करोड़ डॉलर बढ़कर 48 अरब डॉलर हो गया है। अक्तूबर 2021 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सबसे ज्यादा 645 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा था। हालांकि साल 2022 में आयात की लागत बढ़ने की वजह से विदेशी मुद्रा भंडार में काफी गिरावट आयी थी। अब एक बार फिर ये उच्चतम स्तर की तरफ बढता दिख रहा है।

केंद्रीय मंत्री आरके सिंह का कहना है कि साल 2030 तक हम अपनी कुल ऊर्जा जरूरत का 65 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा से हासिल करने में सक्षम हो जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी भारत की कुल ऊर्जा जरूरत में से 44 प्रतिशत ऊर्जा गैर-जीवाश्म ईंधन से हासिल होती है और साल 2030 तक इसके 65 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। आरके सिंह ने कहा कि यह 2021 के कॉप सम्मेलन में तय किए गए लक्ष्य से कहीं ज्यादा है। ग्लासगो में हुए कॉप26 सम्मेलन में भारत ने साल 2030 तक 500 गीगावाट ऊर्जा गैर-जीवाश्म ईंधन से पाने का लक्ष्य रखा था, जो भारत की कुल ऊर्जा जरूरत का 50 फीसदी है, लेकिन अब हम 60-65 प्रतिशत ऊर्जा अक्षय ऊर्जा से हासिल कर सकते हैं। इससे 2030 तक एक अरब टन कार्बन उत्सर्जन कम होगा। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रई आरके सिंह ने शुक्रवार को एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलेपमेंट समिट के दौरान ये बात कही। उन्होने कहा 1,03,000 मेगावाट क्षमता की अक्षय ऊर्जा का अभी देश में निर्माण हो रहा है। वहीं 71 हजार मेगावाट के लिए बिड चल रही है।

# करोड़ों कर्मचारियों के लिए खुशखबरी

## ईपीएफओ ने 2023-24 के लिए ब्याज दर 8.25 प्रतिशत तय की

**नई दिल्ली।** मार्च 2023 में कर्मचारी भविष्य निधि फंड में सरकार ने 2022-23 के लिए ब्याज दर 8.15 प्रतिशत तय की थी। वहीं 2021-22 के लिए यह 8.10 प्रतिशत थी।

देश के रिटायरमेंट फंड निकाय ईपीएफओ ने शनिवार को साल 2023-24 के लिए ब्याज दर तय कर दी है। यह ब्याज दर 8.25 प्रतिशत रहेगी और यह बीते तीन वर्षों में सबसे ज्यादा है। मार्च 2023 में कर्मचारी भविष्य निधि फंड में सरकार ने 2022-23 के लिए ब्याज दर 8.15 प्रतिशत तय की थी। वहीं 2021-22 के लिए यह 8.10 प्रतिशत थी। मार्च 2022 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने 2021-22 के लिए ब्याज दर को बीते चार दशकों के मुकाबले कम करते हुए 8.1 प्रतिशत कर दिया था। यह 1977-78 के बाद सबसे कम था।




ईपीएफओ में फैसले लेने वाली निकाय सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) ने शनिवार को हुई बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि के लिए 2023-24 में ब्याज दर 8.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है। सीबीटी ने मार्च 2021 में ईपीएफ पर ब्याज दर 8.5 प्रतिशत तक तय की थी। जनवरी में ईपीएफओ ने आधार कार्ड को जन्मतिथि के लिए स्वीकार्य दस्तावेज मानने से इनकार कर दिया था। कर्मचारी भविष्य निधि, बीस या अधिक कर्मचारियों वाले संगठनों में वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए एक अनिवार्य योगदान है। इसके तहत कर्मचारी के वेतन से मासिक आधार पर 12 प्रतिशत हिस्सा ईपीएफ खाते में डाला जाता है और उतना ही योगदान नियोक्ता द्वारा दिया जाता है। नियोक्ता के हिस्से में से 3.67 प्रतिशत हिस्सा ईपीएफ खाते में और बाकी का 8.33 प्रतिशत हिस्सा कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) में जमा किया जाता है।

### जेएसडब्ल्यू समूह और ओडिशा सरकार ने किया समझौता, 40,000 करोड़ रुपये की इंटीग्रेट ईवी मैन्युफैक्चरिंग सुविधा

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू समूह ने राज्य में 40,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक एकीकृत ईवी विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए ओडिशा सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

एक बार पूरा होने पर, यह परियोजना जेएसडब्ल्यू समूह के ऑटोमोबाइल क्षेत्र में प्रवेश को चिह्नित करेगी।

इसके अनुसार, 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर का समूह स्टील, ऊर्जा, सीमेंट, बुनियादी ढांचे, पेंट, उद्यम और खेल जैसे मुख्य क्षेत्रों में है। एक बयान में ग्रुप ने कहा कि यह ओडिशा में एक इटीग्रेटेड EV विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना बना रहा है और एक एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और कटक और पारादीप में परियोजना ईवी बैटरी विनिर्माण की स्थापना के लिए ओडिशा सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

समूह ने कहा, 40,000 करोड़ रुपये के निवेश वाली यह परियोजना 11,000 से अधिक नौकरियां पैदा करने में मदद करेगी, जिससे राज्य में रोजगार सृजन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस परियोजना में 50 GWH EV बैटरी प्लांट, EVs, लिथियम रिफाइनरी, कॉपर स्मेल्टर और संबंधित घटक विनिर्माण इकाइयां शामिल हैं। हम नए युग के क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत अवसरों का लाभ उठाने पर उत्सुकता से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसका लक्ष्य ओडिशा के लोगों के लिए उच्च कौशल वाली नौकरी के अवसर पैदा करना है।

# नीति आयोग ने आर्थिक बदलाव के लिए तैयार की योजना

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि एजेंसी ने मुंबई, सूरत, वाराणसी और वाइजैग के आर्थिक परिवर्तन के लिए एक योजना तैयार की है और 2047 तक भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद की है।

उन्होंने यह भी कहा कि आयोग की योजना 20-25 और शहरों की आर्थिक योजना तैयार करने की है, क्योंकि वे आर्थिक गतिविधियों के केंद्र हैं।

भारत को 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नीति आयोग द्वारा एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है और इसे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी किया जाएगा।

उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हम केवल शहरों की शहरी योजना तैयार करते थे, आर्थिक योजना नहीं। नीति आयोग ने इन शहरों के आर्थिक परिवर्तन के लिए मुंबई, सूरत, वाराणसी और विजाग की आर्थिक योजना तैयार की है।

पिछले साल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें 2030 तक मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) की जीडीपी को 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक ले जाने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की गई थी।

सुब्रमण्यम ने कहा कि केंद्र ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए 11 दिसंबर को देश के युवाओं के विचार मांगे थे।

उन्होंने कहा कि अब तक, हमें भारत के युवाओं से 10 लाख से अधिक विस्तृत सुझाव प्राप्त हुए हैं, और हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करके उन पर काम कर रहे हैं।

# मेदांता अस्पताल ने कैंसर जागरूकता के लिए प्रेरक संवाद रुबारू का आयोजन किया

**लखनऊ।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मेदांता अस्पताल, लखनऊ ने रूबरू शीर्षक से एक घटनापूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना और कैंसर रोगियों का मनोबल बढ़ाना था। कार्यक्रम ने कैंसर रोगियों के अदम्य साहस का सम्मान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद, विभिन्न वक्ताओं ने कैंसर के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान की और कैंसर रोगियों को प्रेरित किया। प्रतिभागियों को कैंसर से बचे लोगों के प्रेरणादायक अनुभवों को सुनने का अवसर मिला। उन्होंने अपनी यात्रा साझा की, जिसमें उन्होंने अपने कैंसर की खोज कैसे की, उपचार के दौरान उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उपचार के बाद भी उन्हें किन संघर्षों का सामना करना पड़ा। यह चर्चा कैंसर रोगियों और उनके परिवारों के लिए प्रेरणा और आशा का स्रोत बन गई।




मेदांता अस्पताल के डॉक्टरों ने सकारात्मकता का प्रसार करने के लिए रूबारू पहल का उपयोग करते हुए रोगियों, उनके परिवारों और समुदायों पर कैंसर के गहरे प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम में बोलते हुए, मेदांता अस्पताल, लखनऊ के चिकित्सा निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने कहा, मेदांता अस्पताल ने कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे कई रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। अपने प्रयासों का विस्तार करके, हम कैंसर से प्रभावित लोगों के लिए उपचार प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए समर्पित हैं। हमारी प्रतिबद्धता में हमारे डॉक्टरों की अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञता प्रदान करना शामिल है।

एम्स, टाटा और एस. जी. पी. जी. आई. के अनुभवी ऑन्कोलॉजिस्ट, हेमेटोलॉजिस्ट, विकिरण विशेषज्ञ और कैंसर सर्जनों ने कैंसर के इलाज में जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। आम गलत धारणाओं को दूर करते हुए, उन्होंने जोर देकर कहा, बायोप्सी कैंसर नहीं फैलाती है; इसके बजाय, यह जल्दी पता लगाने में सहायता करती है, जिससे अधिक प्रभावी उपचार संभव होता है। इसे समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि जागरूकता और सतर्कता बेहतर उपचार की सुविधा प्रदान करती है।

मेदांता अस्पताल में, हम कैंसर रोगियों को उपयुक्त और बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए विकिरण ऑन्कोलॉजी में नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हैं। हमने उत्तर भारत की पहली वेरियन एज और ब्रैकीथेरेपी विकिरण मशीनें स्थापित की हैं। हमारा लक्ष्य प्रत्येक रोगी को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार आधुनिक विकिरण चिकित्सा प्रदान करना है। हमारे पास अनुभवी डॉक्टरों और अत्याधुनिक उपकरणों की एक टीम है, डॉ कपूर ने कहा।

### कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी के परिसरों में ईडी का छापा, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई

**बंगलूरू।** केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने नारा भरत रेड्डी के बेल्लारी और बंगलूरू के परिसरों में छापेमारी की। रेड्डी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले के तहत की गई है।

बेल्लारी के 34 वर्षीय विधायक के परिसरों और कर्नाटक एवं तेलंगाना के कई इलाकों में छापा मारा गया। लॉन्ड्रिंग का मामला कर्नाटक पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर और भूमि सौदों के आरोपों से जुड़ा है।

प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को कर्नाटक के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। सूत्र ने बताया कि यह छापेमारी कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी और अन्य के खिलाफ मनी केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने रेड्डी के बेल्लारी और बंगलूरू के परिसरों में छापेमारी की। रेड्डी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामला कर्नाटक पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर और भूमि सौदों के आरोपों से जुड़ा है। फिलहाल यह मामला ईडी की जांच के दायरे में हैं।

# वीवो इंडिया ने की वीवो इग्नाइट अवॉर्ड्स के राष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा

**नई दिल्ली।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने एनसीईआरटी और आईहब दिव्यसंपर्क, आइआइटी रुड़की के सहयोग से अपनी देशव्यापी पहल - वीवो इग्नाईट टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन अवार्ड्स के राष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा की। यह कार्यक्रम 10 फरवरी को नई दिल्ली के वसंत कुंज स्थित द ग्रैंड में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के प्रमुख वैज्ञानिक और अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिंह जी उपस्थित थे। वीवो इंडिया के कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी हेड गीताज चन्नाना ने सभी छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, ÷यह बेहद खुशी का विषय है कि हम वीवो इग्नाइट~ टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन अवार्ड्स के साथ इनोवेशन और क्रिएटिविटी को बढ़ावा दे पा रहे हैं। इन युवाओं की बुद्धिमत्ता और रचनात्मकता ने हमें काफी प्रभावित किया है। वीवो इग्नाइट जैसी हमारी सीएसआर पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य उभरती प्रतिभाओं का पोषण करना और इन्हें सशक्त बनाना है, उनके सस्टेनेबल और वैश्विक स्तर के विचारों के लिए एक मंच प्रदान करना




है। वीवो इग्नाइट को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से हम रोमांचित हैं! पिछले सालों की सफलता को जारी रखते हुए, इस बार पूरे देश में 19,000 से अधिक प्रतिभागियों और 4000 से अधिक परियोजनाओं के साथ एक अनूठा उत्साह देखा गया है। यह संख्या वृद्धि और जुनून का जीता जागता उदाहरण है।

10 नेशनल फाइनलिस्टों ने सबसे अधिक वैज्ञानिक रूप से इनोवेटिव और सामाजिक रूप से प्रासंगिक परियोजनाएं प्रस्तुत कीं, जिनमें से शीर्ष 5 को राष्ट्रीय विजेता घोषित किया गया।

वीवो का मानना है कि जीवन भर सीखना ही युवा दिमागों के विकास का आधार है, और वीवो इग्नाईट~ टेक्नोलॉजी और इनोवेशन अवार्ड्स, प्रतिभाशाली लोगों को एक शानदार अवसर प्रदान की अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पहल 8 से 12वीं कक्षा के सभी भारतीय छात्रों के लिए खुली थी और इसे नवंबर 2023 से फरवरी 2024 के बीच तीन चरणों में आयोजित किया गया था।

19,000 से अधिक रजिस्ट्रेशन और पूरे देश में 4,000 से अधिक प्रोजेक्ट के साथ, स्मार्ट स्ट्रीट - व्हेयर इनोवेशन मीट्स सस्टेनेबिलिटी ने सड़कों को सुरक्षित, हरियाली और सुंदर बनाने के उद्देश्य से एक प्रोटोटाइप पेश करने के लिए 7 लाख रुपये का पहला पुरस्कार जीता।

उपविजेता रहे मल्टी-फंक्शनल इको-फ्रेंडली एग्रो मशीन, ऑटोमेटिक मशीन फॉर रेडी टू ग्रो ऑयस्टर मशरूम बैग, ऑप्टिमाइजेशन फॉर साईकिलिस्ट पोश्चर यूजिंग रीयल-टाइम एंबेडेड सिस्टम एंड डेटा एनेलेसिस और स्टीमली ने 14 लाख रुपये के नगद पुरस्कार साझा किए। सामाज की भलाई के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशन बनाने के उनके समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए प्रशंसा के प्रतीक के रूप में, 6 से 10वें राष्ट्रीय फाइनलिस्टों को प्रत्येक को ?25,000 के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

डिपार्टमेंट ऑफ आईसीटी एंड ट्रेनिगं डिविज़न सीआईईटी - एनसीईआरटी के हेड प्रोफेसर डॉ. इंदु कुमार ने कहा, वीवो इग्नाइट अवॉर्ड्स हमारी युवा पीढ़ी की रचनात्मकता और समस्याओं का समाधान देने असाधारण क्षमताओं का प्रमाण हैं। युवा दिमागों को सामाजिक मुद्दों का समाधान खोजने के लिए अपनी ऊर्जा लगाते हुए देखना वास्तव में प्रेरणादायक है। विजेता परियोजना, स्मार्ट स्ट्रीट - व्हेयर इनोवेशन मीट्स सस्टेनेबिलिटी, सुरक्षित, हरित और कुशल शहरी वातावरण बनाने के लिए एक बेहतरीन विचार का उदाहरण है। हम भारतीय छात्रों के बीच इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए वीवो की प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं और इस सहयोगात्मक प्रयास के प्रभाव को देखने के लिए उत्सुक हैं।÷

आईहब दिव्यसंपर्क, आईआईटी रूड़की के सीईओ मनीष आनंद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यहाँ ÷द वीवो इग्नाइट अवार्ड्स, आईआईटी रुड़की के आईहब दिव्यसंस्पर्क के सहयोग से, भारत के युवाओं में इनोवेशन और उद्यमशीलता के इस उत्सव का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# जनवरी में 4.7 फीसदी रह सकती है खुदरा महंगाई, जून से सस्ता कर्ज संभव

**नई दिल्ली।** जरूरी वस्तुओं के दाम घटने से जनवरी में खुदरा महंगाई घटकर 4.7 फीसदी पर आ सकती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, 20 मुख्य वस्तुओं में से 18 की कीमतें घटी हैं। इसका सीधा असर महंगाई के कम होने पर दिखेगा। हालांकि, फरवरी के अब तक के पांच दिनों में भी कुछ वस्तुओं के भाव में गिरावट दिख रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, जरूरी वस्तुओं की कीमतें दिसंबर की तुलना में जनवरी में औसतन एक फीसदी तक घटी हैं। यह सितंबर, 2023 के बाद सबसे ज्यादा गिरावट है। इनमें खासकर सब्जियों के दाम तेजी से घटे हैं। ऊर्जा की कीमतें इस दौरान स्थिर रही हैं। जिन सब्जियों के दाम तेजी से घटे हैं, उनमें आलू प्रमुख रूप से है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सभी तरह के खाद्य तेलों के खुदरा दाम भी जनवरी में घटे हैं। इनके अलावा, दालों की कीमतें भी कम हो रही हैं। वनस्पति तेल के दाम जहां 9.7 फीसदी घटे हैं, वहीं मसूर दाल की कीमतें 0.5 फीसदी घटी हैं। आलू के दाम 1.8 फीसदी तक घट गए हैं।

खाद्य मूल्य वृद्धि में नरमी और तेल की कम कीमतों से आने वाले महीनों में महंगाई और कम हो सकती है। चालू वित्त वर्ष में औसत महंगाई दर 5.4 फीसदी रहने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष में यह 4.7 फीसदी रह सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी में भी जरूरी वस्तुओं के दाम घट रहे हैं। खासकर सब्जियों पर इसका असर दिख रहा है।

महंगाई कम होने का असर यह होगा कि आपके कर्ज की किस्त आगे कम हो सकती है। आरबीआई ने लगातार छठीं बार रेपो दर को जस का तस रखा है। ऐसी उम्मीद है कि आम चुनाव के बाद जून से रेपो दर में कटौती का सिलसिला शुरू हो सकता है। जब महंगाई काबू में होगी तो आरबीआई वृद्धि दर पर जोर देगा। इसके लिए ब्याज दरों को घटाने की कवायद करनी होगी। उम्मीद है कि इस साल के अंत तक ब्याज दरें आधा फीसदी तक घट सकती हैं।

आरबीआई ने महंगाई को काबू में लाने के लिए एक साल से रेपो दर को 6.5 फीसदी पर यथावत रखा है। लगातार छठी बार इसने दरों को जस का तस रखा है। चूंकि आम चुनाव हैं, इसलिए अप्रैल में भी दरों को जस का तस रखे जाने की उम्मीद है। जून में दरें घट सकती हैं क्योंकि जुलाई में बजट है। कोरोना से निपटने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार दरों को घटाने का सिलसिला शुरू किया था, हालांकि बाद में महंगाई की उच्च दरों को काबू में लाने के लिए रेपो दर में 2.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई थी।

# स्टीलबर्ड हेलमेट दुनिया के सबसे बड़े हेलमेट निर्माता के रूप में उभरा

## 2023 में दुनिया भर में 80 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

**नई दिल्ली।** स्टीलबर्ड हाई- टेक इंडिया लिमिटेड, हेलमेट निर्माण में अग्रणी, गर्व से दुनिया के सबसे बड़े हेलमेट निर्माता के रूप में उभरी है। इसके

**प्रतिबद्धता**

> स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर ने सड़क सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

साथ ही कंपनी ने वैश्विक स्तर पर 77,99,273 हेलमेट की शानदार बिक्री का आंकड़ा हासिल करने की भी घोषणा की है। कंपनी के लिए ये एक बड़ी उपलब्धि है। शानदार हेलमेट बिक्री के अलावा, स्टीलबर्ड हेलमेट ने सफलतापूर्वक 3,44,865 साइड बॉक्स बेचे हैं, जो दुनिया भर में बेची गई कुल 81,44,138 यूनिट्स में योगदान देता है। ग्रुप के राजस्व में प्रभावशाली वृद्धि देखी गई है, जो कैलेंडर वर्ष 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक 687 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।(स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर ने सड़क सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए भारत में सड़क मृत्यु दर के चिंताजनक आंकड़ों पर प्रकाश डाला, जिसमें कहा गया है कि भारतीय सड़कों पर सालाना 300 हजार लोग मरते हैं। हालांकि, श्री कपूर ने इन सड़क हादसों और इनमें मरने वालों के बढ़ते आंकड़ों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पर्याप्त यातायात पुलिस के बिना क्षेत्रों में कम रिपोर्ट की गई दुर्घटनाओं के कारण वास्तविक संख्या बहुत अधिक हो सकती है।

# कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने स्टॉक स्प्लिट और 1:1 बोनस की घोषणा की

## तीसरी तिमाही में वर्ष दर वर्ष आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 81.7 फीसदी बढ़कर 68 करोड़ रुपए दर्ज किया गया

**लखनऊ।** एमएसएमई, अफोर्डेबल हाउसिंग, कंस्ट्रक्शन फाइनेंस सेगमेंट जैसे विविध क्षेत्रों में कार्यरत विविधीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) कंपनी कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के निदेशक मंडल ने स्टॉक स्प्लिट और शेयरधारकों को 1 इक्विटी शेयर पर 1 बोनस शेयर देने की मंजूरी दे दी है। कंपनी बोर्ड ने सार्वजनिक निर्गम/निजी प्लेसमेंट के माध्यम से किश्तों में 500 करोड़ रुपये तक की राशि के लिए नॉन कनवर्टिबल डिबेंचर जारी करने को भी मंजूरी दे दी है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने 27 जनवरी को हुई बोर्ड मीटिंग में 2 रुपए के फेसवैल्यू के फुल्ली-पेडअप एक इक्विटी शेयर को 1 रुपए के फेसवैल्यू के 2 फुल्ली-पेडअप इक्विटी शेयर में उप-विभाजित करने की मंजूरी दी है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 1 इक्विटी शेयर पर 1 बोनस शेयर देने को भी मंजूरी दे दी है, यानी कि शेयरधारकों को 1 रुपये फेसवैल्यू के प्रत्येक फुल्ली-पेडअप इक्विटी शेयर के लिए 1 रुपये के फेसवैल्यू का एक नया फुल्ली-पेडअप बोनस इक्विटी शेयर हासिल होगा। कंपनी ने स्टॉक विभाजन और बोनस की पात्रता के लिए मंगलवार, 5 मार्च, 2024 को रिकॉर्ड तिथि तय की है, जो गुरुवार, 22 फरवरी, 2024 को होने वाली कंपनी की आगामी असाधारण आम बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।

वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में अर्जित 37.4 करोड़ रुपए के मुकाबले 81.7 फीसदी अधिक 68 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है और कंपनी का एयूएम 2023 की तीसरी तिमाही में दर्ज 8654.5 करोड़ रुपए के मुकाबले 54.4 फीसदी बढ़कर 13,362.1 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। कंपनी ने श्री एल वी प्रभाकर, श्री शिशिर प्रियदर्शी और नुपुर मुखर्जी को अपने निदेशक मंडल में अतिरिक्त स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल किया है, जो कि शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।

कैप्री ग्लोबल एक विविध गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जिसकी उपस्थिति एमएसएमई, किफायती आवास, निर्माण फाइनेंस सेगमेंट और कार ऋण वितरण जैसे विविध और उच्च विकास क्षेत्रों में है। कंपनी ने 2022 के अगस्त माह को गोल्ड लोन में भी कदम रखा था। कंपनी पहली पीढ़ी के उद्यमी, श्री राजेश शर्मा द्वारा प्रवर्तित है और बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध है। उत्तर और पश्चिम भारत के 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 917 शाखाओं और 10,150 से अधिक कर्मचारियों के साथ, कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 124 बिलियन रुपये का एयूएम दर्ज किया है। 31 दिसंबर 2023 तक प्रमोटर ग्रुप के पास कंपनी में 69.89त्न हिस्सेदारी थी। आगे चलकर कंपनी रुपये के 300 बिलियन रुपये का एयूएम हासिल करने का लक्ष्य बनाकर चल रही है। गोल्ड लोन, किफायती आवास और एमएसएमई ऋण सहित व्यावसायिक क्षेत्रों पर मजबूत फोकस के साथ कंपनी का मध्यम अवधि में औसत आरओई के साथ आय हासिल करने का लक्ष्य है।

कंपनी को 16 जनवरी 2024 के दिन जीवन, सामान्य और स्वास्थ्य बीमा उत्पादों को वितरित करने के लिए भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) से दिसंबर 2023 में जारी समग्र कॉर्पोरेट एजेंसी लाइसेंस प्राप्त हुआ है।

मोतीलाल ओसवाल की 28वीं वार्षिक वेल्थ क्रिएशन अध्ययन रिपोर्ट (2018-2023) में कंपनी मोस्ट कंसिस्टेंट वेल्थ क्रिएटर के रूप में उभरी है। कंपनी ने पिछले सभी 5 वर्षों में बीएसई सेंसेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया और इसकी कीमत 50त्न की उच्चतम सीएजीआर है। कंपनी ने 2018-2023 के दौरान सभी 5 वर्षों में बीएसई सेंसेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है और कंपनी के शेयर की कीमतों ने 50त्न की उच्चतम सीएजीआर हासिल की है। इस अवधि में कंपनी सबसे तेजी से धन सृजन करने वाली कंपनियों में से एक रही है। 2018-2023 की अवधि के दौरान, कंपनी ने शुद्ध लाभ में 26त्न और बिक्री में 33त्न की मजबूत सीएजीआर दर्ज की है। वित्तीय स्थिति में उत्कृष्ट निरंतर वृद्धि के साथ, 2018-2023 के दौरान कंपनी का शेयर मूल्य 7.6 गुना बढ़ा है।

बीमा व्यवसाय में प्रवेश करते हुए, कंपनी ग्राहकों तक बीमा उत्पादों और सेवाओं को पहुंचाने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की योजना बना रही है। कंपनी बीमा समाधान देने के लिए डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचेन का उपयोग करने की योजना बना रही है। यह सीजीसीएल को दावा प्रसंस्करण और ग्राहक सहायता सेवाओं को स्वचालित करने में सक्षम करेगा, जिससे ग्राहकों की संतुष्टि में सुधार होने के साथ-साथ परिचालन की लागत भी कम होगी।

# नर्सिंग की भारतीय प्रणाली पर तीन दिन होगा विशद मंथन

अवधनामा संवाददाता

**गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सोमवार से**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञ तीन दिन नर्सिंग की भारतीय प्रणाली पर विशद मंथन करेंगे। इसके लिए सोमवार (12 फरवरी) से बुधवार (14 फरवरी) तक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रो. एमएलबी भट्ट व विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक व उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह करेंगे। यह जानकारी गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा ने दी। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी व कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव भी मौजूद रहेंगे। डॉ. अजीथा ने बताया कि गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा आयोजित यह प्रथम अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी है। संगोष्ठी में प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली और नर्सिंग के प्रति इसके योगदान, स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का योगदान, भारतीय ज्ञान प्रणाली का वैश्वीकरण, योग्यता आधारित नर्सिंग शिक्षा तथा स्वास्थ्य केंद्रों में नर्सों की भूमिका जैसे विषयों पर गहन मंथन होगा। संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र में चेयरपर्सन प्रो. एमएलबी भट्ट और को चेयरपर्सन गुरु श्री गोरखनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की प्रोफेसर डॉ. मिनी के होंगी।

# सुबह साइकिल से निकले नगर आयुक्त ने वार्ड नंबर 62 माया बाजार का जाना हाल

अवधनामा संवाददाता



**नाली ब्लॉक पाए जाने पर उसे तोड़ने और सड़क पर कूड़ा फेंकने वाले पर जुर्माना लगाने का निर्देश**

**गोरखपुर।** जनपद के तेज तर्रार आईएएस अधिकारी नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने जब से नगर निगम की कमान संभाली तब से सुबह मॉर्निंग वॉक के बहाने वह नगर निगम के वार्डो का सुबह सवेरे साइकिल से ही निरीक्षण करने निकल जाते हैं। यह उनकी दिनचर्या में भी शामिल हो गया है। आज उन्होंने वार्ड नंबर 62 माया बाजार का स्थलीय निरीक्षण किया।

माया बाजार वार्ड के पार्षद समद गुफरान ने नगर आयुक्त को लेकर वॉर्ड के एक-एक गली नाली सड़कों का भ्रमण कराया। हठ्ठी माता मंदिर से घोष कंपनी की ओर जाने वाली रोड पर एक मकान के सामने नाली को पूरी तरीके से बंद कर दिया गया था जिसको नगर आयुक्त ने तोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद सुपरवाइजर को सख्त निर्देश दिया कि कहीं भी पानी के बहाव में अवरोध नहीं होना चाहिए नालियां बंद रहेंगी तो पानी का बहाव नहीं होगा और नालियां चोक हो जाएंगे ऐसे में साफ सफाई के साथ नालियों में बहने वाले पानी में कहीं भी अवरोध नहीं होना चाहिए। माया बाजार के हरिजन बस्ती, यादव टोला जुबली रोड समेत विभिन्न मोहल्ले का निरीक्षण करके डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया है उन्होंने कहा कि अगर कोई सड़क पर कूड़ा फेंकता है तो उससे जुर्माना वसूला जाए। सड़क पर गाड़ियां खड़ी रहने से गंदगी होती है उन्हें हटाने का नगर आयुक्त ने निर्देश दिया है। पार्षद समद गुफरान ने भाजपा की सदस्यता लेने के बाद दुगनी ऊर्जा गति से अपने वार्ड का निरीक्षण कर वहां की कमियों को अधिकारियों को अवगत कराने का काम कर रहे हैं। उन्होंने नगर आयुक्त को बताया कि बहुत सी जगह पर सीवर पाइप नहीं है जिसकी वजह से लोगों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसके साथ ही मैनपावर की भी उनके पास कमी है ,सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए जिससे मेरा वॉर्ड साफ स्वच्छ व सुंदर दिखे यही माननीय मुख्यमंत्री जी का भी सपना है कि पार्षद अपने अपने वार्ड की जिम्मेदारी लें तो जनपद अपने आप ही साफ स्वच्छ व सुंदर दिखने लगेगा और रेटिंग के मामले में भी अव्वल स्थान हासिल करेगा।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर लोग उत्साहित

**अमेठी।** जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दे रहा है।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी। कांग्रेसियों की ओर से इसके लिये व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।बताया गया है की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को प्रतापगढ़ जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अठेहा से निकलकर अमेठी विधानसभा के ककवा में दाखिल होगी। इसके बाद यह यात्रा महाराजपुर होते हुए अमेठी गौरीगंज गांधीनगर जायस और फुरसतगंज के रास्ते रायबरेली रवाना हो जाएगी। अमेठी के कांग्रेस नेता कार्यकर्ता और आम जनता उम्मीद लगाए है कि इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी अमेठी से अगला लोकसभा चुनाव लड़ने का कोई न कोई संकेत देंगे।अमेठी से गांधी नेहरू परिवार के किसी सदस्य के चुनाव लड़ाने के कयास लगाए जा रहे हैं। विगत लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी से राहुल गांधी की शिकस्त के बाद अमेठी से गांधी नेहरू परिवार की लंबी दूरी दिखाई दे रही है।


# अफवाहों पर ध्यान न दें, तत्काल पुलिस को सूचना दें : एसडीएम



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** ज्ञानवापी मामले को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। शनिवार को उप जिलाधिकारी कप्तानगंज योगेश्वर चौहान की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। कप्तानगंज थाने में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम योगेश्वर चौहान ने कहा कि ज्ञानवापी के मामले आने वाले है। कोर्ट के फैसले का हम सभी सम्मान करेंगे। अफवाहों पर ध्यान न देकर शांति व्यवस्था बनाए रखें। सोशल मिडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी। थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने उपस्थित सभी धर्मगुरूओ से शांति की अपील करने को कहा। कहा कि धर्म स्थलों के संबंध में सोशल मीडिया पर फैलाई जा रहीं अफवाहों पर गौर न करें। तत्काल ऐसे अराजक तत्वों की सूचना पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना फैलाई जा रही है। उक्त सूचनाओं पर ध्यान न दें। लोगों को भी जागरूक करें। अराजकता फैलाने वालों को किसी भी दशा में बक्सा नही जायेगा। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक सूर्यभान यादव, एसआई शैलेश कुमार यादव, एसआई विमलेश गुप्ता, लेखापाल मारकंडे गुप्ता, रितेश यादव, चंचल, संदीप सहित तमाम पुलिसकर्मी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रामायण थीम पर हुई ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव के दूसरे दिन रामायण थीम पर ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजन किया गया। सौ मिनट की इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने श्रीराम द्वारा धनुष भंग करने, श्रीराम, सीता व लक्ष्मण के वन गमन, वानरी सेना द्वारा सेतु निर्माण के साथ ही श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पूजन विषय पर ड्राइंग और पेंटिंग बनाई। प्रतियोगिता राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दीपू मनोहर एवं धनन्जय पाण्डेय के निर्देशन में सम्पन्न हुई।

## 52 दिवसीय गुरू के लंगर का हुआ समापन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में चल रहे 52 दिवसीय गुरू के लंगर का शनिवार को समापन हुआ। बाबा मनोहर सिंह ने पंजाब मेल ट्रेन के चालकों को सरोपा और मिठाई भेंटकर सम्मानित किया। नगर स्थित रेलवे स्टेशन पर शनिवार को भी श्री पटना साहिब रेलयात्रियों को लंगर वितरित किया गया। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से श्री पटना साहिब जाने वाले रेल यात्रियों के लिए लंगर का वितरण शुभारंभ 20 दिसंबर 2023 को हुआ था। नगर के चाणक्यपुरी स्थित लंगर स्थल पर बाबा मनोहर सिंह ने स्वयं सेवादारों के साथ लंगर तैयार करते रहे। उसके बाद रेलवे स्टेशन पहुंचकर यात्रियों को लंगर वितरण और चाय पिलाई जाती रही। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को लेकर बड़ी संख्या में सिक्ख संगत श्री पटना साहिब के लिए रवाना होती है। इसी उपलक्ष्य में समिति की ओर से यह लंगर आयोजित किया जाता है जो अनवरत 10 फरवरी तक चलता है। आज निर्विघ्न रूप से यह लंगर संपन्न हो गया।बाबाजी ने रेलवे स्टाफ और सेवादारों के प्रति आभार जताया और कहा की 12 फरवरी लंगर स्थल पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को आमंत्रित भी किया।इस मौके पर सरदार हरवंश सिंह सदाशिव पांडेय संजीव भारती अभिषेक पांडे आदि मौजूद रहे।

## सरकार की नीतियां बता रहे भाजपाई



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इन दिनों गांव चलो अभियान के तहत सरकार की नीतियों को घर घर पहुंचा रहे हैं।इसी क्रम में शनिवार को भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत अमेठी मण्डल के कोरारी गिरधर शाह बूथ संख्या 110 में तेलिन का पुरवा बाबा का पुरवा मातादीन का पुरवा रोशनी का पुरवा एवं बूथ संख्या 111 मे महादेवन मझगवां में अमरेंद्र सिंह पिन्टू ने घर घर जाकर प्रधानमंत्री एवं सरकार की नीतियों एवं दीदी स्मृति ईरानी के विकास कार्यों को पहुंचाया। इनके साथ में बूथ अध्यक्ष अमित सिंह एवं मयंक सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार पांडेय राजू सिंह पप्पू सिंह योगेन्द्र सिंह दिनेश सिंह रमाशंकर मिश्र संदीप सिंह व मण्डल अध्यक्ष मनोज तिवारी पूर्व प्रधान लाल जी यादव राम बरन वनवासी आदि रहे।

## गांव चलो अभियान के तहत गांवों में प्रवास कर रहे कार्यकर्ता



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत गांव गांव जाकर कार्यकर्ता लोगों से संपर्क कर रहे हैं तथा अपने प्रवास वाले गांव में रात्रि विश्राम भी कर रहे हैं। इस दौरान बूथ समितियों का सत्यापन, नव मतदाता सम्पर्क, पन्ना प्रमुखों का सत्यापन, नमो ऐप डाउनलोड कराने और सरकार की योजनाओं को जनता को बताने तथा मतदाता सूची में छूटे नामों को जुड़वाने का कार्य कर रहे हैं। 4 फरवरी से 11 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच व्यापक रूप सभी विषयों को बता रहे हैं तथा अधिक से अधिक मतदान के लिए जनता को जागरूक करने का कार्य भी कर रहे हैं। अभियान के इस क्रम में भलुअनी मंडल के ग्राम पोखरभिंडा में बूथ संख्या 205 और 206 पर इस अभियान के जिला संयोजक और जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रवास किया और लोगों से संपर्क किया। देवरिया देहात मंडल के मलकौली में बुथ संख्या 307 पर जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने मंडल अध्यक्ष अरविंद चौहान और कार्यकर्ताओं के साथ गांव में प्रवास किया पकड़ी मंडल के शक्तिकेंद्र ठाकुर देवा बूथ संख्या 307, 308 बरडीहा दल में जिला मीडिया प्रभारी, प्रभाकर तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश सिंह और मंडल अध्यक्ष ऋषि सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रवास किया।

# स्मार्टफोन से बढ़ी है तकनीकी शिक्षा: शाही



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज विकासखंड के जगदीशपुर बरडीहा में स्थित विद्यार्थी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद शाही ने 200 बालिकाओं को स्मार्टफोन वितरित किया। उपस्थित छात्राओं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश सरकार तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्मार्टफोन का वितरण कर रही है।जिससे शिक्षा को तकनीकी रूप प्रदान किया जा सके। शिक्षा की इस ज्योति को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय परिवार बालिकाओं की शिक्षा में सतत प्रयास कर रहा है जो बधाई के पात्र हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में यह एक महत्वपूर्ण योजना है। सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया जा रहे हैं। विद्यालय के प्रबन्धक लोकेश पाण्डेय ने आए हुए अभिभावकों, अतिथियों एवं छात्राओं का स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि महाविद्यालय प्रबंधन दिन प्रतिदिन बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार पांडेय ने सभी का स्वागत करते हुए आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अष्टभुजा तिवारी, जितेंद्र जयसवाल, संघर्ष मणि, रमेश मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, बी वी राय सहित छात्राएं तथा अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# टीम बनाकर फरियादियों के शिकायती पत्र का करें निस्तारण: जिलाधिकारी

अवधनामा ब्यूरो



**कसया थाने में डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद, मौके पर दो का निस्तारण**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की उपस्थिति में थाना कसया में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

समाधान दिवस पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं का एक-एक कर गम्भीरता पूर्वक सुना गया, राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारीयों/कर्मचारियों को शासन के मंशानुसार निर्धारित समयावधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। इसी क्रम में बंदना पांडे ग्राम भरौली द्वारा गाटा संख्या 226क में बैनामे और दाखिल खारिज के उपरांत उन्हें अपनी भूमि में अन्य व्यक्ति द्वारा निर्माण कार्य कराए जाने से बाधित करने के दृष्टिगत शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार कसया को मौके का निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा प्रार्थिनी राजकली देवी पत्नी मैनेजर सिंह निवासी बसडीला द्वारा ग्राम सभा सपहा में अपने बैनामे की भूमि पर अन्य व्यक्ति के द्वारा अवैध अतिक्रमण की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया को मौके पर निरीक्षण का निस्तारित करने के निर्देश दिए। आज के समाधान दिवस में कुल 06 आवेदन पत्र आए जिसमे 04 राजस्व विभाग से तथा 02 अन्य विभाग से सबंधित थे, जिसमे से 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को राजस्व टीम बनाकर पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों व शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे की समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

# नयी दिशा ने जरूरतमंदों को भेंट किया कम्बल




अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कसया के जरूरतमंद टीबी मरीजों को चिन्हित कर ठंड से बचाव हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवतहाँ के एनएमएस रमेश प्रसाद त्रिपाठी के सहयोग से कम्बल भेंट किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीएमओ डा सुरेश पटारिया ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। नयी दिशा को अनवरत किये जा रहे सेवा कार्य हेतु शुभकामनाएं हैं। उन्होंने कहा कि टीबी रोगियों को दवा के साथ नियमित रूप से पौष्टिक आहार भी लेना चाहिये। क्योंकि टीबी के जीवाणु हम सभी के शरीर में होते है जैसे ही हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है तो यह जीवाणु हावी हो जाते हैं और हम टीबी रोग से ग्रसित हो जाते हैं। नयी दिशा अध्यक्ष प्रो सीमा त्रिपाठी ने कहा कि संस्थान द्वारा जरूरतमंदों के लिए प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने ने कहा कि संस्था हमेशा टीबी रोगियों की सेवा में तत्पर रहती है। उन्हें पोषण की पोटली भी देती रहती है जिसमें प्रोटीनयुक्त आहार होता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा एसएन त्रिपाठी ने कहा कि मैं नयी दिशा संस्था द्वारा टीबी रोगियों के स्वास्थ्य के लिये लगातार सहयोग की सराहना करते हुये साधुवाद देता हूँ और साथ ही समाज में कार्यरत अन्य संस्थाओं से अपील करना चाहता हूँ कि वे भी आगे आकर टीबी मुक्त भारत बनाने में अपना सहयोग करें। एमोटीसी डा मुकेश यादव ने टीबी रोग के लक्षण एवं उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम का संचालन नयी दिशा सचिव डॉ हरिओम मिश्र व आभार एसटीएलएस आशुतोष मिश्र ने किया।

## अतिक्रमण के चलते नगर में नहीं मिल रही जाम से निजात

**अमेठी।** स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण नगर एक लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सड़क की पटरियां गायब हो चुकी है उन पर बाजार लगी है। सड़के सकरी हो गई हैं लिहाजा आए दिन जाम में फंस कर राहगीर कराह रहे हैं। स्थानीय नगर पंचायत में एक लंबे समय से अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं चला है जिसके कारण गांधी चौक सगरा तिराहा अंबेडकर तिराहा राजर्षि तिराहा पोस्ट ऑफिस के सामने और तहसील के सामने जाम की समस्या विकराल हो चुकी है। स्कूल आने जाने वाले बच्चे जाम में फंसकर प्रायः कराहते रहते हैं। वहीं राहगीर भी नगर अमेठी के जाम की चुनौती से परेशान है विभिन्न तिराहों और चौराहों पर सुरक्षा बल तैनात जरूर रहता है लेकिन जाम से निपटने में वह नाकाम साबित होते हैं। नगर पंचायत अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने की पहल नहीं कर रही है जिसे लेकर जाम की समस्या से ग्रस्त लोग चिंतित नजर आ रहे हैं।

# खुलेआम संचालित हो रहा है फर्जी तरह से जनसेवा क्लिनिक

**भटनी (देवरिया) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय क्षेत्र के बलुआ अफगान के मुलायम चौराहे पर फर्जी तरीके से धड़ल्ले से संचालित हो रहा है



जनसेवा क्लिनिक । जहाँ इलाज़ के नकाम पर मरीजों से की जाती है भारी धन उगाही। बताया गया है कि बलुआ अफगान के मुलायम चौराहे पर जनसेवा क्लिनिक के माध्यम से डॉ पंकज कुमार और डॉ राखी सिंह द्वारा 24 घंटे की सेवा दी जा रही है। क्षेत्र के दूर दराज से भी मरीज अपनी मजबूरी में इलाज के लिए भी आते है। जिसके अंतर्गत सभी प्रकार का ऑपरेशन और नार्मल डिलेवरी भी कराई जाती है। वहाँ के स्थानीय लोगों का कहना है कि भटनी पीएचसी पर तैनात आशा कार्यकत्रियों की मिली भगत से यहाँ के स्थानीय लोग इलाज और गर्भवती महिलाओं को डिलेवरी के नाम पर कमीशन भी तय किया गया है जहाँ आए दिन ऑपरेशन कर या नार्मल डिलेवरी भी डॉक्टर द्वारा कराया जाता है और मरीजों से ऑपरेशन के नाम पर धन उगाही कर आशा कार्यकत्रियों को उनका कमीशन भी दिया जा रहा है। जब इस सम्बंध में भटनी पीएचसी प्रभारी डॉ धनंजय कुशवाहा से बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि हमारे संज्ञान में भी आया है कि यह क्लिनिक फर्जी तरह से संचालित हो रहा जिसका कोई रजिस्ट्रेशन नम्बर भी नही है। इसका जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

# भाजपा सरकार में आम लोगों का जीवन आसान हुआ है : दुर्गेश पाण्डेय



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा मण्डल सलेमपुर के बूथ संख्या 38-39 परसिया भगौती एवम बूथ संख्या 10 पुरैना मेंभाजपा द्वारा गांव चलो अभियान के अंतर्गत घर - घर जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पत्रक बांटा गया एवं भाजपा की नीतियों के बारे में जनता से चर्चा की गयी। अभियान के तहत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मण्डल प्रभारी दुर्गेश पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल में भी गाँव और गरीब की समस्या निस्तारण पर ध्यान दिया। जिसके फलस्वरूप गाँव में रहने वाले दलित, पिछड़े और सरकारी लाभ से वंचित लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिला है। चाहे वह उज्ज्वला योजना का रसोई गैस हो या फिर प्रधानमंत्री आवास योजना, पात्रों को बिना भेदभाव लाभ दिया गया है। इस दौरान बूथ प्रवासी अजय दूबे वत्स ने बताया कि गांव चलो अभियान के अंतर्गत अभियान पूरे मण्डल में व्यापक जनसंपर्क अभियान पार्टी के द्वारा चलाया जा रहा है। जिसमे घर घर जाकर हर व्यक्ति से संपर्क करके पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाना ही इस अभियान का मूल उद्देश्य है। बूथ प्रवासी अनूप उपाध्याय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर त्रिपुणायक विश्वकर्मा, रविशंकर मिश्र, जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल, अमित सिंह, पुनीत यादव, चन्दन पाण्डेय, विकास चौहान, अनूप मिश्रा, सोनू यादव, राजाराम दूबे, राणा सिंह, नीरज कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# महान विभूतियों को सम्मान देने का काम कर रही भाजपा सरकार

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ऐलान किया कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव और कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने वाले एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। पीएम मोदी ने ट्वीट कर ये जानकारी साझा की। प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय से प्रसन्न भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौरा चौराहा स्थित भाजपा के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर एक-दूसरे को मिठाई खिला खुशी व्यक्त किया।

इस दौरान जिलाउपाध्यक्ष भाजपा गंगा कुशवाहा ने कहा कि भाजपा की सरकार ने हमेशा देश के महान विभूतियों का सम्मान किया है। बाबा साहब अम्बेडकर, अटल जी, सचिन तेंदुलकर, कर्पूरी ठाकुर, लालकृष्ण आडवाणी, नरसिम्हा राव, एमएस स्वामीनाथन जैसे विभूतियों को भारत रत्न देने का काम भाजपा की सरकारों में ही हुआ है। वही कांग्रेस, सपा समेत अन्य विपक्षी दलों की नजर इन महान लोगों पर नही गयी। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह,हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देकर किसानों की भावनाओं को सम्मान देने का काम मोदी सरकार ने किया है। इस निर्णय से किसानों में अत्यधिक प्रसन्नता है। मण्डल अध्यक्ष रामपुरकरखाना सत्यप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार ने लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देकर जहा राष्ट्रभक्ति को सम्मान दिया वही कृषि क्षेत्र से जुड़े चरण सिंह और स्वामीनाथन को भारत रत्न देकर आमजन को सम्मानित करने का काम किया है। इस दौरान अम्बिकेश पाण्डेय, मुकेश राय, प्रिंस मिश्रा, सुमंत चतुर्वेदी, दिवाकर यादव, सुबोध तिवारी, रविन्द्र सिंह, कृष्णमोहन उपाध्याय, शिवसरदार मिश्रा,बलवंत सिंह आदि रहे।

## समस्त थानो पर समाधान दिवस का आयोजन

**देवरिया।** जनपद देवरिया के समस्त थानो पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। इसी क्रम मे जिला अधिकारी देवरिया व पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा थाना कोतवाली में जनसमस्याओं को सुना गया। जहां पर 02 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें एक का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा प्रार्थना पत्र में राजस्व व पुलिस की टीम का गठन कर समस्या के निस्तारण हेतु उचित दिशा निर्देश देते हुए मौके पर रवाना किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 62 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

# 10 हजार लोगों का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

## श्री गुरु गोरखनाथ यात्रा शिविर: भारत नेपाल के 40 सीमावर्ती गांवों के गरीबों को अपने गांव में ही मिली बेहतर नि:शुल्क चिकित्सा एवं दवाएं

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** नर सेवा नारायण सेवा के भाव को लेकर श्री गुरु गोरक्षनाथ चतुर्थ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के दौरान सीमा क्षेत्र में 40 स्थान पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लगभग 10 हजार से अधिक ग्रामीण को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई। विकासखंड मिहीपुरवा एवं नवाबगंज क्षेत्र कुल 40 गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। जिसमें भारत नेपाल सीमा से सटे गांव रंजीतबोझा, आंबा, बर्दिया, फकीरपुरी, सोहनी बलई गांव कठौतिया, सोंगवा, केवलपुर, विशुनापुर, जैतापुर, निधिनगर, पोखरा, मजगंवा छोटिया गांव, जामदान, होलिया, इटहवा समेत 40 स्थान पर कैंप आयोजित हुए। थारू बाहुल्य क्षेत्र आंबा, बर्दिया फकीरपुरी आदि स्थानों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल, प्रांत संचालक कृष्ण मोहन, प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राज किशोर, प्रांत बौद्धिक प्रमुख सुनील कुमार, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉक्टर अशोक दुबे, विभाग प्रचारक अवधेश आदि ने पहुंच कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा



चिकित्सकों एवं ग्रामीणों से कुशल क्षेम पूछा। यात्रा शिविर के संयोजक आलोक जिंदल ने बताया कि श्री गुरु गोरखनाथ यात्रा शिविर का यह चौथा वर्ष है। गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के माध्यम से आयोजित दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर मैं भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के 40 गांव में आयोजित कैंपों में लगभग 10 हजार से अधिक मरीजों का निशुल्क जांच और इलाज कर दवाएं उपलब्ध कराई गई। यात्रा शिविर से गरीब व जरूरतमंदों को लाभान्वित होने का उनके गांव में ही अवसर प्राप्त हुआ। डा पुष्पेश मिश्रा, डॉ अल्पित शर्मा, डॉ नवदीप, डॉ विक्रम सिंह , डा पार्थवी, डा. शिप्रा आदि सहित विभिन्न मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीज के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। यात्रा शिविर में यात्रा के सहसंयोजक धर्मेंद्र, आलोक पाठक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक बाबूलाल शर्मा, सह जिला संघ चालक सुरेश वर्मा, जिला प्रचारक अजय, खंड संघचालक कृष्ण चंद, अरुण पाठक, बाबूलाल, सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेंद्र मौर्य उर्फ पिंटू मौर्य, नीरज मिश्रा जिला, सेवाभारती विभाग अध्यक्ष इंद्र बहादुर सिंह, शिवेंद्र, विवेक, सरदार संजय सिंह, श्याम अग्रवाल, संघ चालक कृष्ण चंद्र, अरुण पाठक खण्ड कार्यवाह आशीष, दीपक सह कार्यवाह सर्वेश खण्ड विस्तारक आदि उपस्थित रहे।

# कलियुग में भगवान को प्राप्त करने का सबसे सरल उपाय भक्ति है: बाबा बजरंगदास

**अवधनामा संवाददाता**

**धनपतगंज सुलतानपुर।** भगवान ने हमें सद्कर्म के लिए ही भेजा है। किसी के साथ अच्छा न कर सकें तो उसका बुरा भी न करें। श्रीमद्भागवत पुराण हमें बताता है कि कलियुग में भगवान को प्राप्त करने का सबसे सरल उपाय भक्ति है । यह बातें कथाव्यास बाबा बजरंगदास ने कहीं। वह क्षेत्र के पीपरगांव स्थित मजगीर बाबा धाम पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन परीक्षित जन्म और कर्म की कथा सुना रहे थे। उन्होंने कहा महाभारत युद्ध में गुरु द्रोण के मारे जाने से क्रोधित होकर उनके पुत्र अश्वत्थामा ने पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया । इससे डरकर मां उत्तरा भगवान की शरण में गई। तब सबके



पालनहार कृष्ण ने उनकी रक्षा की । इस प्रकार भक्ति की शक्ति से अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। जब परीक्षित राजा बने तो कलियुग का प्रथम चरण शुरू हुआ। कलियुग में भक्ति ही मुक्ति का आसान मार्ग है। बाल व्यास सम्पूर्णानंद ने अजामिल और विदुर की कथा सुनाते हुए कहा कि विदुर प्राचीन महाकाव्य महाभारत के एक प्रमुख व्यक्ति हैं। अपनी बुद्धिमत्ता, धार्मिकता और सत्य के प्रति समर्पण के कारण उनका बड़ा सम्मान था। उस काल के सबसे बुद्धिमान परामर्शदाता विदुर की बताई गई नीति पर चल कर धन वैभव , सम्मान सबकुछ पाया जा सकता है। मुख्य यजमान वरिष्ठ साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह जटायु व सुषमा रानी सिंह ने व्यासपीठ की पूजा कर कथा की शुरुआत की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ओमेंद्र सिंह, राम कुबेर सिंह, अशोक दीक्षित, दिलीप कुमार सिंह, राम कुबेर सिंह, राम शंकर सिंह, अंगद कुमार सिंह व आदित्य कुमार सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। आयोजन मंडल के सदस्य ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि धनपतगंज ब्लाक के पीपरगांव स्थित मजगीर बाबा धाम पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन रविवार 11 फरवरी को दोपहर दो बजे कृष्ण जन्म की कथा और भव्य प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है।

# फरवरी को लोकसभा चुनाव कार्यालय का कैबिनेट मंत्री करेंगे उद्घाटन


**सुल्तानपुर।** भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी मिशन मोड में शुरू कर दी है।भाजपा जमीनी स्तर पर बूथ समिति व पन्ना प्रमुख आदि के गठन का काम पूरा करके गांव चलो अभियान का भी शुभारंभ कर चुकी है।इसी क्रम में भाजपा 12 फरवरी दिन सोमवार को लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन की तैयारी में जुट गई है। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अगुवाई में लोकसभा चुनाव कार्यालय का निरीक्षण किया गया। दरियापुर से पंच रास्ता जाने वाले रोड पर स्थित चुनाव कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ने जिला पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर तैयारी को अंतिम रूप दिया। जिलाध्यक्ष ने बैठक में बताया कि 12 फरवरी को 2:30 बजे कैबिनेट मंत्री व लोकसभा के क्लस्टर प्रमुख नंद गोपाल गुप्ता नंदी लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे।

# बूथ जीता चुनाव जीत के संकल्प के साथ चुनाव प्रचार करें कार्यकर्ता: धर्मपाल

**अवधनामा संवाददाता**

**कैबिनेट मंत्री ने किया बहराइच लोकसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन**

**बहराइच।** लोकसभा क्षेत्र 56 बहराइच के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ रामलीला मैदान में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर व फीता काटकर किया। इस अवसर पर लोकसभा संचालन समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव में 80 की 80 सीटों को जिताने हेतु कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया। और कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र को आत्मसात करते हुए सभी कार्यकर्ता अभी से बूथों पर 60 प्रतिशत वोट कराने के लिए बूथ समितियां व पन्ना प्रमुख को सक्रिय करने के लिए निरंतर संवाद करें विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए



कहा कि आज की माननीय मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने जो कहा वह सब कुछ कर दिया 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद माहौल राम मय हो गया है हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि इस राम मय माहौल में पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने की रणनीति बनाएं ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे ने किया संचालन जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने किया इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी सुनील वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह सदस्य विधान परिषद डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह संचित लोकसभा संयोजक डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी सह संयोजक योगेश प्रताप सिंह वरिष्ठ नेता श्री नाथ शुक्ला गौरव वर्मा जी डॉक्टर आनंद कुमार गोंड नगर पंचायत अध्यक्ष रुपई डीहा डॉक्टर उमाशंकर वैश्य सहित जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी राघवेंद्र प्रताप सिंह मनीष आर्य सहित सभी जिला पदाधिकारी जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव हेमा निगम डिंपल जैन देवेंद्र कुमार मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी राहुल राय सुरेश गुप्ता व संचालन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम-हरदोई

पत्रांक : 1989/लेखाकार/निविदा आमंत्रण/2023-24 दिनांक : 08.02.2024

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

राज्यवित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष प्रस्तावित निम्न परियोजनाओं के निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो के अल्पकालीन निविदा आयोजित की जाती है। निविदा दाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा डाल सकता है। मुहर बन्द निविदाए दिनांक 20/02/2024 को अपरान्ह 3 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी जो उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय में गठित निविदा समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी कार्यवार निविदा प्रपत्र दिनांक 09/02/2024 से 20/02/2024 12 बजे तक कार्यालय में निर्धारित शुल्क अदाकर प्राप्त किये जा सकते है। कार्यो का विवरण निम्नवत् है :-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | भौतिक मात्रा | प्राक्कलन लागत (लाख में) | धरोहर राशि (10 प्रतिशत) | निविदा मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत बघियारी चौगवां में बाबूखान के घर से डामर रोड तक नाली एवं इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 139 m | 9.98 | 99800 | 900 | 3 माह |
| 2 | डामर रोड से प्रमोद के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 139 m | 9.97 | 99700 | 900 | 3 माह |
| 3 | पप्पू के घर से सुधीर के घर तक खड़न्जा मरम्मत कार्य। | 720 m | 9.965 | 99650 | 900 | 3 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत मदारा में पिदौरखेड़ा मन्दिर से नबावगंज मार्ग तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 144 m | 9.96 | 99600 | 900 | 3 माह |
| 5 | बिन्धौरी नेवदा में राजेश के घर तक अंटवा सीमा तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | 450 m | 9.964 | 99640 | 900 | 3 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत धोंधी में मंगू के घर से अमरीश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 160 m | 9.92 | 99200 | 900 | 3 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत बिरौरी के झालापुरवा में सी0सी0 रोड से नेकराम के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 147 m | 9.90 | 99000 | 900 | 3 माह |
| 8 | ग्राम पंचायत सखेडा में कन्हैयालाल के घर तक से रामकिशोर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 157 m | 9.97 | 99700 | 900 | 3 माह |
| 9 | ग्राम पंचायत बघियारी चौगावां के लोचनपुर में सुन्दर सिंह परिहार के घर से रामप्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 138 m | 9.913 | 99130 | 900 | 3 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत धोंधी में अनिल के घर से गोकरन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 148 m | 9.956 | 99560 | 900 | 3 माह |
| 11 | ग्राम पंचायत पसनामऊ में पसनामऊ से तकिया तक खड़न्जा मरम्मत कार्य। | 721 m | 9.973 | 99730 | 900 | 3 माह |
| 12 | ग्राम पंचायत ककराखेड़ा में ककराखेडा से कन्नौज रोड तक खड़न्जा मरम्मत कार्य। | 712 m | 9.974 | 99740 | 900 | 3 माह |
| 13 | ग्राम पंचायत बसहर कुतुलुपुर में बसहर भट्ठा से बम्बा तक खड़न्जा मरम्मत कार्य। | 720 m | 9.980 | 99800 | 900 | 3 माह |
| 14 | ग्राम पंचायत कुतुआपुर में कुतुआपुर से अंटवा तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | 445 m | 9.923 | 99230 | 900 | 3 माह |
| 15 | ग्राम पंचायत धोंधी सामुदायिक शौचालय से नाऊपुरवा तक खड़न्जा मरम्मत कार्य। | 718 m | 9.951 | 99510 | 900 | 3 माह |
| 16 | पुलिया से अनिल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 147 m | 9.971 | 99710 | 900 | 3 माह |
| 17 | जियालाल के घर से पप्पू के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 147 m | 9.902 | 99020 | 900 | 3 माह |
| 18 | शराफत के घर से पुत्तीलाल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 150 m | 9.931 | 99310 | 900 | 3 माह |
| 19 | पुतई सिंह के घर से नरेश के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 147 m | 9.956 | 99560 | 900 | 3 माह |
| 20 | रामसेवक गुप्ता के घर से बुद्धविहार तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 149 m | 9.948 | 99480 | 900 | 3 माह |
| 21 | भारतीय स्टेट बैंक से महेश पाल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 151 m | 9.976 | 99760 | 900 | 3 माह |
| 22 | मूरत के घर से राहुल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 148 m | 9.939 | 99390 | 900 | 3 माह |
| 23 | जरौली रैपुरा में पुत्तीलाल के घर से महेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 144 m | 9.978 | 99780 | 900 | 3 माह |
| 24 | चचरापुर उधन के घर से वीरेन्द्र के घर तक व नीलकण्ठ के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 155 m | 9.916 | 99160 | 900 | 3 माह |
| 25 | तरौली में तरौली पुलिया से गुरौली कुलावा तक खड़न्जा मरम्मत कार्य। | 713 m | 9.930 | 99300 | 900 | 3 माह |
| 26 | ग्राम पंचायत सहोरा रामापुर में विपिन के घर से गोविन्द के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 140 m | 9.937 | 99370 | 900 | 3 माह |
| 27 | ग्राम पंचायत कुतुआपुर में डामर रोड़ से सामुदायिक शौचालय तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 160 m | 9.936 | 99360 | 900 | 3 माह |

## निविदा की शर्ते निम्नवत है-

1. निविदा के निर्माण कार्य की दरे प्रतिशत् में उल्लेख करना अनिवार्य है। एवं पैसे में प्रस्तुत निविदा मान्य न होगी।
2. निविदादाताओं को प्रपत्र के साथ रू0 200.00 का स्टाम्प एवं रू0 100 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर एवं नोटेरी शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता आयकर देने वाला हो तथा वणिज्य कर कार्यालय मं पंजीकृत हो जिस पर जी0एस0टी0 नं0 अंकित हो की प्रमाणित पैन नम्बर एवं जी0एस0टी0 नम्बर की छायाप्रति व हैसियत प्रमाण-पत्र की प्रति अवश्य संलग्न की जाये ।
4. निविदादाताओं को निविदा स्वीकृत होने पर नियमतानुसार टैक्स की अनुमन्य कटौती की जायेगी ।
5. निविदा के साथ कालम-5 में अंकित जमानत धनराशि सम्बन्धित कार्यो के अनुसार आवश्यक संलग्न होनी चाहिये कुल धरोहर धनराशि में से 02 प्रतिशत की राष्ट्रीय बैंक से निर्मित फीक्स डिपाजित रसीद, एन0एस0सी0 पोस्ट ऑफिस पासबुक जोकि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम-हरदोई के पदनाम से एक वर्ष की अवाधिक तक बंधक हो तथा 8 प्रतिशत धरोहर की बिल से कटौती की जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा निरस्तकर की जायेगी। जिसके सम्बन्ध में आपका कोई भी दावा मान्य नही होगा।
6. फर्म/ठेकेदार कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृत के पश्चात् कार्य स्थल पर निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण होने की अवधि वर्षा एवं गर्मी के मौसम को सम्मिलित करते हुए की गयी है जिसके सम्बन्ध मं कोई भी दावा मान्य न होगा।
7. कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में विवाद निपटारा होने तक निर्माण कार्य का कोई भी भुगतान नही किया जायेगा, और न ही भुगतान सम्बन्धी को दावा आपत्ति मान्य होगा।
8. ऐसे निविदादाता जोकि राज्यवार काउंसिल में पंजीकृत है को टेण्डर प्रक्रिया में भागीदारी की अनुमति नही है।
9. एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
10. बीजक के बिल से नियमानुसार आयकर/जी0एस0टी0/जमानत धनराशि एवं अन्य अनुमन्य कटौती पर भुगतान होगा।
11. सशत् निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं समस्त बादों का न्याय क्षेत्र न्यायालय हरदोई के अधीन होगा।

**(श्री सतेन्द्र सिंह)**
**प्रमुख क्षेत्र पंचायत**
**बिलग्राम- हरदोई।**

**(आल मो0 काजमी)**
**खण्ड विकास अधिकारी,**
**बिलग्राम- हरदोई।**

# संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने के बाबत सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/ओबरा।** बहुजन सशक्तिकरण संघ के कार्यकर्ताओं ने एस सी, एस सी एस टी व पिछडा वर्गो के आरक्षण को भारतीय संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए शनिवार को राज्यपाल को सम्बोधित प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी ओबरा को सौंपा। कार्यकर्ताओं का नेतुत्व कर रहे बहुजन सशक्तिकरण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार डिम्पल ने बताया कि देश में कुछ जिम्मेदार संवैधानिक संस्थाओं द्वारा एससी/एसटी/ओबीसी एकता व आरक्षण को किमीलेयर सिद्धान्त द्वारा ध्वस्त करने की नीयत साफ दिखाई दे रही है। निजी क्षेत्र में प्रबंधन स्तर पर एससी/एसटी/ओबीसी का प्रतिनिधित्व न के बराबर है। आज भी प्रतिदिन औसतन 125 अभियोग एससी /एसटी एक्ट के दर्ज हो रहे है जिनमें शिकार होने वालो में जाति आधार रहता है। अधिकारी कर्मचारी नेता नहीं देखा जाता है। साक्षात्कार में हर भर्ती आयोग एससी/ एसटी/ ओबीसी के सभी उम्मीदवारों को कम अंक दिये जाते है। आरक्षण प्राप्तकर्ताओं को बांटकर आरक्षण का दबाव बनाने वाले, संरक्षण करने वाले नेता, अधिकारी, कर्मचारी को अलग करके आरक्षण पूरा करते समय कह देगें कि योग्य अभ्यार्थी नहीं मिला। देश से जातिवाद खत्म करने हेतु संवैधानिक संस्थाओं में बैठे लोगो को दिखाई नहीं देता है। एससी/ एसटी/ ओवीसी का बंटवारा करना ही संवैधानिक संस्थाओं में बैठे लोगो का मकसद बनकर रह गया है। आगे कहा की हम सभी सरकार से मांग करते है की एसएसी/एसटी आरक्षण मामले में किमीलेयर का आदेश न होने दिया जाये, ओबीसी का किमीलेयर खत्म किया जाये, देश में जातियों का विनाश हेतु जातिबन्दी कानून बनाया जाये, यह कि केन्द्र व राज्य सरकारों की सभी परीक्षाओं में साक्षात्कार समाप्त किया जाये तथा एससी0/ एसटी/ ओबीसी आरक्षण कानूनों को 9वीं अनुसूची में डालकर ज्यूडिशियल रिव्यू से हटाया जाये। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद, संजय कनौजिया, दिनेश कुमार, विकास कुमार, संजय ठाकुर, चंद्रकांत राव, डब्लू रंगीला, दीपक विश्वकर्मा, गजेंद्र भारती, अनंत राम, सूरज, अजय कुमार, विशाल, सुशील, अमरजीत कुमार, धीरज कुमार, रोहित कुमार इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# चेयरमैन ने सीसी सड़क का किया शिलान्यास



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ चोपन।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 प्रितनगर में रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली के द्वारा सीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास पूजा अर्चना करते हुए किया। सीसी सड़क निर्माण के शिलान्यास का कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष उस्मान अली ने बताया कि सड़क निर्माण से यातायात में लोगों को सहुलियत मिलेंगी। आवागमन में हो रही परेशानियों से लोगों को निजात मिलेगी। सबका साथ सबका, विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए नगर पंचायत चोपन विकास के परिदृश्य पर एक नया आयाम स्थापित करेगा। बता दे कि यह कार्य नगर विकास योजना के तहत नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 प्रीतनगर में लक्ष्मण ठाकुर के घर से देवलाल के घर तक प्रस्तावित है। स्थानीय लोगो ने सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने पर खुशी व्यक्त किया है। तो वहीं उनके साथ मौजूद वार्ड नंबर 8 के सभासद रामपरिखा विश्वकर्मा ने सड़क निर्माण के लिए अध्यक्ष उस्मान अली को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। इस दौरान जीतू सिंह, कुशल सिंह, अमित सिंह, मनोज चौबे, देवलाल, धनंजय श्रीवास्तव, अनीश अहमद, राकेश सिंह, लिपिक अंकित पांडेय, सत्य प्रकाश तिवारी, बंटी सिंह, जितेंद्र पासवान, विवेक यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# शक्ति संवाद, चाय पर चर्चा में किए वादा पूरा कर रही भाजपा सरकार: रूबी

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र द्वारा शक्ति वंदन अभियान, स्वयं सहायता समूह एवं एनजीवो सम्पर्क के अंतर्गत शक्ति संवाद, चाय पर चर्चा का कार्यक्रम आज रामलीला मैदान राबर्ट्सगंज मे सम्पन्न हुआ जिसमे बतौर मुख्यअतिथि के रुप मे पूर्व विधायक/चेयरमैन नगर पालिका रुबी प्रसाद जी विशिष्ट अतिथि के रुप मे भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद/जिला महामंत्री महिला मोर्चा गुडिया त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि रुबी प्रसाद ने कहा कि आज से 75 वर्ष पूर्व के समय को देखा जाय तो नारी सशक्ति के अंतर्गत विगत की पूर्व सरकारो ने लगातार उपेक्षित रखा 2014 मोदी जी की सरकार आने के बाद से आज देश भर में समूहो व एनजीवो को प्राथमिकता देते हुए नारी सशक्तिकरण को तीव्र गति से मजबूत करने का व हर क्षेत्र मे सहभागी बनने का महिलाओं का सपना साकार हुआ है आज महिलाएं स्वावलंबी बनी है, बहुत सारी हमारी बहने समूह के माध्यम से लखपति दीदी बन चुकी है, और आने वाले समय मे मोदी जी के नेतृत्व मे हमारी बहने समाज के हर क्षेत्र में सबसे अग्रणी भूमिका मे दिखाई देंगी और नारी शक्ति वंदन अभियान में मूल रूप से स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से संपर्क पर जोर रहेगा. यह संगठन तमाम महिलाओं तक आसानी से पहुंच बना सकेंगे. इसके तहत 22 फरवरी को प्रधानमंत्री लाइव संवाद करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि आज समाज के हर क्षेत्र में चाहे वह देश के विकास की बात हो या देश की आर्थिक स्थिति मे योगदान की बात हो हमारे समूह व एनजीवो के कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है, समूह व एनजीवो के माध्यम से हमारे देश की नारी शक्ति बहुत सशक्त हुयी है। और कहा कि आप सभी धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट करते है। कार्यक्रम संयोजक अजीत रावत ने कहा कि आज से लगभग 10 वर्ष पहले महिलाएं अपने घर से बाहर निकलने मे भी अपने आप को असहज महसूस करती थी उनका मान सम्मान सुरक्षित नही रहता था जैसे ही मोदी जी के नेतृत्व मे देश मे सरकार बनी सबसे पहले मोदी जी ने महिलाओं के सम्मान हेतु पूरे देश मे करोड़ो शौचालयों का निर्माण कराया।

# अवैध रूप से मछली के शिकार की दी तहरीर

**अवधनामा संवाददाता**

**कुरारा/हमीरपुर।** जनपद कानपुर के घाटमपुर क्षेत्र के मत्स्य जीवी सहकारी समिति के अध्यक्ष ने बचरौली से मनकी गांव तक यमुना नदी में पट्टा होने पर मछली का शिकार करा रहे हैं। वही कुछ लोग मछली का शिकार चोरी से कर रहे हैं। ठेकेदार ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। मत्स्य जीवी सहकारी समिति घाटमपुर कानपुर के अध्यक्ष राम गुलाम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि समित का यमुना नदी में बचरौली गांव से मनकी गांव तक दोनो पार का पट्टा स्वीकृत हैं।जिसमे समिति द्वारा मछली का शिकार किया जा रहा है। जिसमे मंगलपुर के मूल सिंह, व गेंदालाल ने हमारे चौकीदार सुरेंद्र के साथ मारपीट की।जिसकी शिकायत चौकी हरौलीपुर में की थी। बचरौली गांव निवासी गुड्डू पुत्र रामकिशन चोरी से मछली का शिकार करबिक्री कर रहा था। काम देख रहे राजू सिंह ने मना किया तो उसके साथ गाली गलौज की। तथा जान से मारने की धमकी दी। ठेकेदार ने जबरन मछली का शिकार करने पर रोक लगाए जाने की मांग की है। तथा कार्यवाही करने की मांग थाना पुलिस से की है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी बैठक संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** शहर कांग्रेस कमेटी सोनभद्र की बैठक शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष माननीय राहुल गांधी जी द्वारा चलाई जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश पर शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी द्वारा चंदौली में जोरदार स्वागत करने की इच्छा जताई गई ।बैठक को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश के चंदौली बॉर्डर नौबतपुर में अभी प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 फरवरी को दिन में प्रवेश करेगी और चंदौली के सैयद राजा में राहुल गांधी की एक सभा होगी जिसमें सोनभद्र शहर और जिला से हजारों कार्यकर्ता पदाधिकारी यात्रा का स्वागत करने के लिए चंदौली जाएंगे और राहुल गांधी जी द्वारा पांच न्याय की मांगों का पूरे जनपद में प्रचार प्रसार किया जाएगा शहर के प्रत्येक वार्डो में शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी घर-घर जाकर यात्रा का संदेश 11 फरवरी से 14 फरवरी तक देंगे और भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए लोगों को आमंत्रित करेंगे । बैठक में शहर अध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी, मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड पूर्व प्रदेश सचिव श्री कमलेश ओझा, यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आशुतोष दुबे शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विशिष्ट कुमार विमल, प्रदीप कुमार चौबे, महासचिव रेखा सिंह, प्रांजल श्रीवास्तव, अजीत बियार, सचिन, मुस्तफा खान, संतोष यादव, जनार्दन पाठक, राधेश्याम गोस्वामी, मनोज कुमार गुप्ता, लाल बहादुर वर्मा, हरिहर प्रसाद, ब्रह्म नगर मंडल के अध्यक्ष नितेश चंद सोनकर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री बाबूलाल पनिका जी उपस्थित रहे।

# नशे में मजदूर ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

**अवधनामा संवाददाता**

**शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव में हुई घटना**

**बांदा।** शराब के नशे में घर आए मजदूर को परिजनों ने घर में डांट दिया। यह डांट उसको इतनी नागवार गुजरी कि उसने साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिवारीजनों ने देखा तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव निवासी अज्जू यादव (26) पुत्र विजय यादव शुक्रवार रात शराब के नशे में घर पहुंचा। इस पर परिजनों ने उसे शराब पीने को लेकर डांट दिया। यह डांट उसे इतनी नागवार गुजरी कि उसने शराब के नशे में शुक्रवार की रात कमरे में पहुंचा और वहां पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर के बाद पत्नी नेहा ने देखा तो चीख पड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के साथ कागजी कार्रवाई की। मृतक के बड़े भाई राजकुमार ने बताया कि मृतक के एक पुत्री और एक पुत्र है। पिता खेत बटाई में लेकर किसानी करते हैं। घटना के समय वह खेत में पानी लगाने गए हुए थे। मां का नाम तिजिया बताया गया। घटना के बाद से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 42 वें एनटीपीसी रिहंद स्थापना दिवस पर संगीत संध्या का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद के 42वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ की गयी तथा उपस्थित लोगों द्वारा एनटीपीसी गीत भी गाया गया।

एनटीपीसी के उपलब्धियों के प्रतीक के रूप मे रंग बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। तत्पश्चात मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी रिहंद के स्थापना के इन 41 वर्षों में हमने सफलता की जिन ऊँचाइयों को छुआ है, उसके पीछे आप सभी का अमूल्य योगदान है। हमारी कम्पनी के कर्मठ कर्मचारियों, गृहणियों, बच्चों आदि ने अपने वास्तविक कर्मक्षेत्र में दक्षता प्राप्त करने के साथ-साथ सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यो में जो रुचि दिखाई है, उसपर मैं गर्व का अनुभव करता हूँ। आप सभी के कठिन परिश्रम का ही परिणाम है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 31 जनवरी 2024 तक हमने 19696.92 एमयू विद्युत उत्पादन किया है। कार्यक्रम कि अगली कड़ी में संगीत संध्या का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में आए कलाकार इंडियन आइडल 12 के विजेता श्री पवनदीप राजन ने अपने मनमोहक आवाज़ से उपस्थित लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। इंडियन आइडल 12 की प्रतिभागी सुश्री अरुणिता कांजीलाल ने अपनी सुरीली एवं मधुर आवाज़ से सबका मन मोह लिया। तथा कार्यक्रम में आए हास्य कलाकार ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को हंसाकर लोट-पोट कर दिया। हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने इन कलाकारों की जम के तारीफ की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधक (परियोजना) देबदत्त सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन) एसके श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) आरएन सिन्हा, महाप्रबंधक (एडीएम) एसएस प्रधान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (रिहंद) डॉ. मोनिषा किलश्रेष्ठा, अपर महाप्रबंधक (मा. सं.) जाकिर खान, अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल समिती अनीता मेदीरत्ता, वर्तिका महिला मण्डल समिति की पदाधिकारी महिलाएं, डीसी सीआईएसएफ़, विभिन्न यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण, मीडियाकर्मी, कर्मचारीगण तथा हजारों की संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे।

## अचानक बिगड़ गई युवक की हालत, मौत

**बांदा।** गाजियाबाद में रह रही पत्नी घर नहीं आई। आठ माह का समय गुजर जाने के बाद पति बार-बार अपनी पत्नी को घर बुला रहा था। इसी परेशानी की वजह से वह शराब पीने लगा। शराब के नशे में शुक्रवार की रात उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए, वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शहर के अलीगंज इलाके में सट्टन चैराहा निवासी वाहिद (25) पुत्र चुन्ना खान की पत्नी शबा लगभग आठ महीने के पहले गाजियाबाद चली गई थी। वाहिद ने अपनी पत्नी को कई बार घर बुलाया, लेकिन पत्नी घर आने के लिए तैयार नहीं थी। इसके चलते वाहिद बहुत परेशान रहने लगा और जमकर शराब पीने लगा। शुक्रवार की रात अधिक शराब पीने की वजह से उल्टियां होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए।

# सीएमओ ने फाईलेरिया अभियान का किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** शनिवार से आखिर फरवरी तक चलने वाले फाईलेरिया महा अभियान का मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया हालांकि इसके पहले फाईलेरिया अभियान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया था।फाईलेरिया उन्मूलन को लेकर जनपद को फाईलेरिया मुक्त करने के उद्देश्य से शनिवार को कस्बे के सरकारी अस्पताल में फीता काटकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीतम सिंह ने शुभारंभ किया।इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य स्टाफ ने फाईलेरिया की दवा खाई। साथ ही जगह जगह फाईलेरिया उन्मूलन के लिए बनाए गए बूथों पर भी फाईलेरिया की दवा खिलाई गई।साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीतम सिंह ने सरकारी अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी और मरीजों से बातचीत की। बताते चलें कि फाईलेरिया उन्मूलन के अभियान में सरकारी अस्पताल के स्टाफ के साथ ही नगरपालिका के सभासद, आंगनबाड़ी, ए.एन.एम.के साथ ही प्राईमरी स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाओं को भी लगाया गया है जो उम्र के अनुसार डोर टू डोर जाकर आम लोगों को फाईलेरिया की दवा खिलाएंगे।इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डा.रजत रंजन तिवारी, डा.उमाकांत, डा.शानिब शाहिद, डा.संदीप पाल.डा.शाहिद, अजय शिवहरे, अंकित सचान, अखिलेश सचान, सोम नारायण त्रिपाठी सहित स्टाफ मौजूद रहा।वहीं कस्बे के प्राथमिक विद्यालय प्राचीन उपरौस के प्रधानाचार्य मोहम्मद सईद सिददीकी के नेतृत्व में स्कूल में बच्चों को फाईलेरिया की दवा खिलाई गई इस दौरान वार्ड सभासद अरविंद कुमार सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# चुनाव पाठशाला लगा कर हुई शिक्षक अभिभावक गोष्ठी

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर** आलोक सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर के निर्देशन में जनपद के सभी बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में 10 फरवरी 2024 को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी (पीटीएम) व चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। राहुल पांडे जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर इसी के साथ प्रत्येक विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया। जिसमें सभी अभिभावकों को थीम वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम में मतदान का महत्व बताया गया। प्रत्येक विद्यालय में स्वीप थीम सहित मतदाता जागरूकता अभियान का बैनर मुख्य द्वार पर स्थाई रूप से लगा रहेगा। जिसे ग्राम के वोटरों को जागरूक करने और आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापको व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा कम मतदान प्रतिशत वाले ग्रामों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और एक अच्छा लोकतंत्र बनाने मे सहयोगी बनेंगे। आज जनपद के सभी बेसिक विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का कोआर्डिनेशन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर के अवलोकन मे अजीत कुमार निगम नगर शिक्षा अधिकारी एवं अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर ने किया। बच्चों द्वारा इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब व ब्रांड एम्बेसडर के रूप में रैली तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जन-जागरूकता कर मतदाताओ को जागरूक किया जा रहा है।

# खरई और बैंदा खदान संचालकों की मनमानी खनिज विभाग को परेशानी

**इकबाल के तगड़े मैनेजमेंट के सहारे लूट रहे है लाल सोना**

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** इकबाल खान के तगडे मैनेजमेंट के सहारे बेंदा घाट और खपटिहा के खरई मौरंग खड के संचालक पहलवान ट्रेडर्स द्वारा खुले आम अपने दोनो खंडो से ओवरलोड मौरंग से लदे ट्रक निकाले जा रहे हैं। इन दिनों जनपद मे मौरंग खनन कारोबारियों और खनिज विभाग के बीच एक अजीब सा खेल चल रहा है जिसमे प्रत्यक्ष तौर पर दोनो एक दूसरे का विरोध कर रहे है जबकि अप्रत्यक्ष रूप से दोनो के बीच म्यूचुअल अंडरस्टैंडिंग का गठबंधन है। खरई और बेंदा खदान संचालक की खदानो से ही निकल रही है ओवरलोड मौरंग की गाडियां प्रशासन की तगडी नाकेबंदी और जिलाधिकारी के तीखे तेवरों के बावजूद भी खंड से ओवरलोड वाहन कैसे निकल सकते हैं जबकि प्रत्येक खदान मे प्रशासन ने राजस्व पुलिस और खनिज विभाग के सहयौग से अपने कर्मचारी भी लगा रखे कि ओवरलोड मौरंग के वाहन पर प्रतिबंध लग सके परंतु खपटिहा के खरई खदान के संचालक महोदय और उनके सिपहसालार इकबाल खान की जबरदस्त सहयौगी नीति से जनपद मे ओवरलोड मौरंग के ट्रक लगातार निकल रहे है। प्रशासन के सख्त निर्देश हे कि खदान से ही ओवरलोड पर अंकुश लगाया जाये जिससे ओवरलोड को बढावा ना मिले परंतु खदान संचालको की सेटिंग के आगे , मौरंग तौलने वाले धर्मकांटे के कैमरे भी मानो नतमस्तक हो जाते है और औवरलोड ट्रक कांटे पर पूरी धूर्तता के साथ कैमरों को धोखा देकर लखनऊ मे मानीटरिंग कर रहे लोगो को धोखा दे रहे हैं।

## फांसी लगाकर युवक ने की जान देने की कोशिश

**बांदा।** चाचा और भतीजे के बीच हुई कहासुनी से नाराज चाचा ने कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। परिजनों ने देखा तो फंदा काटकर नीचे उतारा और जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहां उसका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताई है।

मामला शहर के बिजलीखेड़ा मोहल्ले का है। वहां रहने वाला राजेंद्र कुमार (40) पुत्र राजेंद्र कुमार अपने भतीजे प्रदीप कुमार के साथ पूना काम पर गए हुए थे। कुछ दिन पूर्व ही चाचा और भतीजे घर वापस आ गए थे। शनिवार की दोपहर को घर में मौजूद चाचा और भतीजे के बीच किसी बात को लेकर तकरार हो गई। इससे नाराज होकर चाचा राजेंद्र ने कमरे के अंदर दरवाजा बंद करने के बाद रस्सी से फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। किसी तरह से घर के लोग कमरे के अंदर पहुंचे और फंदा काटने के बाद राजेंद्र को नीचे उतारा और जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### अलग अलग दो सड़क हादसों में तीन गंभीर

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में हुए अलग अलग दो सड़क हादसों में तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं जिनमें से दो को रेफर कर दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरदना निवासी शिवम सिंह (58) पुत्र जयकरन सिंह और बरभौली निवासी शिवम (26) पुत्र रामकिशोर, इंद्रजीत (28) पुत्र सददू सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से शिवम और इंद्रजीत को गंभीर चोंटो के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल दोनों को गंभीर चोटें बताई जा रही है।

### समाधान दिवस पर आई तीन शिकायतें

**मौदहा हमीरपुर।** महीने के दूसरे शनिवार के मौके पर कस्बे की कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने की। इस दौरान कुल तीन शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से दो शिकायतें राजस्व विभाग से सम्बंधित दो शिकायतें दर्ज की गई। और पुलिस विभाग से जुड़ी एक शिकायत दर्ज की गई जिसे मौके पर निस्तारित कर दिया गया। वहीं राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतें निस्तारण के लिए भेजी गई हैं। इस दौरान कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### समाधान दिवस के अवसर दर्ज की गई तीन शिकायते

**हमीरपुर।** कुरारा स्थानीय थाना परिसर में समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे तीन शिकायती पत्र दर्ज किए गए।थाना परिसर में आयोजित समस्या समाधान दिवस में तीन शिकायती पत्र राजस्व से संबंधित दर्ज किए गए। जिनके निस्तारण के लिए संबंधित लेखपाल को दिए गए। राजस्व विभाग के अधिकारी व थाना प्रभारी योगेश तिवारी व समस्त लेखपाल मौजूद रहे।

### शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**हमीरपुर** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना जरिया पुलिस द्वारा अभियुक्त पवन कुमार राजपूत पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम सिकरौदा थाना चिकासी को एक अदद तमंचा 315 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया। अभियुक्त के खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे जनपद वी जनपद के बाहर दर्ज हैं।

### करंट से अधेड़ झुलसा, अस्पताल में भर्ती

**बांदा।** घरेलू कामकाज के दौरान बिजली का तार छू जाने से अधेड़ करंट से आहत हो गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसका उपचार किया गया। गिरवां थाना क्षेत्र के खुरहंड गांव निवासी राजेंद्र (50) शनिवार दोपहर घर में काम कर रहा था, तभी बिजली का तार छू जाने से वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया।

# जिलाधिकारी ने स्कूल में बच्चों को खिलाई फाइलेरिया की दवा

**अवधनामा संवाददाता**

**मच्छरदानी लगाकर सोएं, साफ-सफाई का रखें विशेष ख्याल**

**संत तुलसी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम**



**बाँदा।** इन्दिरा नगर स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने शान्वी सिंह व उन्नति गुप्ता को फाइलेरिया की दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। साथ ही उन्होने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बीमारी हाथी पांव के नाम से भी जानी जाती है।

जिलाधिकारी ने बच्चों को बीमारी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस बीमारी से बचाव के लिये मच्छरदानी, साफ-सफाई व कहीं भी गन्दे पानी का एकत्र न होने के साथ फुल आस्तीन के कपडे पहनने की सलाह दी। फाइलेरिया अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को दवा खिलायेंगी। सभी बच्चों को यह दवा खाना आवश्यक है। छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाओं व गम्भीर रूप से बीमार रोगियों को यह दवा नहीं खानी है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर जगनायक यादव ने भी बच्चों को बीमारी से संबंधित जानकारियां दी। विद्यालय के चिकित्साधिकारी डा. जगदीश नारायण चन्सौरिया ने फाइलेरिया के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए बचाव के लिए दवा लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी को विद्यालय के प्रबन्धक संत कुमार गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के डा. मनीष कुमार गुप्ता व भागवत प्रसाद मेमोरियल के प्रबन्धक द्वारा गुलदस्ता भेंट किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा एसीएमओ डा. अजय कुमार, डीएमओ डा. पूजा अहिरवार, एमआई भानुप्रताप सिंह व रवि राज तथा डब्ल्यूएचओ तथा एनजीओ की टीम के साथ एफआई सुनील कुमार जी मौजूद रहे। कुल 372 बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई।


कार्यालय-आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी, सिद्धार्थनगर
गणतंत्र दिवस, माघ मौनी अमावस्या की हार्दिक शुभकामनाएं
71 वां माघ मेला एवं प्रदर्शनी
स्व.पं. राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा वर्ष 1954 में संस्थापित
आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी द्वारा आयोजित माघ मेला एवं प्रदर्शनी
दिनांक–08 फरवरी 2024 से
10 मार्च 2024 तक
बांसी माघ मेला एवं प्रदर्शनी का भव्य शुभारम्भ
08 फरवरी 2024 को समय 12:00 बजे दिन
मेले का मुख्य आकर्षण
सर्कस, थियेटर, ड्रामा, डान्स पार्टी, काला जादू, झूला, ब्रेक डान्स, भूत बंगला, मारूती कार वाला कुआं, हवाई झूला तथा प्रसिद्ध स्टाल एवं शासकीय विभागों की प्रदर्शनी, लोक जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि।
पवन अग्रवाल
जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर
उमाशंकर
अपर जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर
प्राची सिंह
पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर
जयेन्द्र कुमार
मुख्य विकास अधिकारी, सिद्धार्थनगर
कुणाल
उपजिलाधिकारी, बांसी सिद्धार्थनगर
मुकेश कुमार
अधिशासी अधिकारी
आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी
जमील अहमद
लिपिक
अमरेन्द्र कुमार
लिपिक
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
चमन आरा राईनी
अध्यक्ष
आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी
सम्मानित सभासदगण
मैना देवी नेहरू नगर
आशा यादव राप्ती नगर
सत्यनरायन पटेल नगर
श्याम बाबू पन्त नगर
ध्रुव चन्द्र आर्य नगर
प्रतिमा वर्मा प्रताप नगर
रवि कुमार अग्रहरि श्याम नगर
खालिद खां ईशा नगर
ज्योति चौधरी रानी लक्ष्मी नगर
साकीर निराला नगर
अकरम अली अशोक नगर
पप्पू मौर्या अम्बेडकर नगर
मीना देवी इन्दिरा नगर
मोमिना शास्त्री नगर
बुद्धिराम प्रजापति निषाद नगर
शकील खान शंकर नगर
अशफाक अहमद गौतम बुद्ध नगर
अनुराधा गांधी नगर
चन्द्र कुमार राजेन्द्र नगर
अकबर अली टेकधर नगर
मेला प्रभारीगण
बरकत अली राईनी लोहिया नगर
परमात्मा पशुपति नगर
सरिता आजाद नगर
गीता सुभाष नगर
शमा आरा अकबर नगर
एवं समस्त नगर पालिका परिषद बांसी के कर्मचारीगण